24 वर्षों से देश के लिये समर्पित.....

हिन्दी दैनिक

# यूथ इंडिया

सच्चाई की दहकती आग...

Youth India News Group

लखनऊ से प्रकाशित

गुरुवार| 19 नबम्बर 2026

मूल्य 5.00 रुपये

वर्षः 10 | अंकः 180| पृष्ठः 12

आरएनआई नं.: UPHIN/2016/68199

3 सख्त संदेश : कानून व्यवस्था.....

6 'चिड़ियों का लोकतंत्र': सत्ता, समाज.....

11 आवास विकास में पूर्व विधायक.....



### तापमान मीटर

| | | |
|---|---|---|
| नई दिल्ली | 19° | 26° |
| कोलकाता | 22° | 30° |
| चेन्नई | 26° | 30° |
| मुंबई | 24° | 35° |
| लखनऊ | 18° | 30° |

### शेयर बाजार

सेंसेक्स 82031.81

निफ्टी 25227.95

### सर्राफा बाजार

सोना 1,34,985.00 रुपए प्रति दस ग्राम

चांदी 1,85,000.00 रुपए प्रति किलो

## एक नजर

### ऐशबाग में भीषण आग से 18 झोपड़ियां जलकर राख

**लखनऊ।** बाजारखाला के ऐशबाग स्थित तिलकनगर में बुधवार शाम झोपड़ियों में भीषण आग लगने से इलाके में अफरा-तफरी मच गई। आग मलका कर्बला के पीछे खाली जमीन पर बनी झोपड़ियों में लगी थी। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया और आसपास की झोपड़ियों को अपनी चपेट में ले लिया।

### बॉम्बे हाईकोर्ट ने बीएमसी को लगाई फटकार

**मुंबई।** बॉम्बे हाईकोर्ट ने बुधवार को शहर की सफाई व्यवस्था को लेकर बीएमसी को फटकार लगाई। कोर्ट ने सवाल किया कि वीआईपी के आने पर ही सड़कें साफ क्यों होती हैं, आम नागरिकों को ऐसी सुविधाएं क्यों नहीं मिलतीं? अदालत ने कहा कि खास मेहमानों के आने पर दो दिन सफाई का दिखावा करने के बजाय शहर को हमेशा साफ-सुथरा रखना चाहिए।

### सीजेआई पर टिप्पणी करने वाले वकील को सुप्रीम कोर्ट का अवमानना नोटिस

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने छ्छ्ठ्ठ सूर्यकांत पर आपत्तिजनक टिप्पणी करने वाले वकील को बुधवार को अवमानना नोटिस जारी किया। यह कार्रवाई सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन की याचिका पर की गई।

### चक्रवात अकवान का खतरा

**भुवनेश्वर।** संभावित चक्रवात अकवान को देखते हुए ओडिशा के खुर्दा जिले में प्रशासन ने सतर्कता बढ़ा दी है। चक्रवात के खतरे को ध्यान में रखते हुए जिले के सभी सरकारी अधिकारियों और कर्मचारियों की छुट्टियां रद कर दी गई हैं। प्रशासन ने आपात स्थिति से निपटने के लिए जरूरी तैयारियां शुरू कर दी हैं।

### मुंबई एयरपोर्ट पर स्पाइसजेट की फ्लाइट्स में 9 घंटे की देरी

**मुंबई।** मुंबई एयरपोर्ट पर मंगलवार शाम स्पाइसजेट की कई उड़ानों में देरी के चलते सैकड़ों यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। शाम 7 बजे के बाद एयरलाइन की कोई फ्लाइट रवाना नहीं हुई।

दिल्ली की प्रदूषित हवा पर सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणी

# पहले एक्यूआई कम होने दें, फिर बेटे को बुलाएं: सुप्रीम कोर्ट

यूथ इंडिया, नई दिल्ली

दिल्ली में बढ़ते वायु प्रदूषण का असर अब सुप्रीम कोर्ट की सुनवाई के दौरान भी देखने को मिला। बुधवार को पिता और बच्चों के बीच मुलाकात से जुड़े एक मामले की सुनवाई के दौरान जस्टिस जेबी पारदीवाला ने दिल्ली की खराब हवा पर हल्के-फुल्के अंदाज में टिप्पणी की। उन्होंने पिता को सुझाव दिया कि जब तक दिल्ली की हवा में सुधार नहीं होता, तब तक वह अपने बेटे को सिंगापुर से यहां न बुलाएं।

जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस केवी विश्वनाथन की पीठ



वैवाहिक विवाद और बच्चों की कस्टडी से जुड़े मामले की सुनवाई कर रही थी। दिल्ली में रहने वाले पिता ने आरोप लगाया कि उनकी अलग रह रही पत्नी ने अदालत के आदेश के बावजूद बच्चों को सिंगापुर भेज दिया, जिससे उनके मुलाकात के अधिकार प्रभावित हुए। सुनवाई के दौरान बेटा भी सिंगापुर से ऑनलाइन जुड़ा था। अदालत ने पिता को समय-समय पर सिंगापुर जाकर बेटे से मिलने और बेटी को एक सप्ताह के लिए अपने पास बुलाने का सुझाव दिया।

पिता ने अदालत के सुझाव पर सहमति जताते हुए कहा कि बेटे को स्कूल की छुट्टियों में दिल्ली भी आना चाहिए। इस पर जस्टिस पारदीवाला ने टिप्पणी की कि पहले दिल्ली का एक्यूआई थोड़ा नीचे आने दीजिए, क्योंकि सिंगापुर की हवा बहुत साफ है। सुनवाई के दौरान वरिष्ठ अधिवक्ता सिद्धार्थ लूथरा ने भी मजाकिया अंदाज में कहा कि प्रदूषण से बचने के लिए सभी को सिंगापुर चले जाना चाहिए। इस पर जस्टिस पारदीवाला ने जवाब दिया, अगले जन्म में।

गौरतलब है कि दिल्ली में पिछले कई दिनों से वायु गुणवत्ता बहुत खराब और गंभीर श्रेणी में बनी हुई है। प्रदूषण के बढ़ते स्तर ने आम लोगों के स्वास्थ्य और दैनिक जीवन को प्रभावित किया है। सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई के दौरान की गई यह टिप्पणी राजधानी की बिगड़ती वायु गुणवत्ता की गंभीर स्थिति को भी रेखांकित करती है।

# ब्रिटिश शाही जोड़े का भारत दौरा समाप्त, पीएम मोदी से की मुलाकात

यूथ इंडिया, नई दिल्ली



ब्रिटेन के राजकुमार प्रिंस विलियम और राजकुमारी केट मिडलटन ने बुधवार को अपने तीन दिवसीय भारत दौरे के अंतिम दिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की। नई दिल्ली में हुई इस मुलाकात के साथ ही शाही जोड़े का भारत दौरा संपन्न हो गया। बैठक में भारत और ब्रिटेन के बीच संबंधों को मजबूत करने तथा भविष्य में सहयोग बढ़ाने से जुड़े मुद्दों पर चर्चा हुई।

इस दौरे का मुख्य उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण और जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए किए जा रहे प्रयासों को बढ़ावा देना था। प्रिंस विलियम की ओर से स्थापित अर्थशॉट प्राइज के छठे पुरस्कार समारोह में दोनों शामिल हुए। इस समारोह में पर्यावरण के क्षेत्र में बेहतर समाधान विकसित करने वाले पांच विजेताओं को सम्मानित किया गया।

मुंबई में अपने दौरे के दौरान विलियम और केट ने क्रिकेट के दिग्गज सचिन तेंदुलकर और स्थानीय बच्चों के साथ गली क्रिकेट खेला। इसके अलावा उन्होंने मुंबई मेट्रो की यात्रा की और पर्यावरण संरक्षण से जुड़े कार्यक्रमों में हिस्सा लिया। प्रिंस विलियम ने फिल्म निर्माता करण जौहर से मुलाकात की, जबकि केट मिडलटन ने अस्पताल और हस्तशिल्प से जुड़े कार्यक्रमों में भाग लिया।

इस यात्रा का मकसद भारत और ब्रिटेन के बीच व्यापार, निवेश, रक्षा, सुरक्षा, तकनीक, शिक्षा, संस्कृति और स्वच्छ ऊर्जा जैसे क्षेत्रों में सहयोग को आगे बढ़ाना भी था। ब्रिटिश अधिकारियों के अनुसार, यह दौरा दोनों देशों के मजबूत होते संबंधों को प्रदर्शित करने का अवसर रहा। प्रधानमंत्री मोदी के साथ अंतिम मुलाकात के जरिए दोनों देशों की साझेदारी को भविष्य में और मजबूत करने पर जोर दिया गया।

# एलन मस्क के स्टारलिंक को टक्कर देंगे मुकेश अंबानी, रिलायंस बनाएगी 1,600 सैटेलाइट का नेटवर्क

यूथ इंडिया, नई दिल्ली

दुनिया के सबसे बड़े कारोबारी एलन मस्क की कंपनी स्टारलिंक को टक्कर देने के लिए मुकेश अंबानी की रिलायंस इंडस्ट्रीज ने बड़ी तैयारी शुरू कर दी है। कंपनी अंतरिक्ष में करीब 1,600 सैटेलाइट का नेटवर्क स्थापित करने की योजना बना रही है। इस परियोजना का उद्देश्य सैटेलाइट के जरिए तेज और बेहतर इंटरनेट सेवाएं उपलब्ध कराना है।



रिपोर्ट के मुताबिक, रिलायंस सितंबर 2027 में अपने इस सैटेलाइट नेटवर्क का पहला परीक्षण करने की तैयारी कर रही है। इसके लिए कंपनी अंतरिक्ष में सैटेलाइट भेजने और नेटवर्क से जुड़ी तकनीकी व्यवस्थाओं पर काम करेगी। इस परियोजना के सफल होने पर भारत में सैटेलाइट इंटरनेट सेवाओं के विस्तार को नई गति मिल सकती है।

इस योजना को आगे बढ़ाने के लिए रिलायंस अमेरिका से भी कम से कम 400 सैटेलाइट खरीदने की तैयारी में है। इससे कंपनी को अपने प्रस्तावित नेटवर्क को विकसित करने में मदद मिलेगी। हालांकि, सैटेलाइट की खरीद, लॉन्चिंग और नेटवर्क संचालन से जुड़ी पूरी प्रक्रिया में कई तकनीकी और नियामकीय मंजूरियां भी महत्वपूर्ण होंगी।

रिलायंस की इस महत्वाकांक्षी योजना को वैश्विक सैटेलाइट इंटरनेट बाजार में बढ़ती प्रतिस्पर्धा के रूप में देखा जा रहा है। फिलहाल एलन मस्क की स्टारलिंक इस क्षेत्र में प्रमुख कंपनियों में शामिल है। यदि रिलायंस की योजना सफल होती है तो इंटरनेट सेवाओं के क्षेत्र में मुकाबला बढ़ सकता है और आने वाले समय में उपभोक्ताओं को नए विकल्प मिल सकते हैं।

# रथ यात्रा से नहीं छिपेंगे सपा के पाप, घर-घर जाकर मांगे माफी: पंकज चौधरी

यूथ इंडिया, लखनऊ



उत्तर प्रदेश भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी ने समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के रोड शो और राजनीतिक गतिविधियों पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि रथयात्रा निकालने, नारेबाजी करने और बड़े राजनीतिक आयोजन करने से समाजवादी पार्टी अपने पुराने शासनकाल के कारनामों को नहीं छिपा सकती। उन्होंने अखिलेश यादव से जनता के बीच जाकर जवाब देने की बात कही।

पंकज चौधरी ने कहा कि समाजवादी पार्टी को अपने शासनकाल के दौरान हुई गलतियों के लिए घर-घर जाकर जनता से माफी मांगनी चाहिए। उनके मुताबिक, प्रदेश की जनता केवल राजनीतिक नारों और दिखावे से संतुष्ट होने वाली नहीं है, बल्कि वह सरकार के पुराने कामकाज का हिसाब चाहती है।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने सपा सरकार के कार्यकाल को लेकर अपराध, भ्रष्टाचार और परिवारवाद जैसे मुद्दे उठाए। उन्होंने महिलाओं की सुरक्षा को लेकर भी समाजवादी पार्टी से सवाल पूछे। पंकज चौधरी ने आरोप लगाया कि सपा के शासनकाल में इन मुद्दों पर गंभीर सवाल खड़े हुए थे, जिनका जवाब आज भी जनता जानना चाहती है।

उन्होंने कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव को देखते हुए विपक्षी दल राजनीतिक यात्राओं और आयोजनों के जरिए जनता को आकर्षित करने की कोशिश कर रहे हैं। लेकिन चुनाव में विकास, कानून-व्यवस्था और जनहित के मुद्दे महत्वपूर्ण रहेंगे। पंकज चौधरी के इस बयान से उत्तर प्रदेश में भाजपा और समाजवादी पार्टी के बीच राजनीतिक बयानबाजी तेज हो गई है।

# मछुआरा समाज को आरक्षण देने की मांग पर कैबिनेट मंत्री संजय निषाद ने हाईवे किया जाम

यूथ इंडिया, महराजगंज

मछुआरा समाज को अनुसूचित जाति में शामिल कर आरक्षण देने की मांग को लेकर बुधवार शाम करीब 4:30 बजे प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री एवं निषाद पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. संजय कुमार निषाद ने समर्थकों के साथ गोरखपुर-सोनौली हाईवे पर धरना देकर जाम लगा दिया। हाईवे जाम होने की सूचना मिलते ही जिला प्रशासन में हड़कंप मच गया। करीब एक घंटा 15 मिनट तक चले जाम के बाद भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी से फोन पर बातचीत के बाद धरना समाप्त हुआ।

डॉ. संजय निषाद पूर्व सांसद प्रवीण कुमार निषाद के साथ फरेंदा के पास उदितपुर स्थित इंटर कॉलेज में संवैधानिक अधिकार एवं सुरक्षा महासम्मेलन और पदयात्रा कार्यक्रम में शामिल होने पहुंचे थे। कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए उन्होंने मछुआरा समाज को अनुसूचित जाति में शामिल करने की मांग उठाई। इसके बाद सैकड़ों कार्यकर्ताओं के साथ हाईवे पर पहुंचकर धरने पर बैठ गए। मंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार ने मछुआरा समाज को अनुसूचित जाति में शामिल करने का वादा किया था, लेकिन अब तक इसे पूरा नहीं किया गया है।

उन्होंने कहा कि जनगणना का कार्य शुरू हो चुका है, इसलिए मछुआरा समाज को जल्द अनुसूचित जाति में शामिल किया जाए, ताकि समाज के लोगों को आरक्षण सहित अन्य सरकारी योजनाओं का लाभ मिल सके।

# तुष्टिकरण से संस्थाओं का हुआ था इस्लामीकरण: योगी

यूथ इंडिया, लखनऊ



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने एक निजी टीवी चैनल को दिए इंटरव्यू में समाजवादी पार्टी और कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा। आगामी चुनावों को लेकर विपक्षी दलों की नीतियों पर सवाल उठाते हुए उन्होंने आरोप लगाया कि सपा और कांग्रेस ने अपने शासनकाल में तुष्टीकरण की राजनीति को बढ़ावा दिया। इसी नीति के चलते कई संस्थाओं का इस्लामीकरण करने का प्रयास किया गया।

सीएम योगी ने कहा कि विपक्षी दलों ने हमेशा वोट बैंक की राजनीति को प्राथमिकता दी और समाज को बांटने का काम किया। उन्होंने आरोप लगाया कि सपा और कांग्रेस की सरकारों में कानून-व्यवस्था और प्रशासनिक व्यवस्था के साथ भी समझौता किया गया। मुख्यमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार किसी भी वर्ग के साथ भेदभाव किए बिना सभी के विकास और सुरक्षा के लिए काम कर रही है।

मुख्यमंत्री ने कानून-व्यवस्था के मुद्दे पर अपनी सरकार का बचाव करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश में दंगाइयों और अपराधियों के लिए कोई जगह नहीं है। उन्होंने अपने सख्त अंदाज में कहा, ÷हम दंगाइयों को दाग देते हैं।÷ योगी ने दावा किया कि प्रदेश में अपराध और अराजकता के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई गई है और कानून तोड़ने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जा रही है।

आगामी चुनावों के मद्देनजर मुख्यमंत्री ने विपक्ष पर हमला बोलते हुए कहा कि जनता अब तुष्टीकरण और परिवारवाद की राजनीति को समझ चुकी है। उन्होंने दावा किया कि भाजपा सरकार विकास, सुशासन और सुरक्षा के मुद्दे पर जनता के बीच जा रही है। योगी के इस बयान के बाद प्रदेश की राजनीति में सपा-कांग्रेस और भाजपा के बीच जुबानी जंग और तेज होने के आसार हैं।

### चार्टर्ड बस डिपो में भीषण आग, तीन करोड़ की 6 बसें जलकर खाक

**इंदौर।** मध्य प्रदेश के इंदौर में कृषि कॉलेज के सामने स्थित चार्टर्ड बस डिपो में मंगलवार देर रात भीषण आग लगने से अफरा-तफरी मच गई। आग इतनी तेजी से फैली कि इसकी चपेट में आकर छह बसें पूरी तरह जलकर खाक हो गईं। हादसे में जली बसों की कीमत तीन करोड़ रुपये से अधिक बताई जा रही है। जानकारी के मुताबिक, आग मंगलवार देर रात करीब 1:30 से 2 बजे के बीच लगी।

# 26 हजार स्कूल बंद किए और 27 हजार शराब की दुकानें खोलीं, अब जनता देगी जवाब: अखिलेश

यूथ इंडिया, गोरखपुर

समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने उत्तर प्रदेश की योगी सरकार पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रदेश सरकार ने शिक्षा व्यवस्था को कमजोर किया है। अखिलेश ने कहा कि सरकार ने करीब 26 हजार स्कूल बंद कर दिए, जबकि 27 हजार शराब की दुकानें खोल दीं। उन्होंने कहा कि आने वाले चुनाव में जनता सरकार को इसका जवाब देगी।



अखिलेश यादव ने गोरखपुर की सभी विधानसभा सीटों पर समाजवादी पार्टी की जीत का भरोसा जताया। उन्होंने कहा कि प्रदेश की जनता बदलाव चाहती है और आगामी विधानसभा चुनाव में सपा मजबूती के साथ मैदान में उतरेगी। उनके मुताबिक, गोरखपुर की जनता भी इस बार भाजपा सरकार के कामकाज का हिसाब करेगी।

सपा प्रमुख ने गोरखपुर की छवि को लेकर भी सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि वनस्पति के चक्कर में गोरखपुर भी बदनाम हुआ है। अखिलेश ने आरोप लगाया कि इस सरकार ने गोरखपुर का सम्मान बढ़ाने के बजाय उसका अपमान किया है। उन्होंने कहा कि अगर किसी ने गोरखपुर का अपमान किया है तो वह मौजूदा सरकार है।

अखिलेश यादव ने लखनऊ में एक दुखी मां से जुड़ी घटना का जिक्र करते हुए भी सरकार को घेरा। उन्होंने कहा कि उस मां से कहा गया था कि हमें भाषण नहीं सुनना है। इस टिप्पणी के जरिए उन्होंने सरकार की संवेदनशीलता पर सवाल उठाए। अखिलेश के इन बयानों से प्रदेश में 2027 विधानसभा चुनाव को लेकर सपा और भाजपा के बीच राजनीतिक बयानबाजी तेज होने के संकेत हैं।

# बिजनौर आकर मुझसे मुकाबला करें योगी: चंद्रशेखर आजाद

यूथ इंडिया, लखनऊ

उत्तर प्रदेश में आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर राजनीतिक बयानबाजी तेज हो गई है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा चंद्रशेखर आजाद को समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव की बी टीम बताए जाने पर आजाद समाज पार्टी के अध्यक्ष चंद्रशेखर ने पलटवार किया है। उन्होंने मुख्यमंत्री के बयान पर नाराजगी जताते हुए उन्हें सीधे चुनावी मुकाबले की चुनौती दे दी।

चंद्रशेखर ने कहा कि उन्हें किसी भी राजनीतिक दल की बी टीम बताकर उनकी ताकत को कम नहीं आंका जा सकता। उन्होंने मुख्यमंत्री



योगी आदित्यनाथ को चुनौती देते हुए कहा कि वह बिजनौर आकर उनसे चुनाव लड़ लें। चंद्रशेखर के इस बयान ने प्रदेश की राजनीति में नई चर्चा छेड़ दी है।

उन्होंने अपने राजनीतिक अस्तित्व और जनसमर्थन का जिक्र करते हुए कहा कि उनकी लड़ाई जनता के अधिकारों और सामाजिक न्याय के लिए है। चंद्रशेखर ने संकेत दिया कि उनकी पार्टी आगामी विधानसभा चुनाव में अपनी राजनीतिक ताकत दिखाने के लिए पूरी तैयारी कर रही है।

गौरतलब है कि उत्तर प्रदेश में 2027 के विधानसभा चुनाव से पहले भाजपा, सपा और अन्य राजनीतिक दलों के बीच आरोप-प्रत्यारोप का दौर तेज हो गया है। चंद्रशेखर की इस चुनौती को भी चुनावी माहौल में एक बड़े राजनीतिक बयान के रूप में देखा जा रहा है। अब इस पर भाजपा की ओर से क्या प्रतिक्रिया आती है, इस पर राजनीतिक हलकों की नजर रहेगी।

# ग्राम पंचायतों में प्रशासकों का कार्यकाल छह महीने और बढ़ेगा

- योगी कैबिनेट ने दी मंजूरी
- पंचायत राज अधिनियम में संशोधन के लिए अध्यादेश प्रस्ताव स्वीकृत
- पिछड़ा वर्ग आयोग की रिपोर्ट आने तक बनी रहेगी प्रशासनिक व्यवस्था

यूथ इंडिया, लखनऊ

उत्तर प्रदेश में ग्राम पंचायतों के प्रशासकों का कार्यकाल एक बार फिर 6 महीने के लिए बढ़ाने का रास्ता साफ हो गया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में बुधवार को हुई कैबिनेट बैठक में उत्तर प्रदेश पंचायत राज (संशोधन) अध्यादेश-2026 के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी गई। इस फैसले से प्रदेश में निवर्तमान ग्राम प्रधानों को प्रशासक के रूप में छह महीने और जिम्मेदारी निभाने का अवसर मिलेगा।




दरअसल, वर्ष 2021 में गठित ग्राम पंचायतों का कार्यकाल 26 मई 2026 को समाप्त होने के बाद प्रशासनिक निरंतरता बनाए रखने के लिए निवर्तमान ग्राम प्रधानों को प्रशासक नियुक्त किया गया था। उनका वर्तमान छह महीने का कार्यकाल 26 नवंबर 2026 को समाप्त होने जा रहा है।

पंचायत चुनाव में पिछड़ा वर्ग को आरक्षण दिए जाने के लिए 18 मई 2026 को उत्तर प्रदेश राज्य स्थानीय ग्रामीण निकाय समर्पित पिछड़ा वर्ग आयोग का गठन किया गया था। आयोग की रिपोर्ट अभी सरकार को सौंपी जानी शेष है। ऐसे में आरक्षण निर्धारण और पंचायत चुनाव की प्रक्रिया पूरी होने तक ग्राम पंचायतों में प्रशासनिक व्यवस्था बनाए रखना सरकार के सामने चुनौती है।

मौजूदा व्यवस्था में प्रशासकों की नियुक्ति अधिकतम छह महीने के लिए किए जाने का प्रावधान है। अब अपरिहार्य परिस्थितियों को देखते हुए पंचायत राज अधिनियम में संशोधन कर प्रशासकों की अवधि एक बार और छह महीने बढ़ाने का प्रस्ताव मंजूर किया गया है।

सरकार के इस फैसले से प्रदेश की ग्राम पंचायतों में फिलहाल मौजूदा प्रशासनिक व्यवस्था जारी रहेगी। वहीं, पिछड़ा वर्ग आयोग की रिपोर्ट और आरक्षण निर्धारण की प्रक्रिया पूरी होने के बाद पंचायत चुनाव की आगे की रूपरेखा तय होगी।

# 500 पाकिस्तानी हिंदुओं के साथ धीरेंद्र शास्त्री ने किया हवन

यूथ इंडिया, प्रतापगढ़



उत्तर प्रदेश के प्रतापगढ़ जिले के कुंडा स्थित बेंती कोठी में आयोजित रामकथा के दौरान बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर आचार्य धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने करीब 500 पाकिस्तानी हिंदुओं के साथ हवन किया। इस कार्यक्रम में जनसत्ता दल लोकतांत्रिक के अध्यक्ष और कुंडा विधायक राजा भैया भी मौजूद रहे। रामकथा के दूसरे दिन श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी और तीनों पंडाल श्रद्धालुओं से भर गए।

बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर आचार्य धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने रामकथा के मंच से राजा भैया की जमकर तारीफ की। उन्होंने रघुराज प्रताप सिंह को देश का प्रखर हिंदू नेता बताते हुए कहा कि राजा भैया राजनीति के क्षेत्र में नई क्रांति हैं। उन्होंने कहा कि राजा भैया सेवा और सामाजिक सरोकारों को राजनीति से जोड़ने का काम कर रहे हैं।

धीरेंद्र शास्त्री ने मथुरा के मुद्दे पर भी अपना बयान दिया। उन्होंने कहा कि अयोध्या में रामलला के विराजमान होने के बाद अब मथुरा में श्यामलला को लाना है। इस बयान के बाद धार्मिक और राजनीतिक हलकों में मथुरा से जुड़े मुद्दे पर चर्चा शुरू हो गई है।

# यूपी कैबिनेट के 30 प्रस्तावों पर लगी मुहर

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में बुधवार को हुई उत्तर प्रदेश कैबिनेट की बैठक में 30 महत्वपूर्ण प्रस्तावों को मंजूरी दी गई। बैठक में पंचायत चुनाव, शिक्षा, खेल, महिला सुरक्षा, स्वास्थ्य, ऊर्जा और पर्यटन से जुड़े कई अहम फैसले लिए गए। कैबिनेट ने ग्राम पंचायत प्रशासकों का कार्यकाल छह महीने बढ़ाने के लिए उत्तर प्रदेश पंचायत राज (संशोधन) अध्यादेश-2026 के प्रारूप को मंजूरी दे दी। इससे प्रदेश में पंचायत चुनाव फिलहाल टलने के आसार हैं। वहीं, आईआईटी कानपुर के नोएडा परिसर में 281 करोड़ रुपये से डीप टेक यू-हब बनाने और आगरा के बाह क्षेत्र में स्टेडियम निर्माण को मंजूरी मिली।



इसके अलावा लखनऊ में राज्य सहकारी महाविद्यालय की स्थापना, महिला एवं बाल सम्मान कोष की नई नियमावली, आशा कार्यकर्ताओं के प्रोत्साहन से जुड़े प्रस्ताव, 102 और 108 एंबुलेंस सेवाओं के संचालन तथा जैव ऊर्जा नीति में संशोधन को भी स्वीकृति दी गई। सरकार ने प्रत्येक तहसील में बायो प्लांट लगाने की योजना को भी आगे बढ़ाया है।

# राहुल के बयान पर घमासान: खेड़ा बोले- सरकार को अर्थव्यवस्था की चिंता नहीं; नवीन का तंज- पार्टी की ग्रोथ रुकी

**नई दिल्ली/एजेंसी**

कांग्रेस नेता और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के भारत की अर्थव्यवस्था को लेकर दिए गए बयान पर भाजपा और कांग्रेस आमने-सामने आ गई हैं। राहुल गांधी ने मंगलवार को अमेरिका की कोलंबिया यूनिवर्सिटी में बड़ा बयान दिया था। उन्होंने छात्रों और शिक्षकों के बीच बातचीत के दौरान कहा कि भारत एक बड़े आर्थिक संकट की ओर बढ़ रहा है।

उन्होंने बेरोजगारी, शिक्षा व्यवस्था की कमजोरियों और मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर की खराब स्थिति को देश की बड़ी समस्याएं बताया। उनके इस बयान पर भाजपा ने पलटवार किया है। भाजपा ने कहा कि राहुल गांधी विदेश की धरती पर भारत की छवि खराब करने की कोशिश कर रहे हैं।

**राहुल गांधी ने ऐसा क्या कहा?**

कोलंबिया यूनिवर्सिटी में आयोजित बातचीत के दौरान राहुल गांधी ने कहा कि भारत इस समय आर्थिक संकट का सामना कर रहा है। उन्होंने दावा किया कि देश में बड़े पैमाने पर बेरोजगारी है और शिक्षा व्यवस्था में भी गहरी समस्याएं हैं। उन्होंने कहा कि मीडिया इन मुद्दों को नजरअंदाज कर सकता है, लेकिन इससे वास्तविकता नहीं बदलती।



**सरकार को अर्थव्यवस्था और महंगाई की नहीं, राहुल गांधी के बोलने और दुनिया के सुनने की चिंता है।**

*पवन खेड़ा, सांसद राज्यसभा*



**राहुल को अर्थव्यवस्था में आपदा दिखती है, क्योंकि उनका परिवार और पार्टी आगे नहीं बढ़ पाए।**

*नितिन नवीन, राष्ट्रीय अध्यक्ष, भाजपा*

## भारत नहीं, राहुल गांधी के परिवार और पार्टी की ग्रोथ रुकी: नितिन

राहुल गांधी ने अर्थव्यवस्था में छोटे और मझोले कारोबारों और कृषि की भूमिका को अहम बताया। उन्होंने कहा कि ये दोनों क्षेत्र रोजगार पैदा करने की रीढ़ हैं। उन्होंने कहा कि देश के मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर को दोबारा मजबूत करने की जरूरत है। राहुल गांधी ने कहा कि छोटे और मझोले कारोबार देश में रोजगार पैदा करने का बड़ा जरिया हैं। कृषि भी अर्थव्यवस्था की बुनियाद है। उन्होंने कहा कि सर्विस सेक्टर के दम पर सभी लोगों को रोजगार नहीं दिया जा



सकता। देश में मैन्युफैक्चरिंग को फिर से खड़ा करना होगा। राहुल ने निजी निवेश की कमी पर सवाल उठाया। उनका आरोप है कि गौतम अदाणी और मुकेश अंबानी जैसे कुछ बड़े कारोबारी समूह आगे बढ़ रहे हैं, जबकि छोटे कारोबार संघर्ष कर रहे हैं। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने राहुल गांधी के भारत की अर्थव्यवस्था को 'आर्थिक आपदा' बताने वाले बयान पर पलटवार किया। उन्होंने कहा कि विश्व बैंक और अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष जैसी संस्थाएं भारत की आर्थिक प्रगति को स्वीकार कर रही हैं। वैश्विक अस्थिरता के बावजूद भारत 7.1 प्रतिशत की दर से विकास कर रहा है और दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था है।

## चार पीढ़ियों तक सत्ता में रहा परिवार, अब बेरोजगार कौन?

नवीन ने तंज कसते हुए कहा कि राहुल गांधी को अर्थव्यवस्था में आपदा इसलिए दिख रही है, क्योंकि उनका परिवार, उनकी पार्टी और वे खुद आगे नहीं बढ़ पाए हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि राहुल जब भी विदेश जाते हैं, अंतरराष्ट्रीय मंचों से भारत को अपमानित करने की कोशिश करते हैं। नवीन ने कहा कि भारत में अव्यवस्था फैलाने और विदेशी हितों के औजार के तौर पर काम करने की राहुल की कोशिश सफल नहीं होगी। वहीं, भाजपा सांसद अनुराग ठाकुर ने भारतीय अर्थव्यवस्था को लेकर राहुल गांधी की टिप्पणियों पर पलटवार किया। उन्होंने कहा कि नेहरू-गांधी परिवार ने चार पीढ़ियों तक देश पर शासन किया और सभी सुविधाओं का लाभ उठाया। इस परिवार ने 'गरीबी हटाओ' के नारे पर वोट मांगे, लेकिन गरीबों को और मुश्किलों में डाल दिया।

ठाकुर ने कहा कि नरेंद्र मोदी के प्रधानमंत्री बनने के बाद देश का खजाना मजबूत हुआ है और मौजूदा बेरोजगारी दर सबसे निचले स्तर पर है।



रेजांगला शौर्य दिवस पर सीएम रेखा गुप्ता ने किया वीरों को नमन।

## दिल्ली मेट्रो 22 नवंबर तक अपनी सेवाएं सुबह 5:15 बजे पर शुरू करेगा

**नई दिल्ली।** दिल्ली मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन (डीएमआरसी) 18 से 22 नवंबर तक आनंद विहार और नई दिल्ली से अपनी यात्री सेवाएं सुबह जल्द शुरू करेगा। इससे छठ पूजा मनाकर दिल्ली लौटने वाले और शहर के प्रमुख रेलवे स्टेशनों पर उतरने वाले रेल यात्रियों को आवागमन में आसानी होगी। डीएमआरसी ने आज यह जानकारी साझा की। डीएमआरसी के मुताबिक, आनंद विहार मेट्रो स्टेशन पर ब्लू और पिंक लाइन और नई दिल्ली मेट्रो स्टेशन पर येलो लाइन की मेट्रो सेवाएं सुबह 5:15 बजे से उपलब्ध होंगी। इसके अलावा, राजीव चौक और कश्मीरी गेट जैसे प्रमुख इंटरचेंज स्टेशनों पर अतिरिक्त ट्रेनें चलाई जाएंगी।

## सोनिया गांधी की किताब पर शिवसेना का हमला: सावरकर का अपमान बर्दाश्त नहीं



**मुंबई/एजेंसी**

कांग्रेस की वरिष्ठ नेता सोनिया गांधी की किताब को लेकर महाराष्ट्र में विवाद बढ़ता जा रहा है। वीर सावरकर पर की गई टिप्पणियों को लेकर शिवसेना ने विरोध जताया और किताब की पन्ने फाड़े। पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता संजय निरुपम और राष्ट्रीय सचिव शाइना एनसी ने मुंबई में बयान जारी कर किताब के कुछ हिस्सों पर आपत्ति जताई। शिवसेना नेताओं ने प्रकाशक हार्पर कॉलिन्स से किताब के पेज नंबर 201 और 443 हटाने की मांग की है।

**संजय निरुपम बोले- बालासाहेब ठाकरे सावरकर का सम्मान करते थे**

शिवसेना प्रवक्ता संजय निरुपम ने कहा कि वीर सावरकर को लेकर पहले भी बड़ा राजनीतिक विवाद हुआ था। उनके मुताबिक, उस समय संसद में विरोध हुआ था और इसका असर मुंबई तक पहुंचा था। निरुपम ने बालासाहेब ठाकरे का जिक्र करते हुए कहा कि उनके मन में सावरकर के प्रति बहुत सम्मान था। उन्होंने दावा किया कि शिवाजी पार्क में हुए विरोध प्रदर्शन के दौरान बालासाहेब ठाकरे ने मणिशंकर अय्यर के पुतले पर चप्पल मारी थी। निरुपम ने सवाल उठाया कि आज जो लोग खुद को बालासाहेब ठाकरे की विरासत का उत्तराधिकारी बताते हैं, वे इस मुद्दे पर चुप क्यों हैं? उन्होंने कहा कि किताब के पेज 201 पर सावरकर के बारे में अपमानजनक बातें लिखी गई हैं। निरुपम ने सावरकर के जेल जीवन का जिक्र करते हुए कहा कि उन्होंने 11 साल तक जेल में यातनाएं झेलीं। शिवसेना इस किताब की निंदा करती है।

**शाइना एनसी ने भी जताई आपत्ति, इतिहास को दोबारा लिखने का लगाया आरोप**

शिवसेना की राष्ट्रीय सचिव और प्रवक्ता शाइना एनसी ने कहा कि सोनिया गांधी ने किताब में सावरकर को हिंदुत्व को लेकर बहिष्कारवादी बताया है। उन्होंने कहा कि बालासाहेब ठाकरे सावरकर को हिंदुत्व की आत्मा मानते थे।

## सुप्रीम कोर्ट ने पशु बलि पर रोक लगाने की मांग वाली याचिका खारिज की

**नई दिल्ली/एजेंसी**

उच्चतम न्यायालय ने धार्मिक अनुष्ठानों और मंदिरों में दी जाने वाली पशु बलि पर रोक लगाने की मांग वाली याचिका बुधवार को खारिज कर दी। जस्टिस विक्रम नाथ की अध्यक्षता वाली बेंच ने याचिकाकर्ता की दलीलें सुनने के बाद यह याचिका खारिज की। बेंच ने इस मामले में किसी भी हस्तक्षेप की अनुमति देने से भी इनकार कर दिया और कहा कि इच्छुक पक्ष अलग से याचिका दायर कर सकते हैं। वकील श्रुति बिष्ट द्वारा दायर इस याचिका में पशु क्रूरता निवारण अधिनियम, 1960 की धारा 28 में संशोधन करने के लिए केंद्र सरकार को निर्देश देने की मांग की गई थी। यह धारा किसी समुदाय के धर्म की रीति के अनुसार जानवरों को मारने को अपराध की श्रेणी से छूट देती है। याचिकाकर्ता ने दलील दी थी कि संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत जीवन का अधिकार पशुओं पर भी लागू होता है। इसके अलावा, उन्होंने धार्मिक ग्रंथों (जैसे वेदों) का हवाला देते हुए कहा था कि बलि का अर्थ अहंकार और अज्ञानता का त्याग है, न कि निर्दोष पशुओं की हत्या। याचिका में अनियंत्रित पशु वध से होने वाले जन स्वास्थ्य (जूनोटिक बीमारियों) और पर्यावरण के खतरों का भी मुद्दा उठाया गया था।

## शाह आज करेंगे आतंकवाद रोधी दो दिवसीय सम्मेलन का उद्घाटन

**नई दिल्ली/एजेंसी**

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह गुरुवार को नई दिल्ली में आतंकवाद रोधी दो दिवसीय सम्मेलन का उद्घाटन करेंगे। राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) की ओर से आयोजित इस वर्ष के सम्मेलन का मुख्य विषय ह्यसीमा पार आतंकवादह्ल है। इसमें आतंकवाद से उत्पन्न उभरते खतरों और उनसे निपटने की रणनीतियों पर सुरक्षा एजेंसियों, जांचकताओं तथा विशेषज्ञों के बीच विचार-विमर्श होगा। गृह मंत्रालय ने बुधवार को जारी बयान में बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की आतंकवाद के प्रति कतई बर्दाश्त नहीं करने की नीति के



अनुरूप इस सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। इसका उद्देश्य आतंकवाद के खिलाफ देश की सामूहिक कार्रवाई को और मजबूत करना तथा विभिन्न सुरक्षा एजेंसियों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करना है। यह सम्मेलन आतंकवाद रोधी अभियानों से जुड़ी सुरक्षा एजेंसियों, जांच इकाइयों और तकनीकी, कानूनी तथा फॉरेंसिक विशेषज्ञों के विचार-विमर्श का महत्वपूर्ण मंच बन गया है। इस बार सम्मेलन में सरकार के समग्र दृष्टिकोण के तहत सभी संबंधित पक्षों के बीच तालमेल बढ़ाने पर विशेष जोर दिया जाएगा। इसके माध्यम से आतंकवाद के खिलाफ समन्वित कार्रवाई के लिए औपचारिक और अनौपचारिक तंत्र विकसित करने तथा भविष्य की नीतियों के निर्माण के लिए सुझाव जुटाने का प्रयास किया जाएगा।

सम्मेलन में विदेशों से साक्ष्य जुटाने, आतंकवाद से जुड़े मामलों की जांच में डिजिटल फॉरेंसिक और डेटा विश्लेषण के इस्तेमाल तथा मुकदमों के प्रभावी प्रबंधन जैसे विषयों पर चर्चा होगी। इसके अलावा कट्टरपंथ से निपटने, जासूसी और राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए उभरते हाइब्रिड खतरों पर भी विभिन्न सत्र आयोजित किए जाएंगे।

## शिंदे गुट ने सुप्रीम कोर्ट में कहा, 2019 में कांग्रेस-एनसीपी के साथ सरकार बनाना शिवसेना की विचारधारा के खिलाफ था

**नई दिल्ली/एजेंसी**

महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाले शिवसेना गुट ने बुधवार को उच्चतम न्यायालय में कहा कि 2019 में भाजपा से गठबंधन तोड़कर कांग्रेस और एनसीपी के साथ सरकार बनाना पार्टी की मूल विचारधारा से भटकाव था। शिंदे गुट के अनुसार जून, 2022 में बगावत करने वाले विधायकों ने पार्टी नहीं छोड़ी, बल्कि वे शिवसेना की मूल राजनीतिक पहचान और गठबंधन को बहाल करने का प्रयास कर रहे थे। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली बेंच 2022 के शिवसेना विभाजन से जुड़ी याचिकाओं पर सुनवाई कर रही है। इन याचिकाओं में महाराष्ट्र विधानसभा अध्यक्ष द्वारा शिंदे गुट के विधायकों को अयोग्य न ठहराने के फैसले तथा निर्वाचन



आयोग द्वारा शिंदे गुट को पार्टी का नाम और 'धनुष-बाण' चुनाव चिह्न आवंटित करने के निर्णय को चुनौती दी गई है।

शिंदे गुट की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता ध्रुव मेहता ने दलील दी कि पार्टी नेतृत्व से असहमति जताना या विधायक दल की बैठक में अनुपस्थित रहना संविधान की दसवीं अनुसूची के तहत स्वेच्छा से पार्टी छोड़ने (दल-बदल) के दायरे में नहीं आता है। उन्होंने यह भी कहा कि विधायकों की अयोग्यता याचिकाओं का आकलन उन्हें दायर किए जाने के समय की परिस्थितियों के आधार पर होना चाहिए, न कि बाद की राजनीतिक घटनाओं के आधार पर।

## सुप्रीम कोर्ट से आजम खान की रिहाई का रास्ता साफ, अंतरिम जमानत बरकरार



**नई दिल्ली/एजेंसी**

समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता मोहम्मद आजम खान को इलाहाबाद उच्च न्यायालय से मिली अंतरिम जमानत के खिलाफ प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने बुधवार को उच्चतम न्यायालय का दरवाजा खटखटाया। हालांकि, उच्चतम न्यायालय ने उच्च न्यायालय के आदेश पर तत्काल रोक लगाने और आजम खान की रिहाई रोकने की ईडी की मांग स्वीकार नहीं की। मामले अगली सुनवाई गुरुवार यानि 19 नवंबर को होगी। इस फैसले से आजम खान को फिलहाल मिली अंतरिम राहत बरकरार है। अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एसवी राजू ने सीजेआई सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली पीठ के समक्ष मामले का तत्काल उल्लेख किया। ईडी की ओर से आग्रह किया गया कि मामले की तत्काल सुनवाई की जाए।

## मोहन यादव ने एशिया की सबसे बड़ी पम्प हाइड्रो स्टोरेज परियोजना की एक इकाई का किया शुभारंभ

**भोपाल/एजेंसी**

मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने बुधवार को मंदसौर जिले के गांधीसागर में कैबिनेट बैठक के पश्चात ग्रीनको पावर प्लांट, रामपुर जिला नीमच का अवलोकन किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने इस अवसर पर एशिया की सबसे बड़ी पम्प हाइड्रो स्टोरेज परियोजना एक इकाई का बटन दबाकर शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि बिजली उत्पादन के क्षेत्र में हाइड्रो पावर प्लांट और पम्प्ड हाइड्रो स्टोरेज एक नई तकनीक है। गांधीसागर में निर्मित पम्प्ड हाइड्रो स्टोरेज परियोजना की कुल लागत 11 हजार 474 करोड़ रुपए है। इसके प्रारंभ होने के बाद प्रदेश में बिजली की मांग के पीक ऑवर्स में पम्प्ड हाइड्रो स्टोरेज से 2 हजार मेगावाट बिजली का उत्पादन होगा और मांग के अनुरूप तुरंत बिजली



आपूर्ति की जा सकेगी। इससे प्रदेश में चौबीसों घंटे बिजली की पर्याप्त मात्रा में उपलब्धता सुनिश्चित होगी।

**एशिया की सबसे बड़ी परियोजना**

नीमच जिले में ग्रीनको ग्रुप की 1920 मेगावाट भंडारण क्षमता वाली 'गांधीसागर' पम्प्ड हाइड्रो स्टोरेज परियोजना पर 11 हजार 500 करोड़ का निवेश किया जा रहा है। पूर्ण होने पर इसमें 1920 मेगावाट पूर्ण क्षमता पर लगातार 6 घंटे विद्युत उत्पादन किया जा सकेगा। परियोजना नीमच जिले की रामपुरा तहसील के खेमला ब्लॉक के गांव में स्थापित की जा रही है। परियोजना का निर्माण लगभग 414 हेक्टेयर भूमि पर किया जा रहा है। परियोजना देश ही नहीं पूरे एशिया में निमार्णाधीन सबसे बड़ी स्वतंत्र 'पम्प्ड हाइड्रो स्टोरेज परियोजना' है। इसमें दो जलाशय शामिल हैं। निचला जलाशय मौजूदा गांधीसागर जलाशय (कुल क्षमता लगभग 270 टीएमसी/7643.70 एमसीएम) है।

## वीबी-जी राम जी अधिनियम के तहत पारदर्शिता सुनिश्चित करने संबंधी दिशा-निर्देश जारी

**दिशा-निर्देश जारी कर योजना के कार्यान्वयन में पारदर्शिता, जवाबदेही और नागरिकों की भागीदारी को और अधिक सशक्त बनाने का प्रयास किया**

**नई दिल्ली/एजेंसी**

ग्रामीण विकास मंत्रालय ने विकसित भारत-रोजगार एवं आजीविका मिशन (ग्रामीण) यानी वीबी-जी राम जी अधिनियम, 2025 के प्रभावी क्रियान्वयन को सुनिश्चित करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाया है। मंत्रालय ने लोकपाल एवं अपीलीय प्राधिकारी से संबंधित दिशा-निर्देश जारी कर योजना के कार्यान्वयन में पारदर्शिता, जवाबदेही और नागरिकों की भागीदारी को और अधिक सशक्त बनाने का प्रयास किया है। यह पहल ग्रामीण क्षेत्रों में सुशासन, पारदर्शी प्रशासन और जनभागीदारी को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

ये दिशा निर्देश श्रमिकों के वैधानिक अधिकारों की सुरक्षा, कार्यान्वयन




से संबंधित शिकायतों के निवारण तथा कार्यक्रम के लाभों की जवाबदेह तरीके से उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए संस्थागत तंत्र को सुदृढ़ करके विकसित भारत-जी राम जी अधिनियम की मूल भावना को और मजबूत करते हैं। लोकपाल इस कार्यक्रम की जवाबदेही व्यवस्था में एक महत्वपूर्ण कड़ी के रूप में कार्य करेंगे, जो ग्रामीण नागरिकों को शिकायत दर्ज कराने और उचित निवारण प्राप्त करने हेतु एक सुलभ तंत्र उपलब्ध कराएगा। जिला स्तर पर नियुक्त लोकपाल जॉब कार्ड, रोजगार, मजदूरी भुगतान, विलंब मुआवजा, कार्यस्थल पर उपलब्ध सुविधाओं, मस्टर रोल तथा वैधानिक अधिकारों से वंचित किए जाने से संबंधित शिकायतों का निवारण करेंगे। इन दिशा-निर्देशों में भेदभाव, उत्पीड़न तथा श्रमिकों के अधिकारों के उल्लंघन से संबंधित मामलों को भी शामिल किया गया है, जिनमें महिलाओं एवं कमजोर वर्गों के अधिकार भी सम्मिलित हैं। इन दिशा-निर्देशों के माध्यम से ग्रामीण विकास, लोक प्रशासन, कानून, शिक्षा, सामाजिक कार्य एवं प्रबंधन के क्षेत्र में अनुभव रखने वाले पात्र उम्मीदवारों के विस्तृत समूह को शामिल करके लोकपालों की संस्थागत क्षमता को सुदृढ़ किया गया है। काम की निरंतरता और प्रभावी कामकाज सुनिश्चित करने के लिए कार्यकाल और पारिश्रमिक (वेतन/मानदेय) से जुड़े प्रावधानों में भी संशोधन किया गया है। इसके अलावा क्षेत्रीय भ्रमण, सामुदायिक सहभागिता तथा डिजिटल प्लेटफॉर्म से परिचित होने पर विशेष बल दिया गया है। इन दिशा-निदेर्शों की एक प्रमुख विशेषता ओम्बड्सपर्सन के लिए एक समर्पित डिजिटल प्लेटफॉर्म है। इसके जरिए शिकायतों का ऑनलाइन पंजीकरण और ट्रैकिंग, कार्यवाही का रिकॉर्ड रखना, निर्णयों (अवार्डस) को अपलोड करना और की गई कार्रवाई की निगरानी करना आसान हो जाएगा।

क्षेत्रीय भ्रमण के दौरान जियो-टैग एवं टाइम-स्टैम्प युक्त तस्वीरें शिकायत निवारण प्रक्रिया में दस्तावेजीकरण, जवाबदेही एवं पारदर्शिता को और सुदृढ़ करेंगी।

## सीजीएसटी करदाताओं के केंद्रीकृत आकलन की मसौदा रूपरेखा जल्द जारी करेगा सीबीआईसी:

**नई दिल्ली/एजेंसी**

केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर एवं सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी) केंद्रीय माल एवं सेवा कर (सीजीएसटी) के तहत पंजीकृत 70 लाख करदाताओं के लिए केंद्रीकृत आकलन की मसौदा रूपरेखा जल्द जारी करेगा। यह प्रस्तावित व्यवस्था 1 अप्रैल, 2027 से लागू होने की संभावना है। आधिकारिक सूत्रों ने बुधवार को यह जानकारी दी है। इस मामले से संबंधित एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि नई रूपरेखा को एक अप्रैल, 2027 से शुरू होने वाले अगले वित्त वर्ष में लागू किए जाने की संभावना है। सीबीआईसी के चेयरमैन विवेक चतुर्वेदी ने



पीएचडीसीसीआई के एक कार्यक्रम में कहा, हम (सीबीआईसी) सीजीएसटी करदाताओं के लिए बिना आमने-सामने संपर्क वाली (फेसलेस) और केंद्रीकृत प्रशासन व्यवस्था की दो अवधारणाओं पर विचार कर रहे हैं। हमने एक रूपरेखा तैयार की है। इसे बहुत जल्द आम लोगों और संबंधित पक्षों की राय के लिए जारी किया जाना चाहिए। केंद्र सरकार सीजीएसटी करदाताओं के लिए प्रशासन की एक नयी व्यवस्था लाना चाहती है। उन्होंने कहा, इसमें बड़े करदाताओं के लिए केंद्रीकृत प्रशासन व्यवस्था होगी, जिसके तहत वे किसी भौतिक कार्यालय में जाकर अपना पंजीकरण, लिखित जांच, निर्णय, समीक्षा और अपील सहित अपनी सभी जरूरतों का समाधान एक ही स्थान पर करा सकेंगे।

बाकी करदाताओं के लिए हम बिना आमने-सामने संपर्क वाली सहायता व्यवस्था लाना चाहते हैं।

# चुनाव 2027 : सीएम योगी का बड़ा दावा, बोले- भाजपा की तीसरी बार बनेगी सरकार, बनेगा नया रिकॉर्ड

यूथ इंडिया, लखनऊ



उत्तर प्रदेश की राजनीति में विधानसभा चुनाव 2027 को लेकर सियासी सरगर्मियां तेज होने लगी हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर बड़ा दावा करते हुए कहा है कि उत्तर प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी लगातार तीसरी बार पूर्ण बहुमत के साथ सरकार बनाएगी। उन्होंने कहा कि इस बार केवल भाजपा की हैट्रिक ही नहीं लगेगी, बल्कि प्रदेश की राजनीति में एक नया रिकॉर्ड भी स्थापित होगा।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने एक निजी चैनल के %राइजिंग भारत समिट% कार्यक्रम में बातचीत के दौरान कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व, भाजपा के करोड़ों समर्पित कार्यकर्ताओं की मेहनत और डबल इंजन सरकार की उपलब्धियों के दम पर पार्टी जनता के बीच जाएगी। उन्होंने विश्वास जताया कि उत्तर प्रदेश की जनता एक बार फिर भाजपा को अपना समर्थन और आशीर्वाद देगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि भाजपा पूरी मजबूती के साथ विधानसभा चुनाव 2027 में उतरेगी और तीसरी बार प्रचंड बहुमत की सरकार बनाने में सफल होगी।

योगी आदित्यनाथ ने अपने कार्यकाल का उल्लेख करते हुए कहा कि वह उत्तर प्रदेश के पहले ऐसे मुख्यमंत्री हैं, जिन्होंने पांच वर्ष लगातार मुख्यमंत्री रहने के बाद दोबारा चुनाव जीतकर लगातार दूसरी बार सरकार चलाई। उन्होंने कहा कि भाजपा पहले भी कई राजनीतिक रिकॉर्ड बना चुकी है और इस बार भी नया रिकॉर्ड बनाने का प्रयास करेगी।

मुख्यमंत्री के इस बयान को आगामी विधानसभा चुनाव के मद्देनजर भाजपा की चुनावी तैयारी और राजनीतिक रणनीति से जोड़कर देखा जा रहा है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने समाजवादी पार्टी और कांग्रेस पर निशाना साधते हुए परिवारवाद, जातिवाद और विभाजनकारी राजनीति को उत्तर प्रदेश के विकास में बाधा बताया। उन्होंने आरोप लगाया कि पिछली सरकारों के दौरान प्रदेश में कानून-व्यवस्था की स्थिति खराब थी और अपराधियों को राजनीतिक संरक्षण मिलता था। मुख्यमंत्री ने कहा कि पहले व्यापारियों को रंगदारी की समस्या का सामना करना पड़ता था और युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ होता था। उन्होंने समाजवादी पार्टी के शासनकाल को लेकर भर्ती आयोगों में अनियमितताओं और राजनीतिक हस्तक्षेप के भी आरोप लगाए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी चुनाव में प्रदेश की कानून-व्यवस्था, महिलाओं की सुरक्षा, निवेश और रोजगार जैसे मुद्दों को प्रमुखता से जनता के सामने रखेगी। उन्होंने दावा किया कि पिछले वर्षों में उत्तर प्रदेश की पहचान में बदलाव आया है और प्रदेश में सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने के लिए कई कदम उठाए गए हैं।

महिलाओं की सुरक्षा का उदाहरण देते हुए मुख्यमंत्री ने लखनऊ स्थित एचसीएल टेक कैंपस का जिक्र किया। उन्होंने बताया कि वर्ष 2017 में इस कैंपस में लगभग 100 लोग काम करते थे, जबकि अब उनके अनुसार यहां उत्तर प्रदेश के करीब 18 हजार युवा कार्यरत हैं।

# कांग्रेस ने सपा से मांगीं 181 सीटें गठबंधन में सीट बंटवारे को लेकर जल्द होगी बड़े नेताओं की बैठक

यूथ इंडिया, लखनऊ



उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव 2027 को लेकर समाजवादी पार्टी और कांग्रेस के बीच गठबंधन की तैयारियां तेज होती दिखाई दे रही हैं। दोनों दलों के बीच सीटों के बंटवारे को लेकर जल्द ही शीर्ष स्तर पर बैठक होने वाली है। कांग्रेस ने आगामी विधानसभा चुनाव में 181 सीटों पर चुनाव लड़ने की मांग करते हुए समाजवादी पार्टी के नेतृत्व को अपनी सूची सौंप दी है। अब दोनों दलों के शीर्ष नेताओं के बीच होने वाली बैठक में सीटों के बंटवारे को लेकर आगे की रणनीति तय होने की संभावना है।

जानकारी के मुताबिक, दिल्ली में समाजवादी पार्टी और कांग्रेस के शीर्ष नेताओं के बीच इस मुद्दे पर बैठक होनी है। बैठक की तारीख जल्द सामने आ सकती है। दोनों पार्टियां उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव इंडिया गठबंधन के तहत मिलकर लड़ने को लेकर सहमत बताई जा रही हैं। हालांकि, सीटों की संख्या और विधानसभा क्षेत्रों को लेकर दोनों दलों के बीच अंतिम सहमति बनना अभी बाकी है।

कांग्रेस की ओर से समाजवादी पार्टी को सौंपी गई सूची में कुल 181 विधानसभा सीटों पर दावा किया गया है। इस सूची में रायबरेली और अमेठी की लगभग सभी प्रमुख विधानसभा सीटों को शामिल किया गया है। इसके अलावा कांग्रेस ने उन 19 सीटों पर भी अपना दावा पेश किया है, जिन पर समाजवादी पार्टी ने वर्ष 2022 के विधानसभा चुनाव में जीत दर्ज की थी।

कांग्रेस की मांग वाली सूची में पश्चिमी उत्तर प्रदेश से लेकर पूर्वांचल और बुंदेलखंड तक की विधानसभा सीटें शामिल हैं। पश्चिमी उत्तर प्रदेश में बेहट, नकुड़, सहारनपुर नगर, सहारनपुर देहात, मुरादाबाद नगर, मेरठ दक्षिण, बागपत, लोनी, हापुड़, गढ़मुक्तेश्वर, बुलंदशहर और जेवर जैसी सीटों पर कांग्रेस ने दावा किया है। वहीं, आगरा ग्रामीण, फतेहपुर सीकरी, मथुरा, झांसी नगर और मऊरानीपुर जैसी सीटें भी सूची में शामिल हैं।

अवध और मध्य उत्तर प्रदेश की सीटों में रायबरेली, सलोन, सरेनी, ऊंचाहार, अमेठी, गौरीगंज, जगदीशपुर, मोहनलालगंज, बछरावां, सीतापुर, लहरपुर, महमूदाबाद, फर्रुखाबाद, कानपुर कैंट, गोविंदनगर और लखनऊ पूर्व जैसी विधानसभा सीटों पर कांग्रेस ने अपनी दावेदारी जताई है। इसके अलावा प्रयागराज, प्रतापगढ़, सुल्तानपुर, अयोध्या और आसपास के क्षेत्रों की कई सीटों को भी इस सूची में जगह दी गई है।

पूर्वांचल में कांग्रेस ने गोरखपुर ग्रामीण, बांसगांव, देवरिया, रुद्रपुर, फाजिलनगर, बलिया नगर, जौनपुर, वाराणसी उत्तर, वाराणसी कैंट, रोहनिया, मिर्जापुर क्षेत्र की सीटों और सोनभद्र की कुछ विधानसभा सीटों पर भी दावा पेश किया है। बुंदेलखंड और अन्य क्षेत्रों की कई सीटें भी कांग्रेस की मांग में शामिल हैं।

राजनीतिक जानकारों की नजर अब सपा और कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व के बीच होने वाली बैठक पर टिकी है। 181 सीटों की मांग के बाद गठबंधन में सीटों का बंटवारा किस आधार पर होगा, यह आने वाले दिनों में स्पष्ट हो सकता है। दोनों दलों के सामने क्षेत्रीय प्रभाव, पिछले चुनावों के परिणाम, संगठन की स्थिति और विधानसभा क्षेत्रों में राजनीतिक समीकरणों को ध्यान में रखकर सीटों पर सहमति बनाने की चुनौती होगी।

# मंत्री अनिल राजभर के सरकारी आवास पहुंचे 68500 शिक्षक भर्ती के अभ्यर्थी, आरक्षण से जुड़े मामले में किया प्रदर्शन

यूथ इंडिया, लखनऊ




उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में बुधवार को 68500 शिक्षक भर्ती के अभ्यर्थियों ने आरक्षण से जुड़े मामले को लेकर प्रदर्शन किया। अभ्यर्थी विक्रमादित्य मार्ग स्थित प्रदेश सरकार के मंत्री अनिल राजभर के सरकारी आवास पर अपनी मांगों को लेकर पहुंचे। प्रदर्शन के दौरान मामले को लेकर हलचल देखने को मिली। इसके बाद मंत्री की ओर से अभ्यर्थियों के एक प्रतिनिधिमंडल को बातचीत के लिए अंदर बुलाया गया।

जानकारी के अनुसार, 68500 शिक्षक भर्ती के अभ्यर्थी लंबे समय से आरक्षण से जुड़ी कथित अनियमितताओं को लेकर अपनी मांग उठा रहे हैं। इसी सिलसिले में बुधवार को बड़ी संख्या में अभ्यर्थी मंत्री अनिल राजभर के सरकारी आवास पर पहुंचे और अपनी समस्याओं को सरकार के सामने रखने का प्रयास किया। अभ्यर्थियों के पहुंचने के बाद मंत्री की ओर से उनके प्रतिनिधिमंडल को बातचीत के लिए आवास के अंदर बुलाया गया। प्रतिनिधिमंडल से बातचीत के बाद उसे आगे की चर्चा के लिए सचिवालय बुलाया गया। वहीं, प्रदर्शन में शामिल अन्य अभ्यर्थियों को बसों में बैठाकर इको गार्डन भेज दिया गया।

इस घटनाक्रम के बाद अभ्यर्थियों की नजर अब सचिवालय में होने वाली बातचीत पर टिकी है। अभ्यर्थियों को उम्मीद है कि उनकी मांगों और आरक्षण से जुड़े मुद्दों पर सरकार की ओर से उचित कार्रवाई की जाएगी।

68500 शिक्षक भर्ती से जुड़े आरक्षण के मुद्दे पर अभ्यर्थियों का प्रदर्शन एक बार फिर चर्चा में आ गया है। अब देखना होगा कि प्रतिनिधिमंडल और सरकार के बीच होने वाली बातचीत में क्या निर्णय निकलता है और अभ्यर्थियों की मांगों पर आगे क्या कार्रवाई की जाती है।

# नए साल से बैकुंठधाम पुल पर फर्राटा भरेंगे वाहन, समतामूलक चौक और निशातगंज चौराहे को मिलेगी राहत

यूथ इंडिया, लखनऊ



राजधानी लखनऊ में गोमती नदी पर बैकुंठ धाम के पास ग्रीन कॉरिडोर परियोजना के तहत बन रहे पुल पर नए साल से वाहनों का आवागमन शुरू होने की उम्मीद है। पुल का निर्माण कार्य अंतिम चरण में पहुंच गया है। अब इस पर केवल एक स्पैन रखा जाना बाकी है। निर्माण कार्य पूरा होने के बाद डालीबाग, 1090 चौराहा और समतामूलक चौक की ओर से आने-जाने वाले लोगों को आवागमन में काफी सहूलियत मिलेगी। इसके शुरू होने से समतामूलक चौक और निशातगंज चौराहे पर वाहनों का दबाव भी कम होने की संभावना है।

बैकुंठ धाम के पास गोमती नदी पर बनाया जा रहा यह पुल करीब 330 मीटर लंबा है। इसके तैयार होने से ग्रीन कॉरिडोर का संपर्क बैकुंठ धाम वाली सड़क से हो जाएगा। खास तौर पर समतामूलक चौक से निशातगंज चौराहे की ओर जाने वाले वाहन चालकों को एक बेहतर वैकल्पिक मार्ग मिल सकेगा। अभी इस दिशा में आवागमन के दौरान प्रमुख चौराहों पर यातायात का दबाव रहता है। पुल शुरू होने के बाद वाहनों को रास्ता मिलने से इन इलाकों में जाम की समस्या कम करने में मदद मिल सकती है।

पुल का निर्माण कार्य नवंबर तक पूरा करने का लक्ष्य रखा गया था, लेकिन बारिश और गोमती नदी में आई बाढ़ के कारण काम प्रभावित हुआ। इसके चलते परियोजना करीब दो महीने पिछड़ गई। लगातार बारिश और जलस्तर बढ़ने से निर्माण कार्य में बाधाएं आईं। मौसम अनुकूल होने के बाद निर्माण एजेंसी ने दोबारा काम तेज किया है। फिलहाल पुल का करीब 90 प्रतिशत काम पूरा हो चुका है और शेष हिस्से को तैयार करने की प्रक्रिया चल रही है।

निर्माण के दौरान पुल के बीच वाले हिस्से का काम बाकी रह गया है। इस हिस्से में पहले से तैयार किए गए स्पैन को निर्धारित तकनीक के अनुसार स्थापित किया जाना है। ग्रीन कॉरिडोर परियोजना के प्रोजेक्ट मैनेजर एके सेंगर के मुताबिक, पुल पर अब केवल एक स्पैन रखा जाना शेष है। इसे दिसंबर के अंत तक पूरा करने का लक्ष्य है। इसके बाद नए साल में पुल पर वाहनों का आवागमन शुरू कराया जा सकेगा। उन्होंने बताया कि बारिश और बाढ़ के कारण निर्माण कार्य में कुछ देरी हुई है।

करीब 70 करोड़ रुपये की लागत से बन रहा यह पुल ग्रीन कॉरिडोर परियोजना की कनेक्टिविटी को बेहतर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। इसके शुरू होने से डालीबाग, 1090 चौराहा और समतामूलक चौक से आने-जाने वाले लोगों को सुविधा मिलेगी। साथ ही समतामूलक चौक से निशातगंज की ओर जाने वाले यातायात को नया रास्ता मिलने से प्रमुख चौराहों पर वाहनों का दबाव कम करने में मदद मिलेगी।

## विश्वविद्यालय के 7013 विद्यार्थियों को 13 दिसंबर को मिलेंगे टैबलेट

**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय के जिन विद्यार्थियों को 15 नवंबर को राष्ट्र प्रेरणा स्थल पर आयोजित कार्यक्रम में किन्हीं कारणों से टैबलेट नहीं मिल सके थे, उनके लिए राहत की खबर है। विश्वविद्यालय प्रशासन अब ऐसे विद्यार्थियों को 13 दिसंबर को टैबलेट वितरित करेगा। इसके लिए विश्वविद्यालय की ओर से आधिकारिक सूचना जारी कर दी गई है। वितरण कार्यक्रम में कुल 7013 विद्यार्थियों को टैबलेट दिए जाएंगे। पूरी प्रक्रिया को व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के लिए विद्यार्थियों को दो पालियों में बुलाया गया है।

डिजिशक्ति योजना के नोडल समन्वयक डॉ. आरबी सिंह के अनुसार, पहली पाली में क्रम संख्या एक से 3500 तक के विद्यार्थियों को टैबलेट वितरित किए जाएंगे। इसके लिए सुबह 10 बजे से दोपहर 12:30 बजे तक का समय निर्धारित किया गया है। वहीं, दूसरी पाली में क्रम संख्या 3501 से 7013 तक के विद्यार्थियों को दोपहर एक बजे से 3:30 बजे तक डिवाइस दी जाएगी। विश्वविद्यालय प्रशासन ने विद्यार्थियों से अपील की है कि वे अपनी निर्धारित पाली के अनुसार ही वितरण स्थल पर पहुंचें, ताकि वितरण प्रक्रिया में किसी प्रकार की असुविधा न हो।

## नर्सिंग विद्यार्थियों ने पराग डेयरी प्लांट का किया शैक्षिक भ्रमण

**लखनऊ।** डॉ. राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान के कॉलेज ऑफ नर्सिंग के सामुदायिक स्वास्थ्य नर्सिंग विभाग की ओर से मंगलवार को बीएससी नर्सिंग के पांचवें सेमेस्टर (2024 बैच) के विद्यार्थियों को सुशांत गोल्फ सिटी स्थित पराग डेयरी प्लांट का शैक्षिक भ्रमण कराया गया।

इस दौरान विद्यार्थियों ने दूध के संग्रहण से लेकर उसकी गुणवत्ता जांच, प्रसंस्करण और पाश्चुरीकरण तक की पूरी प्रक्रिया को करीब से देखा और समझा। भ्रमण का उद्देश्य विद्यार्थियों को खाद्य सुरक्षा, स्वच्छता, पोषण और सामुदायिक स्वास्थ्य से जुड़े व्यावहारिक पहलुओं की जानकारी देना था। डेयरी प्लांट में विद्यार्थियों को बताया गया कि दूध का संग्रहण किस प्रकार किया जाता है।

# निजी अस्पतालों की वसूली का नया तरीका, मरीजों से इलाज के बिल में जोड़ रहे प्रदूषण शुल्क, 9 घंटे के वसूले 1800 रूपये

यूथ इंडिया, लखनऊ




राजधानी के निजी अस्पतालों में मरीजों और उनके तीमारदारों से वसूली का एक नया मामला सामने आया है। दवाओं, आईसीयू, वेंटिलेटर और अन्य चिकित्सा सुविधाओं के नाम पर भारी भरकम बिल बनाने के आरोपों के बीच अब मरीजों से प्रदूषण शुल्क भी वसूला जा रहा है। आरोप है कि निजी अस्पताल मरीजों के बिल में 200 रुपये प्रति घंटे के हिसाब से प्रदूषण शुल्क जोड़ रहे हैं। इस मामले के सामने आने के बाद स्वास्थ्य विभाग और खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन (एफएसडीए) की कार्यप्रणाली पर भी सवाल उठने लगे हैं।

मामला लखनऊ के दुबग्गा स्थित तुलसी हॉस्पिटल का है, जहां बुखार से पीड़ित सीतापुर निवासी एक युवती को परिजनों ने इलाज के लिए भर्ती कराया था। अस्पताल प्रबंधन की ओर से परिजनों को करीब डेढ़ लाख रुपये का बिल दिया गया। जब तीमारदारों ने बिल की जांच की तो उसमें प्रदूषण शुल्क के नाम पर नौ घंटे के 1800 रुपये जोड़े गए थे। बिल में इस तरह का शुल्क देखकर परिजन हैरान रह गए और उन्होंने अस्पताल प्रबंधन से इसकी वजह पूछी।

तीमारदारों के सवाल करने पर अस्पताल प्रबंधन की ओर से बताया गया कि अस्पताल से निकलने वाले कचरे और बायोमेडिकल वेस्ट के निस्तारण में खर्च आता है। इसी खर्च की भरपाई के लिए मरीजों से प्रदूषण शुल्क लिया जा रहा है। हालांकि, अस्पताल द्वारा प्रति घंटे के हिसाब से इस तरह की वसूली किए जाने को लेकर सवाल खड़े हो रहे हैं।

परिजनों ने मामले की शिकायत स्वास्थ्य विभाग से की, लेकिन शुरुआत में स्वास्थ्य विभाग और एफएसडीए के अधिकारी एक-दूसरे के विभाग का मामला बताकर जिम्मेदारी से बचते नजर आए। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने कहा कि प्रदूषण शुल्क की वसूली का मामला एफएसडीए के अधिकार क्षेत्र में आता है। वहीं एफएसडीए के अधिकारियों का कहना था कि निजी अस्पतालों की निगरानी और कार्रवाई की जिम्मेदारी स्वास्थ्य विभाग की है। दोनों विभागों के बीच जिम्मेदारी को लेकर स्थिति स्पष्ट नहीं होने से कार्रवाई में देरी हुई। मामले ने तूल पकड़ा तो अब शासन की सख्ती के बाद अधिकारी जांच और कार्रवाई का दावा कर रहे हैं। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. एनबी सिंह के अनुसार, शिकायत मिलने के बाद अपर निदेशक स्तर के अधिकारी को अस्पताल भेजा गया है। अस्पताल प्रबंधन से इलाज से संबंधित दस्तावेज और बिल का पूरा रिकॉर्ड मांगा गया है। जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

वहीं एफएसडीए के सहायक मंडल आयुक्त ब्रजेश का कहना है कि प्रदूषण शुल्क के नाम पर वसूली के मामले में स्वास्थ्य विभाग को कार्रवाई करनी चाहिए। हालांकि, उन्होंने अस्पताल की जांच के लिए टीम गठित करने की बात भी कही है। टीम ऑक्सीजन, दवाओं और अन्य मदों में मरीज से की गई वसूली की भी जांच करेगी।

गौरतलब है कि निजी अस्पतालों से निकलने वाले बायोमेडिकल वेस्ट के निस्तारण के लिए निर्धारित खर्च होता है।

# सर्दी ने दी दस्तक, 20 से अधिक जिलों में 15 डिग्री से नीचे पहुंचा रात का पारा, दो दिन में 5 डिग्री तक गिरा तापमान

यूथ इंडिया, लखनऊ




उत्तर प्रदेश में मौसम ने करवट ले ली है और ठंड ने धीरे-धीरे दस्तक देनी शुरू कर दी है। पहाड़ों से आ रही ठंडी पछुआ हवाओं के चलते प्रदेश के अधिकांश जिलों में तापमान में गिरावट दर्ज की जा रही है। मंगलवार को प्रदेश के 20 से अधिक जिलों में रात का न्यूनतम तापमान 15 डिग्री सेल्सियस से नीचे पहुंच गया। बीते दो दिनों के दौरान कई जिलों में रात के तापमान में चार से पांच डिग्री सेल्सियस तक की गिरावट दर्ज की गई है। इसके चलते सुबह और शाम के समय ठंड का अहसास बढ़ गया है। लोगों ने अब गर्म कपड़ों का इस्तेमाल भी शुरू कर दिया है। हालांकि, दिन में धूप निकलने से दोपहर के समय अभी हल्की गर्मी महसूस हो रही है।

मौसम विभाग के अनुसार, पहाड़ी क्षेत्रों से आने वाली ठंडी पछुआ हवाएं प्रदेश के मौसम को प्रभावित कर रही हैं। मंगलवार सुबह प्रदेश के दोनों मौसम संभागों में हल्का से मध्यम कोहरा देखने को मिला। हालांकि, कहीं भी घना कोहरा दर्ज नहीं किया गया। तापमान में आई गिरावट के कारण सुबह की शुरुआत ठंडे मौसम के साथ हो रही है, जबकि शाम ढलते ही ठिठुरन बढ़ने लगी है। मौसम विभाग का कहना है कि दिन और रात का तापमान अब नवंबर के मध्य के सामान्य स्तर के आसपास पहुंच गया है

क्षेत्रीय मौसम विज्ञान केंद्र लखनऊ के वरिष्ठ वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह के मुताबिक, अगले तीन दिनों तक प्रदेश के मौसम और तापमान में किसी बड़े बदलाव की संभावना नहीं है। इस दौरान मौसम लगभग इसी तरह बना रह सकता है। हालांकि, इसके बाद बंगाल की खाड़ी में बने नए चक्रवात मकवान के प्रभाव से प्रदेश में हवाओं की दिशा बदल सकती है। पछुआ हवाओं की जगह पुरवा हवाएं चलने लगेंगी, जिससे तापमान में अस्थायी रूप से करीब दो से तीन डिग्री सेल्सियस की बढ़ोतरी होने का अनुमान है। ऐसे में फिलहाल बढ़ रही ठंड से कुछ दिनों के लिए राहत मिल सकती है।

# 90 साल से महिला सशक्तिकरण की अलख जगा रहा अवध लेडीज क्लब

यूथ इंडिया, लखनऊ

महिला सशक्तीकरण की मुहिम भले ही आज व्यापक रूप ले चुकी हो, लेकिन अवध की धरती पर इसकी मजबूत नींव करीब 90 साल पहले ही रख दी गई थी। वर्ष 1936 में अवध की प्रबुद्ध नवाब बेगमों और रानियों ने महिलाओं को सामाजिक, शैक्षिक और सांस्कृतिक रूप से सशक्त बनाने के उद्देश्य से अवध लेडीज क्लब की स्थापना की थी। उस दौर में महिलाओं को समाज में आगे बढ़ने के अवसर सीमित थे, ऐसे समय में क्लब की स्थापना एक महत्वपूर्ण पहल साबित हुई। चंदा जुटाकर जमीन खरीदने से शुरू हुआ यह सफर आज भी शिक्षा, समाजसेवा और सांस्कृतिक गतिविधियों के माध्यम से निरंतर आगे बढ़ रहा है।

अवध लेडीज क्लब ने अपना 90वां स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया। इस अवसर पर विक्रमादित्य मार्ग स्थित क्लब परिसर में भव्य समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में अवध की सांस्कृतिक विरासत, महिला सशक्तीकरण और समाज में महिलाओं के योगदान को याद किया गया।

समारोह का प्रमुख आकर्षण अवध शक्ति सम्मान समारोह 2026-27 रहा, जिसमें विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान देने वाली महिलाओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में पद्मश्री मालिनी अवस्थी, पद्मश्री डॉ. विद्या बिंदु सिंह, भातखंडे संगीत विश्वविद्यालय की कुलपति डॉ. मांडवी सिंह, कथक नृत्य संरचनाकार एवं लेखिका डॉ. रेणु शर्मा, अनुपमा राय और नाट्य विधा की कलाकार चित्रा मोहन की उपस्थिति रही। विभिन्न क्षेत्रों में अपनी प्रतिभा और कार्यों से पहचान बनाने वाली इन महिलाओं की मौजूदगी ने समारोह को विशेष बना दिया।

# अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला सम्मेलन ने किया गोपाष्टमी एवं आंवला नवमी पूजन

यूथ इंडिया, लखनऊ



अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला सम्मेलन की ओर से बुधवार को लखनऊ के निराला नगर स्थित बाबा सारनदास मंदिर गोशाला में गोपाष्टमी एवं आंवला नवमी के अवसर पर पूजन कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान महिलाओं ने धार्मिक परंपराओं के अनुसार गोमाता का पूजन किया और आंवला नवमी के अवसर पर भी विधि-विधान से पूजा-अर्चना की।

कार्यक्रम का आयोजन धार्मिक आस्था और पारंपरिक मान्यताओं के अनुरूप किया गया। बाबा सारनदास मंदिर गोशाला में आयोजित इस पूजन के माध्यम से सम्मेलन की सदस्यों ने गोपाष्टमी एवं आंवला नवमी के पर्व की परंपराओं का निर्वहन किया। दोनों पर्वों का भारतीय संस्कृति और धार्मिक जीवन में विशेष महत्व माना जाता है। गोपाष्टमी पर गोमाता के पूजन की परंपरा है, जबकि आंवला नवमी पर आंवले के वृक्ष की पूजा की जाती है।

निराला नगर स्थित मंदिर गोशाला में हुए इस आयोजन के जरिए अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला सम्मेलन ने धार्मिक एवं सांस्कृतिक परंपराओं के प्रति अपनी आस्था व्यक्त की।

# विधानभवन पहुंचकर बच्चों ने जाना विधानसभा का कामकाज, अध्यक्ष सतीश महाना से की मुलाकात

यूथ इंडिया, लखनऊ




अंतरराष्ट्रीय बाल सप्ताह के अवसर पर विज्ञान फाउंडेशन की ओर से तीन जिलों के बच्चों को उत्तर प्रदेश विधानभवन का शैक्षिक भ्रमण कराया गया। इस दौरान श्रावस्ती, चित्रकूट और लखनऊ के कुल 55 बच्चों ने विधानभवन पहुंचकर विधानसभा की कार्यप्रणाली को करीब से समझा। बच्चों ने जाना कि विधानभवन कैसा होता है, विधानसभा में जनप्रतिनिधि किस तरह बैठकों में हिस्सा लेते हैं और सदन की कार्यवाही किस प्रकार संचालित की जाती है। इस शैक्षिक भ्रमण का उद्देश्य बच्चों को लोकतांत्रिक व्यवस्था, विधायी प्रक्रिया और जनप्रतिनिधियों की जिम्मेदारियों से परिचित कराना था।

विज्ञान फाउंडेशन के समन्वयक संजय सिंह ने बताया कि भ्रमण के दौरान बच्चों को विधानभवन की कार्यप्रणाली के बारे में जानकारी दी गई। उन्हें बताया गया कि विधानसभा में जनता से जुड़े मुद्दों पर किस तरह चर्चा होती है और जनप्रतिनिधि किस प्रकार अपने क्षेत्र की समस्याओं को सदन में उठाते हैं। बच्चों के लिए यह भ्रमण एक नया अनुभव रहा, जहां उन्हें किताबों में पढ़ी जाने वाली लोकतांत्रिक व्यवस्था को प्रत्यक्ष रूप से समझने का अवसर मिला।

भ्रमण के बाद बच्चों ने उत्तर प्रदेश विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना से भी मुलाकात की। इस दौरान विधानसभा अध्यक्ष ने बच्चों को जनप्रतिनिधियों की भूमिका और लोकतांत्रिक व्यवस्था में उनकी जिम्मेदारियों के बारे में विस्तार से बताया।

# दिल्ली के ज्वाला नगर में हादसे को दावत दे रहे अवैध निर्माण, हर पल मंडरा रहा मौत का खतरा

## ज्वाला नगर में रेलवे लाइन किनारे अवैध निमार्णों से जान का खतरा। ट्रेन गुजरने पर मकान कांपते, सैकड़ों परिवार मौत के साये में। नगर निगम ने अतिक्रमण हटाने और जर्जर इमारतों की जांच का आश्वासन





**पूर्वी दिल्ली।** रेलवे लाइन पर ट्रेन गुजरती है, तो ज्वाला नगर में मकान ही नहीं, उनमें रहने वाले सैकड़ों परिवारों की जिंदगी भी कांप उठती है। हर दिन सुबह से शाम तक यही सिलसिला चलता है, लेकिन जिम्मेदार अधिकारियों की नींद नहीं टूटती। रेलवे और सरकारी जमीन पर पिछले 25 से 30 साल में धीरे-धीरे पूरी अवैध कॉलोनी बस गई और इसका दायरा लगातार बढ़ता चला गया। हैरानी यह है कि इतने वर्षों में न रेलवे अधिकारियों ने अतिक्रमण रोकने की सुध ली और न ही नगर निगम ने जर्जर निमार्णों की जांच कर कोई ठोस कार्रवाई की।

**जिम्मेदारों पर कब होगी कार्रवाई**

अब एक इमारत ढहने के बाद कार्रवाई के दावे तो किए जा रहे हैं, लेकिन लोगों की मौत के लिए जिम्मेदारों पर कार्रवाई कब होगी, इसका जवाब किसी के पास नहीं। ज्वाला नगर में रेलवे लाइन से महज 50 से 100 मीटर की दूरी पर करीब आधा किलोमीटर के दायरे में 200 से 250 मकान बने हुए हैं। इनमें छोटे-छोटे कमरे बनाकर किराये पर दिए गए हैं। इन मकानों और किराये के कमरों में करीब 500 से 600 परिवार रह रहे हैं। शाहदरा से गाजियाबाद की ओर जाने वाली रेलवे लाइन पर दिनभर में करीब 25 से 30 ट्रेनें गुजरती हैं। ढही इमारत पहले से जर्जर थी और ट्रेन गुजरने से हुए कंपन के कारण ढह गई। इसके बावजूद आसपास के अन्य निमार्णों की सुरक्षा को लेकर अब तक कोई ठोस पहल नहीं हुई है।

**कबाड़ का कारोबार, खुले में डंप हो रहा कचरा:** अवैध निमार्णों के साथ रेलवे लाइन किनारे कबाड़ का कारोबार भी चल रहा है। यहां बोतलें, कांच की शीशियां, प्लास्टिक और अन्य कबाड़ खुले में जमा किया जाता है। वर्षों से चल रही इस गतिविधि पर भी जिम्मेदार विभागों ने कोई कार्रवाई नहीं की।

**जांच कराकर हटाया जाएगा अतिक्रमण:** नगर निगम के जोन चेयरमैन पंकज लूथरा ने कहा कि ज्वाला नगर में रेलवे लाइन किनारे बने अवैध निमार्णों की जांच कराई जाएगी। अभियान चलाकर अतिक्रमण हटाया जाएगा। रेलवे अधिकारियों से बातचीत कर उनकी जमीन खाली कराकर रेलवे के सुपुर्द की जाएगी। इलाके की जर्जर इमारतों की भी जांच कराई जाएगी, ताकि भविष्य में इस तरह के हादसों को रोका जा सके।

## दिल्ली के ज्वाला नगर में फरिश्ते बने पड़ोसी, बहादुरी दिखाते हुए बचाई कई लोगों की जिंदगी



**पूर्वी दिल्ली।** पड़ोसी आखिर पड़ोसी ही होता है, मुसीबत में कई बार खून के रिश्तों से भी बढ़कर अपना बन जाता है। ज्वाला नगर में जब 40 साल पुराना दो मंजिला मकान भरभराकर गिरा तो कुछ पलों के लिए पूरा इलाका सहम गया। तेज धमाके जैसी आवाज हुई, मकान जमींदोज हुआ और चारों तरफ धूल का ऐसा गुबार उठा कि कुछ दिखाई नहीं दे रहा था। लोगों को लगा जैसे भूकंप आ गया हो, लेकिन जब धूल छंटी तो सामने मकान नहीं, मलबे का पहाड़ था। उसके नीचे सात जिंदगियां जिंदगी और मौत के बीच जूझ रही थीं।

**किसी की चीख सुनाई दे रही थी..**

किसी की चीख सुनाई दे रही थी, तो कोई मदद के लिए पुकार रहा था। ऐसे में तमाशबीन बनने के बजाय पड़ोसी फरिश्ता बनकर दौड़े। न हाथों में कोई औजार था, न बचाव का कोई प्रशिक्षण, बस सामने जिंदगी बचाने की जिद थी। रामू, भानू प्रताप व अन्य लोग मलबे में हाथ डालकर लोगों को तलाशने लगे। करीब दस मिनट की मशक्कत में चार लोगों को बाहर निकाल लिया। सरकारी बचाव दल पहुंचने से पहले पड़ोसियों ने चार घरों के चिराग बुझने से बचा लिए। मलबे में दबे लोगों में गजक बनाने का काम करने वाले पिंटू, विकाश, अमन, दिलीप और आकाश भी थे। भानू प्रताप ने बताया कि तेज आवाज सुनकर बाहर निकले तो धूल के कारण कुछ दिखाई नहीं दे रहा था। बाद में चीखें सुनाई दीं तो आसपास के लोगों को बुलाया। रामू समेत छह लोग बिना किसी उपकरण के मलबा हटाने में जुट गए। पुलिस और दमकल की टीमें पहुंचने के बाद खुशबू, उसके तीन वर्षीय बेटे देवांश और पिंटू को बाहर निकाला गया। पिंटू सबसे आखिर में निकाला गया। इस हादसे में देवांश और पिंटू की मौत हो गई, जबकि घायलों को डा. हेडगेवार अस्पताल में भर्ती कराया गया।

**दीवाली पर बेटी घायल हुई, अब बेटे ने दुनिया को कहा अलविदा**

कन्हैया के परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा। दिहाड़ी मजदूरी करने वाले कन्हैया की आठ वर्षीय बेटी दीवाली पर छत से गिरकर घायल हो गई थी। उसका अस्पताल में इलाज चल रहा है। मंगलवार को कन्हैया बेटी के पास अस्पताल में थे। तभी फोन आया कि मकान गिर गया है। हादसे में तीन वर्षीय बेटे देवांश की मौत हो गई और पत्नी खुशबू घायल हो गईं। खबर सुनकर कन्हैया के पिता सुरेश पासवान बेसुध हो गए।

**किरायेदारों का नहीं हुआ था पुलिस सत्यापन**

करीब 700 वर्ग गज के परिसर में लगभग 30 कमरे हैं और करीब 70 किरायेदार रहते हैं। छोटे कमरे का किराया लगभग तीन हजार रुपये है। किरायेदारों का कहना है कि पूरे भवन में दरारें थीं। अधिकतर किरायेदार बिहार और उत्तर प्रदेश के मजदूर परिवारों से हैं। उनका पुलिस सत्यापन भी नहीं हुआ था।

**कुछ घंटे पहले गिरता मकान तो बड़ा होता हादसा**

किरायेदारों के अनुसार, अधिकतर मजदूर सुबह आठ से साढ़े आठ बजे तक काम की तलाश में निकल जाते हैं। हादसा करीब दस बजे हुआ। उनका कहना है कि यदि मकान कुछ घंटे पहले गिरता तो घरों में ज्यादा लोग मौजूद होते और जानमाल का नुकसान बढ़ सकता था।

## ताजनगरी के विकास को मिलेगी नई रफ्तार, आगरा के मास्टर प्लान को जल्द मिल सकती है हरी झंडी

**ग्रेटर नोएडा।** आगरा में नए शहर के मास्टर प्लान को प्रदेश सरकार की मंजूरी जल्द मिल सकती है। यमुना प्राधिकरण ने न्यू आगरा के मास्टर प्लान को स्वीकृति के लिए शासन को भेज दिया है। 14 हजार हेक्टेयर में नया शहर बसाया जाएगा। शासन से मास्टर प्लान को स्वीकृति के बाद यीडा जमीन अधिग्रहण की प्रक्रिया शुरू करेगा। यमुना प्राधिकरण के फेज दो में शामिल आगरा अर्बन शहर को औद्योगिक शहर के तौर पर विकसित किया जाएगा।

**प्रदूषण मुक्त उद्योग होंगे स्थापित**

इसमें प्रदूषण मुक्त उद्योग स्थापित होंगे। उद्योगों के साथ शहर में आवासीय और संस्थागत गतिविधियों के लिए भी सेक्टर विकसित होंगे। सुनियोजित शहरी विकास के साथ उद्योगों और रोजगार के नए अवसर पैदा किए जाएंगे। नए शहर में प्रदूषण मुक्त



और पर्यावरण के अनुकूल विकसित किया जाएगा। यीडा सीईओ राकेश कुमार सिंह का कहना है कि मास्टर प्लान को स्वीकृति के लिए शासन को भेज दिया गया है। शासन से स्वीकृति के बाद शहर के विकास की योजना पर काम शुरू किया जाएगा।

**शहर के ढांचागत विकास पर होगा काम शुरू:** जमीन क्रय या अधिग्रहण कर विकास योजनाएं निकाली जाएंगी। शहर के ढांचागत विकास पर काम शुरू होगा। सड़क, बिजली, पानी, सीवर के साथ ट्रांसपोर्ट आदि बुनियादी ढांचागत सुविधाएं विकसित की जाएंगी। उद्योग के साथ आवासीय योजनाएं निकाली जाएंगी। शहर को पर्यटन व हरित क्षेत्र के तौर पर विकसित किया जाएगा। इससे शहर में रहने वालों को प्रदूषण मुक्त वातावरण मिल सके। इसे ध्यान में रखते हुए ही ट्रांसपोर्ट सिस्टम विकसित किया जाएगा।

## दिल्ली में दादा के खाते से पोते ने उड़ाए 29.50 लाख; दो लोग गिरफ्तार




**पूर्वी दिल्ली।** जिस पोते पर बुजुर्ग दादा को बुढ़ापे में सहारा देने की जिम्मेदारी थी, उसी ने दोस्त के साथ मिलकर उनके बैंक खाते से 29.50 लाख रुपये निकाल लिए। पीड़ित 87 वर्षीय बुजुर्ग भारतीय नौसेना से सेवानिवृत्त हैं। आरोप है कि पोते ने दादा के बैंक खाते से जुड़ी जानकारी और मोबाइल नंबर का दुरुपयोग कर दोस्त के साथ मिलकर अप्रैल से अक्टूबर 2026 के बीच ठगी की। पूर्वी जिला साइबर थाना पुलिस ने पोते समेत दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है। आरोपितों ने ठगी की रकम से महंगी सैर-सपाटा, पार्टियां और मौज-मस्ती की। पुलिस ने ठगी की रकम से खरीदी गई एक पोलो कार और दो मोबाइल फोन बरामद किए हैं।

**जांच में कुल 29,50,892 रुपये की ठगी का खुलासा**

पूर्वी जिला पुलिस उपायुक्त राजीव कुमार ने बताया कि अश्वनी राघव की शिकायत पर साइबर थाना पूर्वी जिले में ई-एफआईआर दर्ज की गई थी। शिकायत में बताया गया था कि उनके 87 वर्षीय पिता जगदीश सिंह के बैंक खाते से अप्रैल से अक्टूबर के बीच संदिग्ध तरीके से रकम निकाली गई। जांच में कुल 29,50,892 रुपये की ठगी का पता चला।

**बुलंदशहर में दबिश देकर दोनों को गिरफ्तार किया**

इंस्पेक्टर पवन यादव, एसएचओ साइबर थाना पूर्वी के नेतृत्व में एएसआई शिव कुमार, हेड कांस्टेबल अनुराग और योगेश की टीम ने बैंक खातों, केवाईसी दस्तावेजों और लेनदेन की जांच की। पता चला कि 9,26,892 रुपये अभिषेक राघव के इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक खाते में और 20,24,000 रुपये तुषार चौधरी के पंजाब नेशनल बैंक खाते में भेजे गए थे। पुलिस ने बुलंदशहर में दबिश देकर दोनों को गिरफ्तार कर लिया।

**नोएडा में दोस्तों के साथ पार्टियां भी कीं**

पूछताछ में सामने आया कि 22 वर्षीय अभिषेक शिकायतकर्ता का बेटा और बुजुर्ग का पोता है। वह खुर्जा से बीए-एलएलबी कर रहा है। आरोप है कि उसने अपने दोस्त 22 वर्षीय तुषार के साथ मिलकर ठगी की साजिश रची। तुषार खुर्जा से नर्सिंग का कोर्स कर रहा है।

जांच में पता चला कि आरोपितों ने ठगी की रकम से मनाली, नैनीताल और ओडिशा की यात्राएं कीं। नोएडा में दोस्तों के साथ पार्टियां भी कीं। इसके अलावा 2.75 लाख रुपये में पोलो कार खरीदी और उसमें 1.25 लाख रुपये का म्यूजिक सिस्टम लगवाया।

## हवा की गुणवत्ता में सुधार, एम्स के आसपास का एक्यूआई 278 तो इंडिया गेट का 112

**नई दिल्ली :** दिल्ली में हवा सेहत के लिहाज है तो अभी भी ठीक नहीं लेकिन दिवाली के बाद गुणवत्ता में कुछ सुधार हुआ है। इसे राहत के तौर पर देखा जा रहा है। दिवाली पर दिल्ली के अधिकांश इलाकों में एक्यूआई 400 के पार पहुंच गया था मगर अब इसमें खासी गिरावट दर्ज की गई है। आज सवेरे दिल्ली के कई इलाकों में एक्यूआई 200 से नीचे रिकॉर्ड किया गया जबकि केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के मुताबिक सुबह 5 बजे के एम्स व आवंदि विहार में एक्यूआई 200 के पार रहा। सुबह एम्स का एक्यूआई 278 और आनंद विहार के आसपास का एक्यूआई 206 दर्ज किया गया जिसे 'खराब' श्रेणी में रखा गया है। सीपीसीबी के अनुसार इंडिया गेट के आसपास के इलाके में एयर क्वालिटी इंडेक्स 112 है और नेहरू स्टेडियम के आसपास एयर क्वालिटी इंडेक्स 152 है, जिसे 'मध्यम' की श्रेणी में रखा गया है।

**17 दिन बाद दिल्ली की हवा में लौटी राहत, गंभीर श्रेणी में पहुंचे 17 स्टेशन घटकर हुए शून्य**

दिल्ली की हवा में करीब 17 दिन बाद प्रदूषण से कुछ राहत मिली है। नवंबर की शुरूआत से लगातार गंभीर और बहुत खराब श्रेणी में बना वायु प्रदूषण अब धीरे-धीरे कम हो रहा है। इसका असर निगरानी केंद्रों के आंकड़ों में भी दिखाई देने लगा



है। कुछ दिन पहले तक जहां दिल्ली के 16 से 17 निगरानी केंद्रों पर एक्यूआई 400 के पार दर्ज किया जा रहा था, वहीं मंगलवार, 17 नवंबर को केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के 57 वैध निगरानी केंद्रों में एक भी गंभीर श्रेणी में नहीं रहा। सीपीसीबी के आंकड़ों के मुताबिक, मंगलवार को 26 केंद्रों पर हवा मध्यम, 30 पर खराब और केवल एक केंद्र पर बहुत खराब श्रेणी में दर्ज की गई। इसके उलट 16 नवंबर को 58 केंद्रों में से 17 पर हवा बहुत खराब और एक पर गंभीर श्रेणी में थी। यानी एक दिन में बहुत खराब श्रेणी वाले केंद्रों की संख्या 16 कम हुई, जबकि मध्यम श्रेणी वाले केंद्रों की संख्या दो से बढ़कर 26 पहुंच गई।

**कई इलाकों में 100 अंक से ज्यादा गिरा एक्यूआई:** प्रदूषण के स्तर में सबसे ज्यादा सुधार पंजाबी बाग और सिरीफोर्ट में देखने को मिला। पंजाबी बाग का एक्यूआई 363 से घटकर 240 रह गया। यहां 123 अंकों की गिरावट दर्ज की गई। वहीं, सिरीफोर्ट में एक्यूआई 424 से घटकर 303 पर पहुंच गया, यानी 121 अंक की कमी आई। आईआईटी दिल्ली में 92 और पूसा के आईआईटीएम केंद्र में 88 अंकों का सुधार दर्ज किया गया।

**चांदनी चौक और आईटीओ में अब भी चिंता:** प्रदूषण घटने के बावजूद राजधानी के कई इलाकों में हवा खराब श्रेणी में बनी हुई है। चांदनी चौक में 296, आईटीओ में 295, कॉमनवेल्थ स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में 294 और नॉर्थ कैंपस में 280 एक्यूआई दर्ज किया गया। वहीं, कैंटोनमेंट क्षेत्र में सबसे कम 122 एक्यूआई रहा। मेजर ध्यानचंद नेशनल स्टेडियम में 123 और झड़ोदा कलां में 135 एक्यूआई दर्ज किया गया।

## व्यापार मेले में छाई हिमाचल की पहाड़ी शॉल, गुच्छी मशरूम की भी चर्चा, 40 हजार रुपये किलो तक है कीमत

**नई दिल्ली :** पहाड़ों में तैयार होने वाले पारंपरिक उत्पाद अब दिल्ली के बाजार में अपनी पहचान बना रहे हैं। भारत मंडपम में आयोजित 45वें भारतीय अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेले (आईआईटीएफ-2026) में हिमाचल प्रदेश का मंडप स्थानीय कला, हस्तशिल्प और पहाड़ी खाद्य उत्पादों के आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। यहां कुल्लू की पारंपरिक शॉल और ऊनी स्टॉल से लेकर सिरमौर के फलों के जैम, बिलासपुर के पहाड़ी घी और चटनियों तक की मांग देखने को मिल रही है। सबसे ज्यादा चर्चा दुर्लभ गुच्छी मशरूम की है, जिसकी कीमत गुणवत्ता के अनुसार 15 हजार से 40 हजार रुपये प्रति किलो तक है। हिमाचल के मंडप की खासियत यह है कि यहां स्थापित 15 स्टॉल पर बड़े ब्रांड के साथ स्थानीय बुनकरों, महिला उद्यमियों और स्वयं सहायता समूहों को भी




अपने उत्पाद प्रदर्शित करने का अवसर मिला है। राज्य के लगभग सभी जिलों के कारीगर और कारोबारी पारंपरिक उत्पादों को नए ग्राहकों तक पहुंचाने की कोशिश कर रहे हैं। कुल्लू के आयुष सूद के स्टॉल पर समुद्री बकथॉर्न, गुच्छी मशरूम, शहद, शिलाजीत और शिंगू जीरा जैसे पहाड़ी उत्पाद उपलब्ध हैं। इनमें गुच्छी मशरूम खरीदारों का विशेष ध्यान खींच रही है। इसे मोरेल के नाम से भी जाना जाता है। पहाड़ी क्षेत्रों में प्राकृतिक रूप से मिलने वाली इस मशरूम का संग्रह कठिन होता है और उपलब्धता भी सीमित रहती है। यही वजह है कि बाजार में इसकी कीमत काफी अधिक है। आयुष सूद के मुताबिक, अच्छी गुणवत्ता वाली सूखी गुच्छी मशरूम 25 हजार से 40 हजार रुपये प्रति किलो तक बिकती है। आकार, गुणवत्ता और उपलब्धता के आधार पर इसके दाम बदलते रहते हैं। बाजार में इसकी कीमत 15 हजार रुपये प्रति किलो से भी शुरू होती है। हिमाचल प्रदेश के मंडप में भुट्टिको कुल्लू, हिम इरा, हिमाचल हैंडलूम एंड हैंडीक्राफ्ट और नूरपुर सिल्क मिल्स जैसी संस्थाएं हिस्सा ले रही हैं। इनके माध्यम से हथकरघा, हस्तशिल्प, पारंपरिक वस्त्रों और स्थानीय खाद्य उत्पादों को प्रदर्शित किया जा रहा है। मेले में महिला उद्यमिता की झलक सिरमौर की रुहानी तोमर और रितिका तोमर के स्टॉल पर भी दिखाई दे रही है।

दोनों पहाड़ी क्षेत्र में उपलब्ध फलों को प्रसंस्कृत कर जैम के रूप में बाजार तक पहुंचा रही हैं। उनके स्टॉल पर आड़ू, आलूबुखारा और खुबानी के जैम उपलब्ध हैं। एक पैक की कीमत 275 रुपये रखी गई है।

## पुलिस के हत्थे चढ़ा दुष्कर्म का आरोपी, पीड़िता को धमकी देकर ऐंठे थे पैसे

**नई दिल्ली।** दुष्कर्म के बाद अश्लील तस्वीरें और वीडियो प्रसारित करने की धमकी देकर पीड़िता से रुपये ऐंठने के मामले में फरार चल रहे घोषित अपराधी को पटेल नगर थाना पुलिस की टीम ने रोहतक से गिरफ्तार किया है। आरोपित की पहचान अरुण डबास उर्फ बिट्टू के रूप में हुई है। वह गिरफ्तारी से बचने के लिए लगातार अपने ठिकाने बदल रहा था। तीस हजारी कोर्ट ने उसे 13 अगस्त को ही घोषित अपराधी करार दिया था। पुलिस अब उसके अन्य आपराधिक मामलों की भी पड़ताल कर रही है। मध्य जिले के वरिष्ठ पुलिस अधिकारी के मुताबिक, पीड़िता की शिकायत पर पटेल नगर थाने में एफआईआर दर्ज की गई थी।

शिकायत में पीड़िता ने आरोप लगाया था कि अरुण ने खुद को एक ही जाति का होने के चलते उसका भाई बताकर पहले उसका विश्वास जीता। इसके बाद उसे नशीला पदार्थ खिला दिया, जिससे वह बेहोश हो गई। आरोप है कि इस दौरान उसने पीड़िता के साथ दुष्कर्म किया और उसकी अश्लील तस्वीरें व वीडियो बना लिए। बाद में इन्हीं तस्वीरों और वीडियो को इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित करने की धमकी देकर उससे रुपये वसूलने की कोशिश की। मामला दर्ज होने के बाद से ही आरोपित पुलिस की गिरफ्त से बच रहा था। उसकी तलाश में जुटी पटेल नगर थाना पुलिस ने तकनीकी निगरानी और खुफिया सूचनाओं के आधार पर उसके संभावित ठिकानों का पता लगाया।

टीम को 16 नवंबर को सूचना मिली कि आरोपित रोहतक स्थित सनसिटी टावर्स में मौजूद है। इसके बाद पुलिस टीम ने तत्काल दबिश देकर उसे दबोच लिया।

## सार संक्षेप

### पेपर लीक मामला: कोर्ट ने 14 आरोपियों के खिलाफ आरोप तय करने का दिया आदेश, 21 नवंबर को होगी औपचारिक प्रक्रिया



**नई दिल्ली :** राऊज एवेन्यू कोर्ट ने पेपर लीक मामले में 14 आरोपियों के खिलाफ आरोप तय करने का आदेश दिया है। इन आरोपों में कॉपीराइट अधिनियम के तहत अपराध भी शामिल हैं। ये आरोप सीबीआई की मुख्य और पूरक आरोप पत्रों में दर्ज अपराधों को कवर करते हैं। अदालत ने आरोपों को औपचारिक रूप से तय करने के लिए शनिवार, 21 नवंबर की तारीख निर्धारित की है। उस दिन सभी 14 आरोपियों को अदालत में भौतिक रूप से पेश होने का निर्देश दिया गया है, जिसके बाद आरोप तय करने की प्रक्रिया पूरी की जाएगी। मामले में आरोपित व्यक्तियों में मांगी लाल बिवाल, दिनेश बिवाल, विकास बिवाल, मनीषा वाघमारे, मनीष मंधारे, मनीषा हवालदार, पी.वी. कुलकर्णी, रघुनाथ मोटेगांवकर, मनोज शिरूरे, शुभम खैरनार, शेषराव बजरंग सूर्यवंशी, यश यादव, धनंजय लोखंडे और तेजस हर्षद कुमार शाह शामिल हैं। गौरतलब है कि नीट यूजी देश की प्रमुख चिकित्सा प्रवेश परीक्षा है, और इसके पेपर लीक होने की घटना ने परीक्षा प्रणाली की विश्वसनीयता पर गंभीर सवाल खड़े किए थे। सीबीआई ने इस मामले में विस्तृत जांच के बाद आरोप पत्र दाखिल किए थे। आरोप तय होने के बाद मामले की सुनवाई का अगला चरण शुरू होगा, जिसमें गवाहों और साक्ष्यों की जांच की जाएगी।

### खराब मिठाई देने का आरोप लगा तीन बाउंसर लेकर दुकान पहुंचा युवक, व्यापारी को पीटा



**गाजियाबाद।** गोविंदपुरम इलाके में तीन बाउंसरों के साथ मिठाई की दुकान पर पहुंचे युवक ने व्यापारी से मारपीट कर दी। पूरी घटना दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है, जिसका वीडियो इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित हो रहा है। पुलिस का कहना है कि पीड़ित की शिकायत पर शीघ्र कार्रवाई की जाएगी। गोविंदपुरम में मिठाई की दुकान से एक युवक ने दीपावली पर मिठाई खरीदी। उसने मिठाई गिफ्ट कर दी थी। युवक का आरोप है कि उसे खराब मिठाई थमा दी गई। जिससे उसकी प्रतिष्ठा खराब हुई है। युवक तीन बाउंसरों के साथ दुकान पर पहुंचे। सीसीटीवी फुटेज में युवक गाली देते और बाउंसर के साथ व्यापारी पर हमला करता दिख रहा है। विरोध करने पर एक बाउंसर ने व्यापारी का हाथ पकड़ लिया और पूरी तरह आक्रामक रुख अख्तियार कर लिया। पीड़ित दुकानदार द्वारा गलती स्वीकार करने और स्थिति संभालने की कोशिश करने के बावजूद दबंगई दिखा रहे युवकऔर उनके साथ आए बाउंसरों ने उसे गंदी-गंदी गालियां दीं और मारपीट पर उतारू हो गए। मामले में एसीपी कविनगर अभय राजेंद्र डागा ने बताया कि पीड़ित व्यापारी की शिकायत लेकर फुटेज के आधार पर शीघ्र कार्रवाई की जाएगी।

### कोहरा अभी शुरू भी नहीं हुआ और ट्रेनें होने लगीं लेट, 8.5 घंटे देरी से पहुंच रहीं गाड़ियां

**नई दिल्ली।** कोहरा पड़ने से पहले ही ट्रेनें देर होने लगी है। पूर्व दिशा की कई ट्रेनें दो से आठ घंटे तक की देरी से अपने गंतव्य पर पहुंच रही हैं। सबसे अधिक परेशानी विशेष ट्रेनों में यात्रा करने वाले यात्रियों को हो रही है। देरी से गंतव्य पर पहुंचने के कारण वापसी दिशा में उनके प्रस्थान समय में भी बदलाव करना पड़ रहा है। अधिक किराया देने के बावजूद यात्री समय पर नहीं पहुंच पा रहे हैं।

# सामुदायिक शौचालयों पर लटके ताले, ग्रामीणों को परेशानी

**● मवेशियों का बना अड्डा जिम्मेदारों की लापरवाही से स्वच्छता अभियान पर उठ रहे सवाल**

**यूथ इंडिया, सौरिख**



विकासखंड की ग्राम पंचायत सौरिख देहात के नगरिया तालपार में आम जनमानस की सुविधा के लिए बनवाए गए सामुदायिक शौचालय पर पिछले कई महीनों से ताला लटक रहा है। देखरेख और रखरखाव के अभाव में शौचालय परिसर मवेशियों का अड्डा बन गया है। वही जिम्मेदारों की लापरवाही के चलते ग्रामीणों को सरकारी सुविधाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा है।

बुधवार को विकासखंड की ग्राम पंचायत सौरिख देहात के नगरिया तालपार में पड़ताल के दौरान सामुदायिक शौचालय पर ताले लटकते मिले। इतना ही नहीं, शौचालय परिसर में ग्रामीणों ने मवेशी बांध रखे हैं। आसपास के ग्रामीणों का कहना है कि पिछले कई महीनों से शौचालय का ताला नहीं खुला है। परिसर में बड़ी-बड़ी घास उग आई है। वहीं, काफी समय से समरसेबल भी खराब पड़ा है। इसके चलते महिलाओं समेत ग्रामीणों को शौच क्रिया के लिए खुले में जाने को मजबूर होना पड़ रहा है। अधिकारियों और कर्मचारियों की लापरवाही के चलते सरकार के स्वच्छ भारत अभियान को पलीता लगाया जा रहा है।

सचिव राज विक्रम सिंह ने बताया कि शौचालय का टैंक भरने के कारण उसे बंद कर दिया गया है। सफाई होने के बाद दोबारा शुरू करा दिया जाएगा। मवेशी बांधने की उन्हें जानकारी नहीं है। जल्द ही परिसर को खाली कराया जाएगा।

## चकरपुर मंडी में गंदगी देख भड़के मंडी परिषद के निदेशक, अधिकारियों को लगाई फटकार

**यूथ इंडिया, कानपुर**



चकरपुर मंडी में सफाई व्यवस्था की बदहाली को लेकर बुधवार को मंडी परिषद के निदेशक जितेंद्र प्रताप सिंह ने औचक निरीक्षण किया। इस दौरान मंडी परिसर में जगह-जगह कूड़े के ढेर और नालियां चोक मिलीं, जिससे निदेशक नाराज हो गए।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने उपनिदेशक प्रशासन (विपणन) संजय कुमार सिंह और मंडी समिति के सचिव विजिन कुमार बालियान को जमकर फटकार लगाई। मंडी सचिव से नाराजगी जताते हुए उन्होंने कहा, भांग पी रखी है क्या? हटिए यहां से।

लापरवाही को गंभीरता से लेते हुए दोनों अधिकारियों को नोटिस जारी किया गया है। उन्हें 10 दिन के भीतर मंडी की सफाई व्यवस्था दुरुस्त करने का अल्टीमेटम दिया गया है। निदेशक ने स्पष्ट किया कि तय समय में सुधार नहीं होने पर निलंबन की कार्रवाई की जाएगी।

वहीं, व्यवस्थाओं की दोबारा जांच के लिए 28 नवंबर को निदेशालय की टीम चकरपुर मंडी पहुंचेगी।

## अवैध बहुमंजिला इमारतें बनीं हजारों परिवारों के लिए खतरा, अग्निकांड ने खोली पोल

**कानपुर।** पुराने मोहल्लों की संकरी गलियों में नियमों को ताक पर रखकर बनाई गई बहुमंजिला इमारतें अब लोगों की सुरक्षा के लिए बड़ा खतरा बन गई हैं। पटकापुर के राधिका अपार्टमेंट में हुए भीषण अग्निकांड में दो लोगों की मौत के बाद अवैध निर्माण और सुरक्षा व्यवस्था को लेकर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं।

घनी आबादी वाले इलाकों में कम जगह पर छह से सात मंजिला इमारतें बना दी गई हैं। आरोप है कि निर्माण के दौरान जिम्मेदार विभागों के अधिकारियों ने नियमों की अनदेखी की। आज इन इमारतों में हजारों परिवार रह रहे हैं, ऐसे में इन्हें हटाना भी प्रशासन के लिए बड़ी चुनौती बन गया है।

पटकापुर के रामनारायण बाजार स्थित गणेश मंदिर वाली गली में बने राधिका अपार्टमेंट का मामला केडीए की कार्यप्रणाली पर सवाल उठा रहा है। करीब 150 वर्गमीटर के भूखंड पर छह मंजिला इमारत बना दी गई, जबकि इसमें सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम भी नहीं थे। सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि कानपुर विकास प्राधिकरण (केडीए) के पास इस अपार्टमेंट के निर्माण से संबंधित कोई फाइल उपलब्ध नहीं है। यानी बिल्डर ने नक्शा पास कराने के लिए आवेदन तक नहीं किया था। अग्निकांड के बाद अब अवैध निर्माण और जिम्मेदार अधिकारियों की भूमिका की जांच की मांग तेज हो गई है।

## डीपीआरओ ने पांच गांवों की राशन दुकानों का किया निरीक्षण

**● खाद्यान्न वितरण व्यवस्था परखी, कोटेदारों को दिए आवश्यक निर्देश**

**यूथ इंडिया, सौरिख**



जिला पंचायत राज अधिकारी जितेंद्र कुमार गौड़ ने बुधवार को विकासखंड क्षेत्र की पांच ग्राम पंचायतों में राशन की दुकानों का औचक निरीक्षण किया। अचानक हुई कार्रवाई से कोटेदारों में हड़कंप मच गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने खाद्यान्न वितरण व्यवस्था की जानकारी लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री के निर्देश पर डीपीआरओ ने बहादुरपुर मझिगवां, सकरावा, रौसेन, शरीफाबाद और परौर स्थित राशन की दुकानों का निरीक्षण किया। उन्होंने सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत खाद्यान्न वितरण की व्यवस्था को परखा।

इस दौरान डीपीआरओ ने बताया कि जनपद में 29,417 अंत्योदय और 2,99,792 पात्र गृहस्थी राशन कार्ड हैं। कुल 3,29,209 राशन कार्डों पर 12 लाख 79 हजार यूनिट को प्रत्येक माह निशुल्क खाद्यान्न वितरित किया जाता है। उन्होंने बताया कि नवंबर माह में छह से 30 नवंबर तक निशुल्क खाद्यान्न वितरण कराया जाना है।

उन्होंने कहा कि सार्वजनिक वितरण प्रणाली को अधिक पारदर्शी और सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से राशन की दुकानों का निरीक्षण किया जा रहा है, जिससे पात्र लाभार्थियों को समय से खाद्यान्न मिल सके।

## महिला सुरक्षा और मतदाता जागरूकता का संदेश लेकर जुटीं सास-बहुएं

**● सम्मेलन में महिलाओं को बताए अधिकार, मौके पर मिले फार्म-6 के 20 आवेदन**

**यूथ इंडिया, कन्नौज**



महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान और मतदाता सूची में उनकी भागीदारी बढ़ाने के उद्देश्य से तहसील सदर सभागार में सास-बहू सम्मेलन आयोजित किया गया। जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री के निर्देश पर हुए सम्मेलन में महिलाओं को उनके अधिकारों, सुरक्षा संबंधी कानूनों और निर्वाचन प्रक्रिया में सक्रिय भागीदारी के प्रति जागरूक किया गया।

कार्यक्रम में महिलाओं के विरुद्ध अपराधों की रोकथाम, कानूनी प्रावधानों और सहायता सेवाओं की जानकारी दी गई। अधिकारियों ने महिलाओं से उत्पीड़न या अपराध की स्थिति में चुप रहने के बजाय संबंधित अधिकारियों और सहायता केंद्रों से संपर्क करने की अपील की।

कार्यक्रम में महिला मतदाताओं का शत-प्रतिशत पंजीकरण कराने पर विशेष जोर दिया गया। आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों और बीएलओ को समन्वय बनाकर पात्र महिलाओं के नाम मतदाता सूची में शामिल कराने के निर्देश दिए गए। सम्मेलन में मौके पर ही फार्म-6 के 20 आवेदन प्राप्त किए गए। इसके साथ ही प्रतिभागियों से स्व-गणना (सेल्फ एन्यूमरेशन) भी कराई गई।

कार्यक्रम में जिला कार्यक्रम अधिकारी महेंद्र प्रताप सिंह, जिला प्रोबेशन अधिकारी ओआर सिद्दीकी, तहसीलदार सदर, बाल विकास परियोजना अधिकारियों सहित वन स्टॉप सेंटर की केंद्र संयोजक और संबंधित कर्मचारी मौजूद रहे।

अधिकारियों ने बताया कि इसी क्रम में 19 नवंबर को तहसील तिर्वा में भी सास-बहू सम्मेलन आयोजित किया जाएगा।

## शॉर्ट सर्किट से पूर्व माध्यमिक विद्यालय में लगी आग, स्मार्ट टीवी समेत लाखों का सामान राख

**यूथ इंडिया, छिबरामऊ**



पूर्व माध्यमिक विद्यालय पलिया बूचपुर में मंगलवार रात शॉर्ट सर्किट से आग लग गई। आग की चपेट में आकर स्मार्ट क्लास में रखा स्मार्ट टीवी, बैटरी, इनवर्टर, स्टेबलाइजर, फर्नीचर और सेटअप बॉक्स समेत अन्य सामान जलकर राख हो गया। कमरे की दीवारें धुएं से काली पड़ गई।

पूर्व माध्यमिक विद्यालय पलिया बूचपुर गांव के बाहर मैदान में स्थित है। विद्यालय में 105 बच्चे अध्ययनरत हैं। विद्यालय का शैक्षिक स्तर अच्छा होने के कारण विभाग की ओर से यहां स्मार्ट क्लास संचालित की जा रही है। इसके लिए आधुनिक तकनीक से पढ़ाई कराने के उद्देश्य से लाखों रुपये खर्च कर स्मार्ट क्लास तैयार कराई गई थी।

बताया गया कि मंगलवार रात किसी समय शॉर्ट सर्किट से कमरे में आग लग गई। रात में विद्यालय बंद होने के कारण किसी को घटना की जानकारी नहीं हो सकी। बुधवार सुबह जब विद्यालय खोला गया तो कमरे से धुआं निकलता दिखाई दिया। अंदर जाकर देखा तो स्मार्ट क्लास में रखा लगभग सभी सामान जल चुका था।

प्रधानाध्यापक महाश्वेता गुप्ता ने बताया कि कमरे में रखी बैटरी, इनवर्टर, स्टेबलाइजर, फर्नीचर, सेटअप बॉक्स और स्मार्ट टीवी समेत सभी सामग्री जलकर नष्ट हो गई। कमरे में धुआं भरने से दीवारें भी काली पड़ गईं। घटना की सूचना विभागीय उच्चाधिकारियों को दे दी गई है। आग से हुए नुकसान के कारण विद्यालय की स्मार्ट क्लास प्रभावित हो गई है।

## जनगणना में सहयोग के लिए प्रधान को सौंपा अपील पत्र

**यूथ इंडिया, सौरिख**



विकासखंड सौरिख की ग्राम पंचायत बहादुरपुर मझिगवां के सभागार कक्ष में बुधवार को पहुंचे जिला पंचायत राज अधिकारी जितेंद्र कुमार गौड़ ने ग्राम प्रधान को जनगणना में सहयोग के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का अपील पत्र सौंपा। उन्होंने ग्राम प्रधान से ग्रामीणों को जनगणना के महत्व की जानकारी देकर अधिक से अधिक लोगों को जागरूक करने की अपील की।

जिला पंचायत राज अधिकारी ने ग्राम प्रधान मुदमंगल सिंह यादव को अपील पत्र सौंपते हुए बताया कि वर्ष 2027 की जनगणना के तहत 16 नवंबर से 30 नवंबर तक आमजन आधिकारिक पोर्टल के माध्यम से स्वयं और अपने परिवार की जानकारी दर्ज कर सकेंगे। इसके बाद एक दिसंबर से चार जनवरी 2027 तक प्रगणक घर-घर पहुंचकर जनगणना का कार्य पूरा करेंगे।

उन्होंने ग्राम प्रधान को निर्देश दिए कि गांव में जनसभाओं, बैठकों और सामाजिक एवं सामुदायिक कार्यक्रमों के माध्यम से लोगों को जनगणना के प्रति जागरूक किया जाए। साथ ही निर्धारित समय पर सही जानकारी उपलब्ध कराने के लिए ग्रामीणों को प्रेरित किया जाए।

उन्होंने कहा कि किसी भी राष्ट्र की विकास यात्रा में सही जानकारी और सटीक आंकड़ों का विशेष महत्व होता है। जनगणना से प्राप्त आंकड़े आने वाली पीढ़ियों के विकास की दिशा तय करने में सहायक होंगे।

**यूथ इण्डिया की मुहिम रंग लाई**

## हृदयरोग संस्थान तिर्वा मे एसोसिएट प्रोफेसर की तैनाती

**● पूजापाठ के बाद संस्थान में प्रो0 सुभाष चन्दा ने संभाला चार्ज**

**यूथ इंडिया, कन्नौज**


जब डाक्टर ही नही तो कहां से हो नियुक्ति

● जिला अस्पताल में भी डाक्टरो की भारी कमी

यूथ इंडिया। कन्नौज

(प्रकाश शर्मा)

इसे कन्नौज का दुर्भाग्य ही कहेंगे के कन्नौज मे 9 साल से हृदय रोग अस्पताल और केंसर अस्पताल तिर्वा के मेडिकल कालेज परिसर मे शानदार भारत के रूप मे खड़े है लेकिन यह दोनो अस्पतालो मे अभी तक डाक्टरो की तैनाती नही हो सकी है।

ऐसा लगता है और आम जन मानस का मानना है कि चिकित्सा स्वास्थ्य और शिक्षा अब सरकार की प्राथमिकता मे नही है। अन्यथा सवासे ज्यादा राजस्व देने वाला जिला डाक्टरो से महरूम नही होता। हृदय रोग और केंसर से पीड़ित मरीज कानपुर, दिल्ली, मुम्बई भागने पर मजबूर है।

तिर्वा के भीम राव रामजी अम्बेडकर राजकीय मेडिकल कालेज के लिए हृदय रोग अस्पताल और केंसर अस्पताल के लिए 407 करोड़ रूपया स्वीकृत किया था। दोनो अस्पताल बन कर तैयार है और पूरी तरह मशीने भी लगी हुई है।

ओपीडी, डे केयर, चायोप्सी और आपरेशन के लिए 1003 पद सृजित है लेकिन 9 साल बीतने के बाद अभी तक एक डाक्टर की नियुक्ती नही हो सकी है ताकि ओपीडी मे ही कम से कम हृदय रोग से सम्बन्धित मरीज देखे जा सके।

मेडिकल कालेज मे बने हृदय रोग अस्पताल मे मशीने भी है, कैथ लैब भी है। यहां अगर डाक्टरो की नियुक्ति हो जाये तो क्षेत्र के मरीजो को काफी लाभ मिल सकता है।

आम जन मानस का मानना है कि डाक्टरो की कमी भी है तो करोड़ो की लागत से बने अस्पताल मे दो हृदय रोग विशेषज्ञ चिकित्सकों की नियुक्ति भी कर दी जाए तो जनता को राहत मिल सकती है।

एसोसएस से जब इस संबंध मे बात की गई और उनसे पूछा कि जिला अस्पताल मे एक भी हृदय रोग और स्पेशन का डाक्टर नही है जिससे मरीजो को समय से इलाज नही मिल पाता और हृदय रोग से संबंधित मरीजो की जान चली जाती है।

इस सवाल के जवाब मे एसोएसस ने कहा कि जिला अस्पताल मे डाक्टरो की कमी है।डाक्टरो की नियुक्ती के लिए शासन को पत्र लिखा गया है ताकि मरीजो की सुविधाऐ बढ़ सके।

एसोएसस ने बताया कि 66 डाक्टरो की जगह पर जिला अस्पताल मे सत्रिवा मिलाकर 33 डाक्टर तैनात है। यह संख्या काफी कम है। यही हालत मेडिकल कालेज की है।

आज कन्नौज के हृदय रोग संस्थान मे कार्यभार ग्रहण किया।

इस मौके पर हृदय रोग संस्थान मे पूजन अर्चन का कार्यक्रम रखा गया जिसमे डा0 चन्द्रा ने भाग लिया। डा0 सुभाष चन्द्रा ने प्राचार्य के आग्रह पर सैफई मेडिकल कालेज से इस्तीफा देकर आज ही कार्यभार ग्रहण किया। डा0 सुभाष चन्द्रा अब ओपीडी मे हृदय रोग से सम्बंधित मरीज देखेंगे और उनका इलाज करेगे।

प्राचार्य डा0 पुष्पेन्द्र सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि कन्नौज का हृदय रोग संस्थान उच्चकोटि का बना है। इस संस्थान मे विदेश की अत्याधुनिक मशीने लगी हुई है। हृदयरोग से संबंधित डाक्टर की तैनाती के बाद हृदयरोग सम्बधित इको एवं कार्डियोलॉजी के साथ हृदयाघात रोगियो की भर्ती होगी।

उन्होने बताया कि अभी तक हृदयरोग से संबंधित मरीजो को कानपुर और लखनऊ रिफर किया जाता था लेकिन अब यहाँ सुचारू रूप से इलाज किया जायेगा। प्राचार्य ने यह भी कहा कि संस्थान में सभी जरूरी सुविधाये उपलब्ध कराने का प्रयास किया जायेगा। आऊट सोर्सिंग के माध्यम से कर्मियों को भर्ती कराया जायेगा ताकि रोगियों को अधिक से अधिक लाभ मिले।

गौरतलब है कि प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने अपने मुख्यमंत्री कार्यकाल मे तिर्वा मेडिकल कालेज परिसर मे हृदयरोग संस्थान एवं केंसर अस्पताल का निर्माण कराया था इस अस्पतालो मे अत्याधुनिक मशीने मंगाई गई थी लेकिन 2017 मे अखिलेश यादव की सरकार चुनाव हार गई और बीते दस सालो मे हृदय रोग संस्थान और केंसर अस्पताल वर्तमान सरकार चालू नही करा सकी।

अस्पताल चालू न हो से जनता मे काफी आक्रोश था। आपके अपने अखवार यूथ इण्डिया ने कई बार प्रमुखता से अस्पताल चालू न होने का मुद्दा उठाया। अभी भाजपा प्रदेश अध्यक्ष के कन्नौज आगमन पर भी यूथ इण्डिया ने यह मुद्दा उठाते हुए आगामी विधान सभा चुनाव मे हृदयरोग संस्थान का मुद्दा चुनाव मुद्दा बनने की बात कही थी लेकिन चुनाव से पूर्व प्राचार्य मेडिकल कालेज के प्रयास से हृदयरोग से संबंधित डाक्टर की तैनाती हो गई जिससे जनता मे खुशी नजर आ रही है।

## किसान दिवस में उठा ट्रांसफार्मर, खाद और सिंचाई का मुद्दा, अधिकारियों ने दिया समाधान का भरोसा

**● आलू भंडारण पर मिलेगी 20 हजार तक सब्सिडी, 31 दिसंबर तक कराना होगा पंजीकरण**

**यूथ इंडिया, कन्नौज**

विकास भवन स्थित हर्षवर्धन सभागार में बुधवार को मुख्य विकास अधिकारी राजेंद्र कुमार श्रीवास की अध्यक्षता में किसान दिवस आयोजित हुआ। इसमें किसानों ने बिजली, सिंचाई, खाद और अन्य समस्याएं उठाई। सीडीओ ने संबंधित अधिकारियों को शिकायतों का प्राथमिकता से निस्तारण करने के निर्देश दिए।

किसान अभिलाष सिंह यादव ने ट्रांसफार्मर बदलवाने और बिजनौरा में बी-पैक्स सहकारी समिति खोलने की मांग उठाई। वहीं, छिबरामऊ के जगतपुर निवासी रामलखन पाठक ने जल जीवन मिशन के तहत नल की टोंटी उपलब्ध न होने की शिकायत की। अधिकारियों ने समस्याओं के जल्द समाधान का भरोसा दिया।

बैठक में जिला उद्यान अधिकारी आशीष कटियार ने बताया कि आलू भंडारण पर एक रुपये प्रति किलो की दर से सब्सिडी मिलेगी। अधिकतम 20 हजार रुपये की धनराशि डीबीटी के माध्यम से किसानों के खातों में भेजी जाएगी। इसके लिए 31 दिसंबर तक पोर्टल पर पंजीकरण कराना होगा।

अधिकारियों ने सहकारी समितियों पर पर्याप्त खाद, गेहूं के 1200 क्विंटल और जौ के 108 क्विंटल बीज उपलब्ध होने की जानकारी दी। पशुपालन विभाग ने नंदिनी कृषक समृद्धि योजना और गोवंश टीकाकरण के बारे में बताया। लघु सिंचाई विभाग ने गहरे और मध्यम बोरिंग के लिए ऑनलाइन आवेदन करने की जानकारी दी।

सीडीओ ने कहा कि किसानों की समस्याओं का समाधान शासन-प्रशासन की प्राथमिकता है। योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र किसान तक पहुंचाया जाए।

किसान दिवस में कृषि विज्ञान केंद्र अनौगी के वैज्ञानिकों, विभिन्न विभागों के अधिकारियों और करीब 75 किसानों ने भाग लिया।

## स्व-गणना अभियान में कन्नौज प्रदेश में पांचवें स्थान पर

**● पांच निकायों की धीमी प्रगति पर डीएम सख्त, जन जागरूकता बढ़ाने के निर्देश**

**यूथ इंडिया, कन्नौज**

जनगणना-2027 के स्व-गणना अभियान में कन्नौज ने प्रदेश में पांचवां स्थान हासिल किया है।

17 नवंबर की प्रगति रिपोर्ट के आधार पर जिलाधिकारी एवं प्रमुख जनगणना अधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री ने अभियान की समीक्षा की। इस दौरान पांच क्षेत्रों की प्रगति पर विशेष ध्यान देने और सुधार लाने के निर्देश दिए।

समीक्षा में डीएम ने तहसील छिबरामऊ, कन्नौज और तिर्वा के साथ नगर पालिका परिषद कन्नौज तथा नगर पंचायत तालग्राम की स्व-गणना प्रगति पर विशेष जोर दिया। डीएम ने संबंधित चार्ज अधिकारियों को जनजागरूकता बढ़ाने और अधिक से अधिक परिवारों को स्व-गणना के लिए प्रेरित करने को कहा। साथ ही नियमित निगरानी और विभागीय समन्वय से अभियान में तेजी लाने के निर्देश दिए।

इसी क्रम में जनगणना कार्य निदेशालय लखनऊ की ओर से मुख्यमंत्री की स्व-गणना संबंधी अपील सभी जनप्रतिनिधियों को भेजी गई है। डीएम इसे जनपद के जनप्रतिनिधियों तक पहुंचा रहे हैं, ताकि अभियान में अधिक से अधिक लोगों की भागीदारी सुनिश्चित हो सके।

गौरतलब है कि प्रदेश में 16 से 30 नवंबर तक स्व-गणना की सुविधा उपलब्ध है। लोग se.census.gov.in (https://se.census.gov.in?utm_source=chatgpt.com) पोर्टल पर घर बैठे परिवार की जानकारी दर्ज कर सकते हैं।

### 25 को बंद रहेंगी मांस की दुकानें और पशु वधशालाएं

**कन्नौज।** साधु टीएल वासवानी की जयंती पर 25 नवंबर को जिले के सभी नगरीय निकायों में पशुवधशालाएं और मांस की दुकानें पूरी तरह बंद रहेंगी। नवागंतुक अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) रतन ने सभी नगर निकायों के अधिशासी अधिकारियों को इस संबंध में निर्देश जारी किए हैं। उन्होंने आदेश का कड़ाई से पालन सुनिश्चित कराने को कहा है।

## घर में घुसकर तोड़फोड़ और युवक से मारपीट, पांच पर रिपोर्ट

**यूथ इंडिया, सौरिख**

सकरावा थाना क्षेत्र के करीला गांव में पुरानी रंजिश को लेकर दबंगों ने घर में घुसकर जमकर तोड़फोड़ की। विरोध करने पर युवक के साथ लाठी-डंडों से मारपीट कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया। शोरगुल सुनकर आसपास के लोगों को आता देख आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने पांच लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

सकरावा क्षेत्र के करीला गांव निवासी प्रवीन कुमार पुत्र राघवेंद्र सिंह की गांव के ही शिवेंद्र कुमार पुत्र अरविंद सिंह से पुरानी रंजिश चली आ रही है। आरोप है कि 16 नवंबर की रात करीब 9:30 बजे प्रवीन कुमार अपने दरवाजे पर बैठा था। तभी पुरानी रंजिश को लेकर शिवेंद्र कुमार, उसका भाई नवनीत, मैनपुरी जनपद के किशनी थाना क्षेत्र के परतापुर गांव निवासी विकास उर्फ बीके पुत्र ब्रजराज, अंशुल कुमार पुत्र विनोद कुमार और नितिन पुत्र पप्पू लाठी-डंडे लेकर पहुंच गए और गाली-गलौज करने लगे।

विरोध करने पर आरोपी मारपीट पर आमादा हो गए। इस पर प्रवीन घर के अंदर घुस गया। आरोप है कि सभी आरोपी पीछे से घर में घुस आए और घर में रखे सामान में तोड़फोड़ करने के बाद प्रवीन के साथ मारपीट शुरू कर दी। शोरगुल की आवाज सुनकर आसपास के लोगों को आता देख आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए। मारपीट में प्रवीन के शरीर पर कई जगह चोटें आई।

पीड़ित प्रवीन की तहरीर पर पुलिस ने पांचों आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है। वहीं, घटना को लेकर गांव में दोनों पक्षों के बीच तनाव बना हुआ है।

## 28 नवंबर को विशेष लोक अदालत, लंबित यातायात चालानों का होगा निस्तारण

**यूथ इंडिया, कन्नौज**

लंबित यातायात चालानों के निस्तारण के लिए 28 नवंबर को जनपद न्यायालय में विशेष लोक अदालत आयोजित की जाएगी। इलाहाबाद उच्च न्यायालय और उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देश पर होने वाली इस लोक अदालत में मोटर वाहन अधिनियम के तहत लंबित चालान मामलों का आपसी सुलह-समझौते के आधार पर निस्तारण किया जाएगा।

इसमें 12 सितंबर को आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत में सूचीबद्ध किए गए ऐसे चालान मामलों को प्राथमिकता दी जाएगी, जिनका अब तक निस्तारण नहीं हो सका है। इसके अलावा अन्य लंबित चालान वादों का भी नियमानुसार निस्तारण किया जाएगा।

वादकारियों की सुविधा के लिए न्यायालय परिसर में पराविधिक स्वयंसेवक तैनात रहेंगे। ये स्वयंसेवक पेमेंट सेतु पोर्टल के माध्यम से जुर्माने का ऑनलाइन भुगतान कराने में मदद करेंगे। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव इक्कन न्यायाधीश पौमेला श्रीवास्तव ने अधिवक्ताओं और आम नागरिकों से अपील की है कि वे विशेष लोक अदालत में पहुंचकर अपने लंबित यातायात चालानों का निस्तारण कराएं और इस अवसर का लाभ उठाएं।

## महारैली की तैयारी में जुटी आजाद समाज पार्टी, सैकड़ों ने ली सदस्यता

**● छिबरामऊ में समीक्षा बैठक, 26 नवंबर की रैली को ऐतिहासिक बनाने का आह्वान**

**यूथ इंडिया, छिबरामऊ**



आजाद समाज पार्टी की 26 नवंबर को प्रस्तावित बहुजन स्वराज संकल्प महारैली की तैयारियों को लेकर छिबरामऊ में समीक्षा बैठक हुई।

इस दौरान पूर्व विधायक प्रत्याशी चंदन पठान ने सैकड़ों समर्थकों के साथ पार्टी की सदस्यता ग्रहण की।

मुख्य अतिथि राष्ट्रीय कोर कमेटी सदस्य एवं जोन प्रभारी शिवप्रकाश विश्वकर्मा ने कार्यकर्ताओं को रैली की सफलता के लिए दिशा-निर्देश दिए।

उन्होंने भाजपा सरकार पर बेरोजगारी, महंगाई और बहुजन समाज के शोषण को लेकर निशाना साधा। कहा कि यह महारैली प्रदेश की राजनीति की दिशा तय करेगी। उन्होंने कार्यकर्ताओं से अधिक से अधिक लोगों को रैली में पहुंचाने की अपील की।

इस मौके पर प्रभात गौतम, चांद खां, गुलाम वारिस, छबिराम जाटव, पवन गौतम, गुड्डू कठेरिया, नेम सिंह, शिवकुमार कठेरिया, अरशद खां सहित कई पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## अब नगर पालिका के हवाले होगा महादेवी घाट, व्यवस्थाओं में आएगा बदलाव

**● विकास और सौंदर्यीकरण पर खर्च होंगे 42 लाख**

**यूथ इंडिया, कन्नौज**

महादेवी घाट की व्यवस्थाओं को लेकर अब तस्वीर बदलने की तैयारी है। शहर के प्रमुख अंत्येष्टि स्थल का संचालन अब ग्राम सभा के बजाय नगर पालिका परिषद कन्नौज करेगी।

राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) असीम अरुण की पहल पर लिए गए इस फैसले से घाट पर सुविधाओं के विस्तार और प्रबंधन में सुधार का रास्ता साफ हो गया है।

अब तक सीमित संसाधनों के सहारे चल रहे घाट पर व्यवस्थाओं को लेकर कई चुनौतियां थीं। नगर क्षेत्र की बड़ी आबादी इसी स्थल पर अंत्येष्टि के लिए पहुंचती है। ऐसे में इसके बेहतर रखरखाव की जरूरत लंबे समय से महसूस की जा रही थी। इसी को देखते हुए नगर पालिका को जिम्मेदारी देने का निर्णय लिया गया। आयुक्त से भी इसके लिए अनुमति मिल चुकी है।

नई व्यवस्था में घाट पर साफ-सफाई, पेयजल और दूसरी जरूरी सुविधाओं की निगरानी नगर पालिका करेगी। यहां शुल्क वसूली को भी पारदर्शी बनाने के लिए कंप्यूटरीकृत व्यवस्था लागू की जाएगी। खास बात यह होगी कि अंत्येष्टि स्थल से होने वाली आय का इस्तेमाल किसी अन्य मद में नहीं, बल्कि घाट के रखरखाव और विकास पर ही किया जाएगा।

वहीं, प्रदेश सरकार की %नगरों में अंत्येष्टि स्थल विकास योजना% के तहत महादेवी घाट के लिए करीब 42 लाख रुपये की धनराशि उपलब्ध कराई गई है। इससे घाट के सौंदर्यीकरण और बुनियादी सुविधाओं को विकसित करने के कार्य कराए जाएंगे। जिम्मेदारी के साथ बजट मिलने से उम्मीद है कि आने वाले समय में महादेवी घाट की व्यवस्थाएं पहले से अधिक बेहतर और सुव्यवस्थित नजर आएंगी।

## सम्पादकीय

# दिल्ली की जहरीली हवा पर सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणी ने खोली व्यवस्था की पोल



शरद कटियार
सम्पादक/संस्थापक
यूथ इण्डिया
youthindianews@gmail.com

देश की राजधानी दिल्ली में वायु प्रदूषण की समस्या अब केवल पर्यावरण से जुड़ा मुद्दा नहीं रह गई है, बल्कि यह आम नागरिकों के स्वास्थ्य, जीवनशैली और भविष्य से जुड़ा गंभीर संकट बन चुकी है। हालात ऐसे हैं कि प्रदूषित हवा का असर अब न्यायपालिका की सुनवाई के दौरान भी चर्चा का विषय बनने लगा है। बुधवार को सुप्रीम कोर्ट में एक पारिवारिक विवाद की सुनवाई के दौरान जस्टिस जेबी पारदीवाला ने दिल्ली की खराब वायु गुणवत्ता पर ऐसी टिप्पणी की, जिसने राजधानी के प्रदूषण संकट की गंभीरता को एक बार फिर सामने ला दिया।

दरअसल, सुप्रीम कोर्ट में पिता और बच्चों के बीच मुलाकात के अधिकार से संबंधित एक मामले की सुनवाई हो रही थी। जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस केवी विश्वनाथन की पीठ के समक्ष दिल्ली में रहने वाले पिता ने शिकायत की थी कि उनकी अलग रह रही पत्नी ने अदालत के आदेश के बावजूद बच्चों को सिंगापुर भेज दिया है। इससे बच्चों के साथ मिलने-जुलने का उनका अधिकार प्रभावित हो रहा है। सुनवाई में बेटा भी सिंगापुर से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़ा था। अदालत ने पिता को समय-समय पर सिंगापुर जाकर बेटे से मिलने तथा बेटी को कुछ समय के लिए अपने पास बुलाने का सुझाव दिया।

इस दौरान पिता ने इच्छा जताई कि उनका बेटा स्कूल की छुट्टियों में दिल्ली आकर भी उनके साथ समय बिताए। इस पर जस्टिस पारदीवाला ने हल्के-फुल्के अंदाज में कहा कि पहले दिल्ली का एक्यूआई थोड़ा नीचे आने दीजिए, क्योंकि सिंगापुर की हवा बहुत साफ है। उनकी यह टिप्पणी भले ही सहज और हास्यपूर्ण अंदाज में की गई हो, लेकिन इसके पीछे राजधानी की वायु गुणवत्ता को लेकर एक बड़ी चिंता छिपी हुई है। वरिष्ठ अधिवक्ता सिद्धार्थ लूथरा ने भी प्रदूषण से बचने के लिए सभी के सिंगापुर चले जाने की बात कही, जिस पर न्यायमूर्ति ने मुस्कुराते हुए जवाब दिया कि ऐसा अगले जन्म में ही संभव होगा।

यह पूरा प्रसंग दिल्ली की उस कड़वी वास्तविकता की ओर ध्यान आकर्षित करता है, जहां स्वच्छ हवा जैसी बुनियादी आवश्यकता भी चिंता का विषय बनती जा रही है। हर साल सर्दियों के मौसम में राजधानी और आसपास के क्षेत्रों में प्रदूषण का स्तर बढ़ जाता है। वाहनों से निकलने वाला धुआं, निर्माण कार्यों से उड़ने वाली धूल, औद्योगिक उत्सर्जन, कचरा जलाने और अन्य स्रोतों से निकलने वाले प्रदूषक हवा को दूषित करते हैं। मौसम संबंधी परिस्थितियां भी प्रदूषकों को वातावरण में लंबे समय तक रोके रखने में भूमिका निभाती हैं।

सबसे चिंताजनक पहलू यह है कि प्रदूषण का असर किसी एक वर्ग तक सीमित नहीं रहता। बच्चों, बुजुर्गों और पहले से स्वास्थ्य संबंधी परेशानियों से जूझ रहे लोगों को विशेष कठिनाइयों का सामना करना पड़ सकता है। स्कूल जाने वाले बच्चों से लेकर रोजाना काम के सिलसिले में घर से बाहर निकलने वाले लोगों तक, हर कोई इस समस्या से प्रभावित होता है। ऐसे में सवाल उठना स्वाभाविक है कि आखिर राजधानी के नागरिकों को स्वच्छ हवा में सांस लेने का अधिकार कब सुनिश्चित होगा?

दिल्ली में प्रदूषण नियंत्रण के लिए समय-समय पर कई योजनाएं और प्रतिबंध लागू किए जाते हैं। निर्माण गतिविधियों पर रोक, वाहनों के संचालन से जुड़े नियम, धूल नियंत्रण के उपाय और अन्य आपातकालीन कदम उठाए जाते हैं। हालांकि, केवल प्रदूषण बढ़ने के बाद प्रतिबंध लगाने से स्थायी समाधान संभव नहीं है। जरूरत इस बात की है कि प्रदूषण के स्रोतों की पहचान कर उन पर पूरे साल प्रभावी ढंग से काम किया जाए। केंद्र सरकार, दिल्ली सरकार, पड़ोसी राज्यों और संबंधित एजेंसियों के बीच बेहतर समन्वय भी जरूरी है।

सुप्रीम कोर्ट में जस्टिस पारदीवाला की टिप्पणी को केवल एक हल्के-फुल्के संवाद के रूप में देखकर नजरअंदाज नहीं किया जाना चाहिए। यह उस समस्या की याद दिलाती है, जिसका सामना राजधानी के लाखों लोग रोजाना कर रहे हैं। जब देश की राजधानी की हवा ही लोगों के लिए चिंता का कारण बन जाए, तो विकास, आधुनिक सुविधाओं और बेहतर जीवन स्तर के दावों पर भी गंभीरता से विचार करने की आवश्यकता है।

अब समय आ गया है कि प्रदूषण नियंत्रण को मौसमी अभियान के बजाय स्थायी प्राथमिकता बनाया जाए। स्वच्छ हवा कोई विशेष सुविधा या किसी खास वर्ग का अधिकार नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक की बुनियादी जरूरत है। अदालतों की टिप्पणियां समस्या की गंभीरता को सामने ला सकती हैं, लेकिन वास्तविक बदलाव प्रशासनिक इच्छाशक्ति, वैज्ञानिक योजना और सख्त क्रियान्वयन से ही आएगा। राजधानी को ऐसी स्थिति में पहुंचाना होगा, जहां किसी पिता को अपने बच्चे को दिल्ली बुलाने से पहले यहां की हवा के बारे में चिंता न करनी पड़े।

**प्रधान संपादक**

# देवउठनी एकादशी: मनुष्य के विवेक, संवेदना और कर्तव्यबोध के जागरण का अवसर



डॉ. दीपक गोस्वामी

देवउठनी एकादशी को हम भगवान विष्णु के योगनिद्रा से जागने का पर्व मानते हैं। लेकिन क्या कभी हमने स्वयं से पूछा कि भगवान के जागने की प्रतीक्षा करने वाला समाज आखिर कब जागेगा? क्या भूखे किसान, बेरोजगार युवा, उपेक्षित बुजुर्ग, असहाय महिलाएं, निराश्रित पशु और पर्यावरण की पीड़ा से कराहती प्रकृति हमारी चेतना को नहीं झकझोरते? देवउठनी एकादशी का वास्तविक सामाजिक संदेश इसी प्रश्न में छिपा है। यह केवल देवोत्थान नहीं, मनुष्य के विवेक, संवेदना और कर्तव्यबोध के जागरण का अवसर है।

धार्मिक मान्यता के अनुसार आषाढ़ शुक्ल एकादशी से भगवान विष्णु योगनिद्रा में जाते हैं और कार्तिक शुक्ल एकादशी को जागते हैं। इन चार महीनों को चातुर्मास कहा जाता है। देवउठनी अथवा देवोत्थान एकादशी के बाद अनेक मांगलिक कार्यों, विशेषकर विवाह संस्कारों के मुहूर्त पुनः आरंभ होते हैं। यह हमारी पौराणिक परंपरा और सामाजिक जीवन का महत्वपूर्ण हिस्सा है। इसे केवल वैदिक विधान कहना उचित नहीं होगा, बल्कि इसके आध्यात्मिक और सामाजिक अर्थों को समझना अधिक आवश्यक है।

**आध्यात्मिक जागरण: विष्णु नहीं, हमारा विवेक जागे**

विष्णु को व्यापकता और पालन का प्रतीक माना जाता है। लक्ष्मी केवल धन-संपत्ति नहीं, अन्न, ज्ञान, आरोग्य, परिश्रम और समृद्धि की भी प्रतीक हैं। प्रश्न यह है कि जिस समाज में धन तो बढ़ रहा है, लेकिन संवेदना घट रही है, वहां वास्तविक लक्ष्मी कहां हैं? जिस परिवार में सुविधाएं हैं, लेकिन बुजुर्ग अकेले हैं, वहां समृद्धि का अर्थ क्या है?

देवउठनी हमें अपने भीतर झांकने का अवसर देती है। क्या हमारा विवेक जागा? क्या हमारी कमाई ईमानदार हुई? क्या हमारे व्यवहार में करुणा आई? क्या हमने किसी जरूरतमंद का हाथ थामा? भगवान के जागरण की धार्मिक मान्यता तभी सामाजिक अर्थ प्राप्त करती है, जब मनुष्य अपने कर्तव्यों के प्रति जागरूक हो।

**तुलसी विवाह: प्रकृति से पारिवारिक संबंध का संस्कार**

देवउठनी एकादशी की सुंदर परंपराओं में तुलसी विवाह विशेष स्थान रखता है। तुलसी को भारतीय घरों में पवित्रता, श्रद्धा और पारंपरिक औषधीय उपयोगिता का प्रतीक माना गया है। तुलसी विवाह का संदेश केवल एक पौधे का धार्मिक पूजन नहीं, बल्कि प्रकृति के साथ आत्मीय संबंध स्थापित करना भी हो सकता है।

आज संसार जलवायु परिवर्तन, वायु प्रदूषण, जल संकट और जैव विविधता के विनाश जैसी चुनौतियों से जूझ रहा है। ऐसे समय में तुलसी विवाह हमें याद दिलाता है कि प्रकृति उपभोग की वस्तु नहीं, जीवन का आधार है। लेकिन केवल एक दिन तुलसी के सामने दीपक जलाना पर्याप्त नहीं। उसकी नियमित देखभाल, जल संरक्षण, वृक्षारोपण और हरित परिवेश का निर्माण भी आवश्यक है।

तुलसी में यूजेनॉल सहित अनेक जैव सक्रिय तत्व पाए जाते हैं। वैज्ञानिक अध्ययनों में इसके कुछ औषधीय गुणों के संकेत मिले हैं, लेकिन इसे सभी रोगों का उपचार अथवा निश्चित रोग प्रतिरोधक औषधि कहना वैज्ञानिक दृष्टि से उचित नहीं होगा। श्रद्धा और विज्ञान का संबंध सत्य तथा विवेक पर आधारित होना चाहिए।

**सामाजिक समरसता**

तुलसी विवाह और सामूहिक धार्मिक आयोजन समाज को एकत्रित करने के अवसर हैं। इसमें गरीब और संपन्न, ग्रामीण और शहरी, सभी को समान सम्मान के साथ सम्मिलित करने की संभावना है। लेकिन यह समानता तभी सार्थक है, जब जाति, वर्ग, लिंग और आर्थिक स्थिति के आधार पर किसी के साथ भेदभाव न हो।

समरसता केवल मंच से दिए गए भाषणों से नहीं आती। वह तब आती है, जब समाज का संपन्न व्यक्ति निर्धन के साथ बैठता है, जब किसी विधवा को सम्मान मिलता है और जब वंचित परिवार को भी धार्मिक तथा सामाजिक गतिविधियों में बराबर की भागीदारी मिलती है।

विवाह को संस्कार कहना उचित है, लेकिन संस्कार का अर्थ दहेज, दिखावा और आर्थिक बोझ नहीं। विवाह में सहमति, समानता, परस्पर सम्मान और जिम्मेदारी का होना अनिवार्य है। तुलसी विवाह से प्रेरणा लेकर हमें मनुष्य के वैवाहिक संबंधों में भी इन मूल्यों को प्रतिष्ठित करना चाहिए।

**आर्थिक जागरण:** देवउठनी के बाद अनेक क्षेत्रों में विवाह और मांगलिक आयोजनों का मौसम आरंभ होता है। इससे हलवाई, कुम्हार, फूल विक्रेता, दर्जी, सुनार, टेंट संचालक, बैंड कलाकार, फोटोग्राफर, वाहन चालक और छोटे दुकानदारों को रोजगार के अवसर मिलते हैं।

कॉन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स के अनुसार वर्ष 2025 के 1 नवंबर से 14 दिसंबर के विवाह सत्र में लगभग 46 लाख विवाह और 6.5 लाख करोड़ रुपये के कारोबार का अनुमान लगाया गया था। (यह व्यापारिक संगठन का अनुमान है, सरकारी लेखा अथवा प्रमाणित राष्ट्रीय गणना नहीं।)इस आर्थिक गतिविधि का वास्तविक लाभ तभी अंतिम जन तक पहुंचेगा, जब स्थानीय कारीगरों, छोटे दुकानदारों और श्रमिकों को उचित पारिश्रमिक मिले। मिट्टी के दीपक, स्थानीय फूल, मौसमी फल और क्षेत्रीय उत्पाद खरीदना स्थानीय अर्थव्यवस्था को सहारा दे सकता है। साथ ही विवाह के नाम पर कर्ज, अपव्यय और दिखावे की प्रतिस्पर्धा समाप्त करना भी आवश्यक है।

**वैज्ञानिक जागरूकता: व्रत में श्रद्धा, स्वास्थ्य में सावधानी**

एकादशी व्रत आत्मसंयम, अनुशासन और भोजन संबंधी सजगता की धार्मिक परंपरा है। आधुनिक चिकित्सा में भी समयबद्ध भोजन और अंतराल पर उपवास के प्रभावों का अध्ययन किया जा रहा है। लेकिन प्रत्येक व्यक्ति के लिए उपवास लाभकारी हो, ऐसा प्रमाणित नहीं है।

समुद्र में ज्वार-भाटा पर चंद्रमा और सूर्य के गुरुत्वाकर्षण का प्रभाव पड़ता है। अमावस्या और पूर्णिमा के आसपास सामान्यतः बड़े ज्वारीय अंतर देखने को मिलते हैं। इससे यह निष्कर्ष नहीं निकाला जा सकता कि एकादशी के दिन मानव शरीर में समुद्र जैसा ज्वार उत्पन्न होता है अथवा शरीर पर कोई विशेष चंद्र प्रभाव पड़ता है। मधुमेह, गर्भावस्था, वृद्धावस्था और अन्य स्वास्थ्य समस्याओं से जूझ रहे लोगों को चिकित्सकीय सलाह के बिना कठिन उपवास नहीं करना चाहिए। धर्म का उद्देश्य जीवन को अनुशासित बनाना है, स्वास्थ्य को संकट में डालना नहीं।

**मनोवैज्ञानिक जागरण:** सामूहिक दीपदान, भजन,पारिवारिक सहभागिता और सामाजिक मेल-मिलाप व्यक्ति में अपनापन तथा सकारात्मकता बढ़ाने में सहायक हो सकते हैं। अकेलेपन से जूझ रहे बुजुर्गों, निराश युवाओं और उपेक्षित परिवारों को सामुदायिक सहयोग की आवश्यकता है।

लेकिन अवसाद केवल नकारात्मक सोच नहीं है और न ही दीपदान उसका चिकित्सकीय उपचार है। मानसिक स्वास्थ्य संबंधी समस्या में विशेषज्ञ की सहायता लेना आवश्यक हो सकता है। धार्मिक उत्सव उपचार का विकल्प नहीं, सामाजिक सहारे का माध्यम बन सकते हैं।

इस देवउठनी एकादशी पर तीन दीपक जलाने का संकल्प लें। पहला अपने घर में, दूसरा किसी जरूरतमंद के घर में और तीसरा किसी सेवा स्थल पर। तीन पौधे लगाएं और उनकी नियमित देखभाल करें। किसी निर्धन परिवार की शिक्षा, भोजन अथवा स्वास्थ्य सहायता में योगदान दें।

**प्रस्तुति: यूथ इंडिया न्यूज ग्रुप**

# क्या पेड़ों में भी होती हैं मांसपेशियां? प्रकृति का एक अद्भुत रहस्य



डॉ. विजय गर्ग



पेड़ों को सामान्यतः स्थिर और निष्क्रिय जीव माना जाता है, लेकिन वास्तव में वे भी अनेक प्रकार की गतिविधियां करते हैं। उनकी शाखाएं प्रकाश की दिशा में बढ़ती हैं, पत्तियां दिन और रात के अनुसार अपनी स्थिति बदलती हैं तथा कुछ पौधे छूने पर तुरंत प्रतिक्रिया देते हैं। ऐसे में एक रोचक सवाल उठता है कि क्या पेड़ों में भी मनुष्यों और जानवरों की तरह मांसपेशियां होती हैं?

वैज्ञानिक दृष्टि से पेड़ों में मनुष्यों जैसी मांसपेशियां नहीं होतीं। उनमें मांसपेशी ऊतक और मांसपेशियों को नियंत्रित करने वाला तंत्रिका तंत्र भी नहीं पाया जाता। फिर भी पेड़ अपनी कोशिकाओं में पानी के दबाव, रासायनिक संकेतों और वृद्धि की प्रक्रियाओं के माध्यम से कई प्रकार की गतिविधियां कर सकते हैं।

पेड़ों और पौधों की कोशिकाओं में पानी का दबाव महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। कोशिकाओं में पानी की मात्रा बढ़ने या घटने से उनका आकार और तनाव बदलता है। इसी प्रक्रिया के कारण कुछ पौधों की पत्तियां और अन्य अंग अपनी स्थिति बदल सकते हैं।

उदाहरण के लिए, छुईमुई की पत्तियों को छूने पर वे तुरंत सिकुड़ जाती हैं। यह प्रतिक्रिया कोशिकाओं में पानी के दबाव में अचानक बदलाव के कारण होती है। इसी प्रकार वीनस फ्लाईट्रैप नामक कीटभक्षी पौधा अपने विशेष पत्तीनुमा अंगों को तेजी से बंद करके कीटों को पकड़ लेता है।

कुछ पौधों में फूलों का खुलना और बंद होना, पत्तियों का प्रकाश की दिशा में मुड़ना तथा लताओं का सहारे से लिपटना भी उल्लेखनीय गतिविधियां हैं। इन प्रक्रियाओं में कोशिकाओं की वृद्धि, हार्मोन और पर्यावरणीय संकेत महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

पेड़ों की शाखाओं और तनों में भी यांत्रिक तनाव तथा लचीलेपन से संबंधित विशेषताएं होती हैं। हवा चलने पर शाखाएं झुकती हैं और हवा रुकने पर अपनी स्थिति में लौटने का प्रयास करती हैं। पेड़ अपनी संरचना को मजबूत बनाने के लिए लकड़ी और सहायक ऊतकों का निर्माण भी करते हैं।

इस प्रकार पेड़ों में मांसपेशियां तो नहीं होतीं, लेकिन वे बिना मांसपेशियों के भी गति, प्रतिक्रिया और पर्यावरण के अनुरूप अनुकूलन करने में सक्षम हैं। प्रकृति की यह व्यवस्था हमें बताती है कि जीवन में गतिविधि के लिए हमेशा मांसपेशियों की आवश्यकता नहीं होती।

पेड़ केवल ऑक्सीजन देने वाले जीव नहीं हैं, बल्कि वे अत्यंत संवेदनशील और जटिल जैविक प्रणालियां हैं। उनके भीतर होने वाली प्रक्रियाओं को समझना विज्ञान के लिए आज भी एक रोचक विषय है।

प्रकृति का हर जीव अपने अस्तित्व और गतिविधियों के लिए अलग-अलग तरीके अपनाता है। पेड़ों की दुनिया हमें सिखाती है कि बिना मांसपेशियों के भी जीवन गतिशील हो सकता है।

**प्रस्तुति: यूथ इंडिया न्यूज ग्रुप**

# दवाओं का दुरुपयोग, भविष्य के उपचारों के लिए खतरे की घंटी

सुरेश सिंह बैस शाश्वत



2026 की थीम है ÷एक स्वास्थ्य, एक कार्रवाई÷ रोगाणुरोधी प्रतिरोध की रोकथाम अभी करें÷...! चिकित्सा विज्ञान ने अनेक ऐसी बीमारियों पर विजय पाने में सहायता की है, जिन्हें कभी जानलेवा माना जाता था। एंटीबायोटिक दवाओं ने संक्रमणों के उपचार में क्रांतिकारी भूमिका निभाई है। लेकिन आज चिकित्सा जगत के सामने एक ऐसी चुनौती उभर रही है, जो भविष्य में सामान्य संक्रमणों का उपचार भी कठिन बना सकती है। यह चुनौती है प्रतिरोध, जिसे अंग्रेजी में एंटीमाइक्रोबियल रेजिस्टेंस (एएमआर) कहा जाता है।

विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार, जब बैक्टीरिया, वायरस, फफूंद या परजीवी उन दवाओं के प्रति प्रतिरोध विकसित कर लेते हैं, जिनसे उनका उपचार किया जाता है, तो संक्रमण का इलाज कठिन हो सकता है। ऐसी स्थिति में दवाएं अपेक्षित प्रभाव नहीं दिखातीं और बीमारी गंभीर होने तथा फैलने का जोखिम बढ़ सकता है। यह समस्या केवल किसी एक देश या अस्पताल तक सीमित नहीं है, बल्कि वैश्विक स्वास्थ्य के लिए गंभीर चुनौती बन चुकी है।

इसी विषय पर जन जागरूकता बढ़ाने के लिए प्रत्येक वर्ष 18 से 24 नवंबर तक विश्व रोगाणुरोधी प्रतिरोध जागरूकता सप्ताह मनाया जाता है। वर्ष 2026 की थीम है–एक स्वास्थ्य, एक कार्रवाईः रोगाणुरोधी प्रतिरोध की रोकथाम अभी करें। इसका संदेश स्पष्ट है कि मनुष्य, पशु, पौधों और पर्यावरण के स्वास्थ्य को अलग-अलग नहीं देखा जा सकता।

सर्दी-जुकाम, फ्लू और अनेक वायरल संक्रमणों में एंटीबायोटिक दवाएं सामान्यतः प्रभावी नहीं होतीं, क्योंकि ये दवाएं बैक्टीरिया के विरुद्ध काम करती हैं, वायरस के विरुद्ध नहीं। इसके बावजूद कई लोग बिना चिकित्सकीय सलाह के एंटीबायोटिक लेने लगते हैं। कुछ लोग पुरानी पर्ची पर दवा खरीदते हैं, तो कुछ परिचितों की सलाह पर उपचार शुरू कर देते हैं। यही लापरवाही खतरनाक साबित हो सकती है। एंटीबायोटिक का अनावश्यक या अनुचित उपयोग प्रतिरोधी बैक्टीरिया के उभरने और फैलने की आशंका बढ़ाता है। भविष्य में जब किसी गंभीर संक्रमण के लिए वही दवा आवश्यक होगी, तब उसका असर कम हो सकता है।

यहां एक महत्वपूर्ण बात समझनी चाहिए ङ्क प्रतिरोध व्यक्ति के शरीर में नहीं, बल्कि रोगाणुओं में विकसित होता है। दवाओं के अनुचित इस्तेमाल से ऐसे रोगाणुओं के पनपने और फैलने की संभावना बढ़ती है, जिन पर उपलब्ध उपचार कम प्रभावी रह जाते हैं।

एंटीबायोटिक दवाओं का बिना चिकित्सकीय परामर्श उपयोग, गलत दवा लेना, स्वयं खुराक बदलना और उपचार संबंधी निर्देशों का पालन न करना इस समस्या को बढ़ा सकता है। इसके अतिरिक्त अस्पतालों में संक्रमण नियंत्रण की कमजोर व्यवस्था, स्वच्छ पानी और साफ-सफाई की कमी तथा पशुपालन और कृषि में रोगाणुरोधी दवाओं का अनुचित उपयोग भी चुनौती को गंभीर बना सकते हैं।इसलिए समाधान केवल दवाओं की बिक्री पर नियंत्रण तक सीमित नहीं होना चाहिए। संक्रमणों की रोकथाम, स्वच्छता, टीकाकरण, सही जांच, उचित चिकित्सा और दवाओं के जिम्मेदार उपयोग को एक साथ बढ़ावा देना आवश्यक है। आम नागरिक क्या करें? इस समस्या से निपटने में प्रत्येक नागरिक की भूमिका महत्वपूर्ण है।

**प्रस्तुति: यूथ इंडिया न्यूज ग्रुप**

# मनीला में भारत का महा कूटनीतिक शक्ति प्रदर्शन!

वैश्विक स्तरपर 17 नवंबर 2026 का दिन अंतरराष्ट्रीय कूटनीति के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण बनकर सामने आया है। फिलीपींस की राजधानी मनीला में एक ओर 23वें आसियान भारत शिखर सम्मेलन और 21वें पूर्वी एशिया शिखर सम्मेलन के माध्यम से भारत ने दक्षिण - पूर्व एशिया के साथ अपने रणनीतिक संबंधों को नई दिशा देने का प्रयास किया,तो दूसरी मैं एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानी गोंदिया महाराष्ट्र मीडिया के हवाले से बताना चाहूंगा कि मंगलवार 17 नवंबर 2026 को शाम 4 बजे ओर क्वाड के मंच पर भारत, अमेरिका जापान और ऑस्ट्रेलिया के साझा हितों का प्रश्न वैश्विक चर्चा के केंद्र में रहा।

मनीला में भारतीय पीएम,अमेरिकी राष्ट्रपति जापान की पीएम और ऑस्ट्रेलिया के पीएम के बीच क्वाड नेताओं की महत्वपूर्ण बैठक हुई।बैठक में भारतीय पीएम ने क्वाड को भारत के लिए एक रचनात्मक और विश्वसनीय साझेदारी बताते हुए कहा कि समुद्री सुरक्षा,भरोसेमंद आपूर्ति श्रृंखलाओं, नई तकनीकों और आपदा प्रबंधन के क्षेत्र में यह हिंद-प्रशांत के लिए उपयोगी समाधान उपलब्ध करा सकता है।

उन्होंने अगले चरण के सहयोग के लिए ठोस लक्ष्य निर्धारित करने की अपेक्षा जताई।अमेरिकी राष्ट्रपति ने मोदी को महान नेता और अपना मित्र बताते हुए चारों देशों के संबंधों को मजबूत बताया।बैठक में महत्वपूर्ण खनिजों,दुर्लभ मृदा तत्वों, कृत्रिम बुद्धिमत्ता, सेमी कंडक्टर समुद्री निगरानी और संयुक्त समुद्री गश्ती अभ्यासों पर सहयोग की चर्चा हुई।ट्रंप ने नए कृत्रिम बुद्धिमत्ता त्वरक कार्यक्रम की घोषणा भी की।यह बैठक 19 नवंबर की प्रस्तावित ट्रंप-शी जिनपिंग-पुतिन वार्ता से पहले विशेष कूटनीतिक महत्व रखती है।

दक्षिण चीन सागर में चीन का बढ़ता प्रभाव होर्मुज जलडमरूमध्य में समुद्री सुरक्षा की चुनौती, वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति की अनिश्चितता और 19 नवंबर को चीन के शेनझेन में प्रस्तावित ट्रंप-शी जिनपिंग -पुतिन की त्रिपक्षीय बैठक ने इस कूटनीतिक हलचल को और अधिक महत्वपूर्ण बना दिया है। सवाल यह है कि क्या भारत आसियान की आर्थिक ताकत और क्वाड की रणनीतिक साझेदारी के सहारे हिंद-प्रशांत में नया शक्ति संतुलन स्थापित कर पाएगा?

साथियों बात अगर हम आसियान क्या है और भारत के लिए इसकी मित्रता क्यों महत्वपूर्ण है? इसको समझने की करें तो,आसियान अर्थात दक्षिण-पूर्व एशियाई राष्ट्रों का संगठन 8 अगस्त 1967 को स्थापित हुआ था।

**प्रस्तुति: यूथ इंडिया न्यूज ग्रुप**

# नीतीश का संगठनात्मक दांव, पुराने चेहरों पर नई लगाम



कुमार कृष्णन

जनता दल (यूनाइटेड) के राष्ट्रीय संगठन में हुए फेरबदल ने बिहार की राजनीति में एक बार फिर अंदरूनी शक्ति-संतुलन को चर्चा के केंद्र में ला दिया है। नीतीश कुमार के निर्देश पर जारी नई संगठनात्मक सूची केवल पदाधिकारियों के नाम बदलने की कवायद नहीं है, बल्कि इसके भीतर पार्टी की भावी राजनीतिक दिशा और नेतृत्व की प्राथमिकताओं के संकेत भी छिपे हैं। अशोक चौधरी से झारखंड का प्रभार वापस लिया जाना, श्याम रजक को महाराष्ट्र की जिम्मेदारी मिलना, रामसेवक सिंह को झारखंड का प्रभारी बनाया जाना और मनीष कुमार वर्मा को ओडिशा की कमान सौंपना कई राजनीतिक सवाल खड़े करता है। क्या जदयू में पुराने प्रभावशाली नेताओं के राजनीतिक वर्चस्व को सीमित कर नई संगठनात्मक व्यवस्था तैयार की जा रही है? क्या नीतीश कुमार पार्टी के भीतर शक्ति-संतुलन को नए सिरे से निर्धारित कर रहे हैं?

जदयू की राजनीति को समझने के लिए नीतीश कुमार की कार्यशैली को समझना जरूरी है। पार्टी का संगठन लंबे समय से उनके नेतृत्व और राजनीतिक निर्णयों के इर्द-गिर्द विकसित हुआ है। नीतीश कुमार की सबसे बड़ी राजनीतिक विशेषता यह रही है कि वे किसी एक व्यक्ति या समूह को संगठन में स्थायी रूप से निर्णायक शक्ति बनने देने के बजाय समय-समय पर जिम्मेदारियों का पुनर्वितरण करते रहे हैं। उनके लिए राजनीतिक उपयोगिता, सामाजिक समीकरण और संगठनात्मक जरूरतें कई बार व्यक्तिगत निकटता से अधिक महत्वपूर्ण रही हैं। इसलिए मौजूदा फेरबदल को भी इसी राजनीतिक शैली के संदर्भ में देखना चाहिए।

इस फेरबदल में सबसे अधिक चर्चा अशोक चौधरी की भूमिका को लेकर है। बिहार की राजनीति में अशोक चौधरी लंबे समय से प्रभावशाली चेहरा रहे हैं। नीतीश कुमार के करीबी नेताओं में उनकी गिनती होती रही है। सरकार और संगठन दोनों स्तरों पर उनकी सक्रियता रही है। झारखंड में जदयू की संगठनात्मक जिम्मेदारी उनके पास थी, लेकिन नई सूची में यह दायित्व राष्ट्रीय महासचिव रामसेवक सिंह को सौंप दिया गया है। अशोक चौधरी का नाम नई राज्य प्रभारी व्यवस्था में सामने नहीं आना राजनीतिक दृष्टि से महत्वपूर्ण है। इसे उनकी राजनीतिक पारी का अंत मानना जल्दबाजी होगी, लेकिन संगठनात्मक प्राथमिकताओं में बदलाव का संकेत जरूर माना जा सकता है।

अशोक चौधरी का राजनीतिक महत्व केवल उनके पदों तक सीमित नहीं रहा है। वे बिहार में सामाजिक समीकरणों और दलित राजनीति के संदर्भ में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते रहे हैं। ऐसे नेता की संगठनात्मक जिम्मेदारी में बदलाव का संदेश पार्टी के भीतर और बाहर दोनों जगह जाता है। हालांकि यह देखना होगा कि आने वाले समय में उन्हें संगठन या सरकार में किस तरह की भूमिका मिलती है। फिलहाल इतना स्पष्ट है कि झारखंड के मामले में नेतृत्व ने नई जिम्मेदारी किसी दूसरे नेता को सौंपने का निर्णय लिया है।

दूसरी ओर श्याम रजक का राष्ट्रीय संगठन में उभार इस फेरबदल का महत्वपूर्ण पक्ष है। उन्हें राष्ट्रीय महासचिव बनाने के साथ महाराष्ट्र का प्रभारी बनाया गया है। यह जिम्मेदारी सामान्य नहीं है। महाराष्ट्र देश की राजनीति का महत्वपूर्ण केंद्र है, जहां सामाजिक और क्षेत्रीय समीकरणों का प्रभाव चुनावी राजनीति में निर्णायक होता है। श्याम रजक को वहां की जिम्मेदारी देना उनके राजनीतिक अनुभव और संगठनात्मक क्षमता पर नेतृत्व के भरोसे को दर्शाता है।

श्याम रजक का राजनीतिक सफर भी उतार-चढ़ाव से भरा रहा है। वे बिहार की राजनीति में दलित समाज के प्रमुख चेहरों में रहे हैं। संगठन और सरकार दोनों का अनुभव उनके पास है। राजनीतिक परिस्थितियों के कारण उन्हें कई बार अपनी भूमिका बदलनी पड़ी, लेकिन उन्होंने सार्वजनिक जीवन में अपनी पहचान बनाए रखी। अब महाराष्ट्र जैसे महत्वपूर्ण राज्य का प्रभार मिलना उनके लिए अपनी राजनीतिक उपयोगिता साबित करने का अवसर है। इसे जदयू में उनके बढ़ते संगठनात्मक महत्व के रूप में देखा जा सकता है।

रामसेवक सिंह को झारखंड की जिम्मेदारी सौंपना भी राजनीतिक दृष्टि से महत्वपूर्ण है। बिहार से अलग होकर बने झारखंड में जदयू का संगठनात्मक आधार सीमित रहा है। इसके बावजूद दोनों राज्यों के सामाजिक और राजनीतिक संबंध गहरे हैं। झारखंड में आदिवासी समाज, पिछड़े वर्गों और स्थानीय राजनीतिक शक्तियों के बीच अपनी जगह बनाना किसी भी बाहरी दल के लिए आसान नहीं है। ऐसे में रामसेवक सिंह के सामने केवल संगठन चलाने की नहीं, बल्कि पार्टी के लिए राजनीतिक जमीन तैयार करने की चुनौती होगी।

मनीष कुमार वर्मा को ओडिशा का प्रभार दिया जाना भी पार्टी की राष्ट्रीय विस्तार रणनीति का हिस्सा है। नीतीश कुमार के प्रशासनिक मॉडल और बिहार में उनके राजनीतिक अनुभव को दूसरे राज्यों में किस सीमा तक स्वीकार्यता मिल सकती है, यह देखना दिलचस्प होगा। ओडिशा में क्षेत्रीय राजनीति की अपनी मजबूत परंपरा है। वहां संगठन खड़ा करने के लिए स्थानीय नेतृत्व, सामाजिक आधार और निरंतर राजनीतिक सक्रियता की जरूरत होगी। केवल राष्ट्रीय पदाधिकारियों की नियुक्ति से किसी राज्य में पार्टी का विस्तार संभव नहीं है।

इस पूरे घटनाक्रम को ललन सिंह के प्रभाव के संदर्भ में भी देखा जा रहा है। जदयू में ललन सिंह का अपना राजनीतिक महत्व रहा है। वे पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष रह चुके हैं और संगठनात्मक राजनीति में उनकी भूमिका महत्वपूर्ण रही है। उनके करीबी माने जाने वाले नेताओं की स्थिति और जिम्मेदारियों को लेकर राजनीतिक चर्चाएं स्वाभाविक हैं। लेकिन किसी नेता की नियुक्ति या जिम्मेदारी में बदलाव को सीधे ललन सिंह की राजनीतिक हार अथवा जीत घोषित करना उचित नहीं होगा। संगठनात्मक सूची में हर्षवर्धन सिंह को गोवा का प्रभार भी दिया गया है। इसलिए यह कहना कि ललन सिंह से जुड़े सभी नेताओं को संगठन से बाहर कर दिया गया है, तथ्यों के अनुरूप नहीं होगा। फिर भी पार्टी के भीतर प्रभाव और जिम्मेदारियों के नए वितरण पर नजर रखना जरूरी है।

जदयू के इस फेरबदल का एक महत्वपूर्ण पहलू सामाजिक समीकरणों को साधने की कोशिश भी है। चंदेश्वर प्रसाद चंद्रवंशी को अति पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ की जिम्मेदारी, अशोक राम को अनुसूचित जाति-जनजाति प्रकोष्ठ का अध्यक्ष और कहकशां परवीन को महिला संगठन की जिम्मेदारी देना बताता है कि पार्टी केवल राज्यों के प्रभारी नियुक्त करने तक सीमित नहीं है। वह अलग-अलग सामाजिक समूहों के बीच अपनी राजनीतिक पहुंच को भी मजबूत करना चाहती है। बिहार की राजनीति में जातीय और सामाजिक समीकरणों का महत्व किसी से छिपा नहीं है। जदयू की राजनीतिक ताकत भी लंबे समय से विभिन्न सामाजिक समूहों के बीच अपने समर्थन आधार को बन

# आमने-सामने भिड़ीं दो बाइकें, दो युवकों की मौत, दो गंभीर

- गांव के पास हुआ भीषण हादसा, टक्कर के बाद सड़क पर दूर जा गिरे बाइक सवार
- एक युवक आठ फीट गहरी खाई में मिला, घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर

यूथ इंडिया, हरदोई



पाली थाना क्षेत्र में तेज रफ्तार का कहर दो परिवारों पर भारी पड़ गया। गोपालपुर गांव के पास मंगलवार शाम दो मोटरसाइकिलों की आमने-सामने जोरदार भिड़ंत हो गई। हादसे में दो युवकों की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई, जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। दुर्घटना के बाद घटनास्थल पर चीख-पुकार मच गई और आसपास के लोगों की भीड़ जमा हो गई।

जानकारी के मुताबिक, मंगलवार शाम करीब साढ़े सात बजे चार युवक दो अलग-अलग मोटरसाइकिलों से जा रहे थे। इसी दौरान गोपालपुर गांव के पास दोनों बाइकों की आमने-सामने टक्कर हो गई। भिड़ंत इतनी भीषण थी कि बाइक सवार उछलकर सड़क पर दूर जा गिरे। हादसे में सुधीर (24) पुत्र अनिल निवासी गुजीदेई और सौरभ पुत्र संतोष निवासी सिंगुलापुर की मौके पर ही मौत हो गई।

वहीं, गौरव उर्फ अनुभव निवासी सिंगुलापुर और प्रिंस गंभीर रूप से घायल हो गए। बताया गया कि गौरव करीब आठ फीट गहरी खाई में पड़ा मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से दोनों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत नाजुक होने पर जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

# अहिरोरी ब्लॉक में सीडीओ का औचक निरीक्षण, तीन कर्मचारियों का वेतन रोका

- प्रेरणा कैंटीन से लेकर स्टोर रूम तक मिलीं खामियां, व्यवस्थाएं दुरुस्त करने के सख्त निर्देश
- जर्जर शौचालयों व आवासीय भवनों की नीलामी लंबित मिलने पर जताई नाराजगी, सफाई और अभिलेखों के रखरखाव पर जोर

यूथ इंडिया, हरदोई




मुख्य विकास अधिकारी नेहा व्यादवाल ने बुधवार को विकासखंड अहिरोरी का निरीक्षण कर ब्लॉक कार्यालय की व्यवस्थाओं, साफ-सफाई और अभिलेखों का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान कई जगह लापरवाही सामने आने पर तीन कर्मचारियों का नवंबर माह का वेतन बाधित करने के निर्देश दिए गए।

निरीक्षण में ब्लॉक परिसर स्थित प्रेरणा कैंटीन का संचालन संतोषजनक नहीं मिला। उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन से जुड़ी व्यवस्थाओं में भी कमियां पाई गईं। इस पर सहायक विकास अधिकारी ग्राम विकास पंकज कुमार का नवंबर माह का वेतन बाधित करते हुए एक सप्ताह में कैंटीन का सुचारु संचालन सुनिश्चित कर फोटोयुक्त आख्या प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए। परिसर में घास उगी होने और तालाब की सफाई न होने पर सहायक विकास अधिकारी पंचायत मेवाराम का वेतन भी बाधित किया गया।

स्टोर रूम में अभिलेख, निष्प्रयोज्य सामग्री और अलमारियां अव्यवस्थित मिलने पर स्टोर कीपर विशाल सिंह का वेतन रोकने की कार्रवाई की गई।

सीडीओ ने पुराने जर्जर शौचालयों व आवासीय भवनों के मूल्यांकन के बाद नियमानुसार ध्वस्तीकरण और नीलामी प्रक्रिया पूरी करने, प्रशासनिक भवन में प्रकाश व्यवस्था दुरुस्त करने तथा फील्ड कर्मचारियों की भ्रमण पंजिका नियमित भरवाने के निर्देश दिए। सर्विस बुक, जीपीएफ पासबुक, गार्ड फाइल, निरीक्षण पंजिका और ग्रांट रजिस्टर का भी परीक्षण कर लंबित धनराशि का समयबद्ध निस्तारण करने को कहा।

निरीक्षण के दौरान ब्लॉक प्रमुख धर्मवीर सिंह, बीडीओ कामरान नेमानी, जिला विकास अधिकारी कमलेश कुमार सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# यादव समाज ने अहीर रेजिमेंट की मांग पर किया प्रदर्शन

- मुलायम सिंह यादव को भारत रत्न देने की भी मांग

यूथ इंडिया, बहराइच




बुधवार दोपहर यादव समाज ने सेना में अहीर रेजिमेंट बनाने की मांग को लेकर प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने 1962 के भारत चीन युद्ध में शहीद सैनिकों को श्रद्धांजलि दी। यादव समाज बहराइच के बैनर तले हुए प्रदर्शन में लोगों ने पीले पोस्ट लिए थे उन पर अहीर रेजिमेंट हक है हमारा और अहीर रेजिमेंट लागू करो लिखा था। प्रदर्शनकारियों ने नारेबाजी भी की। इसके बाद प्रदर्शनकारी कलेक्ट्रेट पहुंचे और राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन नगर मजिस्ट्रेट राजेश प्रसाद को सौपा। उन्होंने प्राथमिक विद्यालयों के पाठ्यक्रम में वीर अहीर सैनिकों का इतिहास और उनके बलिदान शामिल करने की मांग की। प्रदर्शनकारियों ने वीर शहीदों की याद में अलग-अलग जगहों पर स्मारक बनाने की मांग भी रखी। उन्होंने पूर्व रक्षा मंत्री और दिवंगत नेता मुलायम सिंह यादव को भारत रत्न देने की मांग की।

**पूरे सम्मान के साथ घर पहुंचाने की व्यवस्था**

वक्ताओं ने कहा कि मुलायम सिंह यादव ने रक्षा मंत्री रहते हुए सेना और सैनिकों के हित में काम किए थे। उनके कार्यकाल में शहीद सैनिकों के पार्थिव शरीर पूरे सम्मान के साथ उनके घर पहुंचने की व्यवस्था की गई थी। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि मांगों पर गंभीरता से विचार नहीं हुआ तो आंदोलन और बड़े स्तर पर चलाया जाएगा। इस मौके पर रामजी यादव, नंदेश्वर यादव समेत समाज के कई लोग मौजूद रहे।

# पिकअप की टक्कर से रेलवे क्रॉसिंग का फाटक टूटा

- जाम में फंसा पूर्व सांसद का काफिला
- कटरा शिवदयालगंज में हादसे के बाद दोनों ओर लगी वाहनों की कतार, जीआरपी ने पिकअप कब्जे में ली

यूथ इंडिया, नवाबगंज, गोंडा



कटरा शिवदयालगंज में बस्ती मार्ग स्थित रेलवे क्रॉसिंग पर बुधवार शाम करीब चार बजे तेज रफ्तार पिकअप की टक्कर से रेलवे फाटक क्षतिग्रस्त होकर लटक गया। हादसे के बाद क्रॉसिंग पर आवागमन बाधित हो गया और सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई।इसी दौरान वहां पहुंचे पूर्व सांसद बृजभूषण शरण सिंह का काफिला भी जाम में फंस गया।

सूचना पर सरयू घाट पुलिस मौके पर पहुंची और काफी मशक्कत के बाद यातायात बहाल कराया। इसके बाद पूर्व सांसद के काफिले समेत अन्य वाहनों का आवागमन शुरू हो सका। कटरा रेलवे स्टेशन की जीआरपी चौकी प्रभारी सत्य प्रकाश चौबे ने बताया कि पिकअप की टक्कर से क्रॉसिंग के पूर्वी छोर का फाटक टूट गया है। दुर्घटना में शामिल पिकअप को कब्जे में लेकर रेलवे एक्ट के तहत कार्रवाई की जा रही है।

# अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक की दर्दनाक मौत, शव हुआ क्षत-विक्षत

यूथ इंडिया, शाहजहांपुर परशुरामपुरी

जलालाबाद क्षेत्र में बरेली रोड हाईवे पर सरैया मोड़ के निकट मंगलवार देर रात एक दर्दनाक सड़क हादसे में अज्ञात वाहन की चपेट में आने से एक व्यक्ति की मौत हो गई। हादसा इतना भयंकर था कि वाहन का पहिया व्यक्ति के ऊपर से गुजर गया, जिससे उसका शव बुरी तरह क्षत-विक्षत हो गया और उसकी शिनाख्त भी नहीं हो पाई।

जानकारी के अनुसार, 17 नवंबर 2026 की रात करीब 1:30 बजे सरैया मोड़ के पास एक अज्ञात वाहन ने व्यक्ति को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगने के बाद वाहन चालक मौके से फरार हो गया। हादसे की सूचना मिलते ही थाना प्रभारी अरविंद सिंह चौहान पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और मौका मुआयना किया।

पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नगरिया पहुंचाया, जहां मृतक की पहचान कराने का प्रयास किया जा रहा है। फिलहाल मृतक की शिनाख्त नहीं हो सकी है। पुलिस अज्ञात वाहन और मृतक की पहचान के संबंध में जानकारी जुटा रही है।

# स्वास्थ्य का उपहार व परंपरा से पोषण की थीम पर आयोजित हुआ समारोह

यूथ इंडिया, बहराइच




शासन के निर्देश, मण्डलायुक्त देवीपाटन मण्डल दुर्गा शक्ति नागपाल की पहल एवं जिला प्रशासन के प्रयास से परम्परा से पोषण श्रृंखला के अन्तर्गत उत्थान आडिटोरियम में आयोजित समारोह में एम.एल.सी. डॉ. प्रज्ञा त्रिपाठी, जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय, मुख्य विकास अधिकारी सुनील कुमार धनवंता, अपर जिलाधिकारी अरूण कुमार, नगर मजिस्ट्रेट राजेश प्रसाद, डिप्टी कलेक्टर अमिता यादव, नीतू रानी एवं जैसमीन वर्मा ने महिलाओं एवं बच्चों को कुपोषण की समस्या से निजात दिलाये जाने के उद्देश्य से जनपद के 296 गंभीर तीव्र कुपोषण (सैम) बच्चों एवं उनकी माताओं को स्वास्थ्य का उपहार के अन्तर्गत लोहे की कढ़ाई एवं पोषण किट का वितरण किया गया।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा मातृ एवं शिशु पोषण को मजबूत करने तथा प्रदेश के प्रत्येक बच्चे की स्वस्थ शुरुआत सुनिश्चित करने के प्रयासों को गति प्रदान करने के उद्देश्य से पारंपरिक खानपान से पोषण की ओर वापसी एवं क्षेत्र की अपनी पारंपरिक खाद्य परंपराओं को पुनः प्रोत्साहित करने हेतु माताओं को पारंपरिक लोहे की कड़ाही भेंट की गई।

भारतीय रसोई में लंबे समय से उपयोग की जाने वाली लोहे की कड़ाही भोजन में आयरन की मात्रा बढ़ाने में सहायक होती है, जिससे एनीमिया (खून की कमी) से बचाव के प्रयासों को मजबूती मिलती है। समारोह के दौरान मौजूद परिवारों को गुड़, भुना चना और सत्तू भी वितरित किया गया। यह सभी खाद्य पदार्थ सस्ते, पौष्टिक तथा क्षेत्र में पीढ़ियों से उगाए और खाए जाते रहे हैं।

इसके अतिरिक्त कैल्शियम तथा ओआरएस-जिंक के पैकेट तथा माताओं और बच्चों की पोषण संबंधी आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए फोर्टिफाइड टेक होम राशन (पोषक तत्वों से युक्त घर ले जाने वाला राशन) के रूप में तैयार-करने-योग्य पौष्टिक मिश्रण भी उपलब्ध कराया गया। इस अवसर पर जिला कार्यक्रम अधिकारी निहारिका विश्वकर्मा व बाल विकास परियोजना अधिकारी तथा बड़ी संख्या में लाभार्थी मौजूद रहे।

# मतदाताओं के नाम, जन्मतिथि एवं अन्य विवरणों का शत-प्रतिशत शुद्धता के साथ सत्यापन सुनिश्चित करें अधिकारीः रमेश रंजन

यूथ इंडिया, गोण्डा



कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी रमेश रंजन की अध्यक्षता में निर्वाचक नामावलियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण को लेकर महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में अर्हता तिथि 01 जनवरी 2027 के आधार पर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण के संबंध में विस्तार से चर्चा की गई। इस दौरान विधानसभा क्षेत्रों के ई0पी0 रेशियो (इलेक्टोरल पॉपुलेशन रेशियो) एवं जेण्डर रेशियो की समीक्षा करते हुए पुनरीक्षण कार्य को पूरी गंभीरता, पारदर्शिता एवं शुद्धता के साथ संपन्न कराने के निर्देश दिए गए।

बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी रमेश रंजन ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि निर्वाचक नामावलियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण के दौरान ई0पी0 रेशियो तथा जेण्डर रेशियो पर विशेष ध्यान दिया जाए। उन्होंने कहा कि निर्वाचन संबंधी कार्य अत्यंत महत्वपूर्ण एवं संवेदनशील है, इसलिए इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही या त्रुटि की गुंजाइश नहीं होनी चाहिए। सभी अधिकारी अपने-अपने क्षेत्रों में निर्वाचन संबंधी कार्यों की नियमित निगरानी सुनिश्चित करें।

जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी अधिकारी अपने अधीनस्थ सुपरवाइजरों तथा बूथ लेवल अधिकारियों (बीएलओ) से लगातार संपर्क बनाए रखें और उनसे पुनरीक्षण कार्य की प्रगति एवं स्थिति की नियमित जानकारी प्राप्त करते रहें। उन्होंने कहा कि अधिकारियों के बीच बेहतर समन्वय और सतत निगरानी से निर्वाचन नामावलियों को त्रुटिरहित बनाया जा सकता है। किसी भी स्तर पर लापरवाही पाए जाने पर संबंधित की जिम्मेदारी निर्धारित की जाएगी।

उन्होंने विशेष रूप से निर्देशित किया कि मतदाताओं के नाम, जन्मतिथि तथा अन्य सभी आवश्यक विवरणों का सावधानीपूर्वक सत्यापन किया जाए। निर्वाचक नामावलियों में दर्ज प्रत्येक विवरण की जांच गंभीरता से की जाए, ताकि किसी पात्र मतदाता का नाम छूटने न पाए और किसी भी प्रकार की गलत प्रविष्टि न रहे। साथ ही पुनरीक्षण से संबंधित सभी कार्य निर्धारित दिशा-निर्देशों एवं समयसीमा के अनुरूप पूर्ण किए जाएं।

जिलाधिकारी ने सभी संबंधित अधिकारियों से कहा कि वे इस कार्य को प्राथमिकता के आधार पर लेते हुए अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी जिम्मेदारी के साथ करें, जिससे आगामी निर्वाचन प्रक्रिया के लिए शुद्ध, पारदर्शी एवं अद्यतन निर्वाचक नामावलियां तैयार की जा सकें।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी दयानंद प्रसाद, अपर जिलाधिकारी प्रमोद झा, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी, समस्त उपजिलाधिकारी, पीडी डीआरडीए, चकबंदी विभाग के अधिकारीगण, समस्त खण्ड विकास अधिकारीगण, खण्ड शिक्षा अधिकारी, सीडीपीओ सहित अन्य संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की मौजूदगी में वेयरहाउस से निकाली गई ईवीएम मशीनें



यूथ इंडिया, शाहजहांपुर

विधानसभा सामान्य निर्वाचन-2027 को लेकर जिला प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। इसी क्रम में प्रदर्शन केंद्रों की स्थापना और प्रशिक्षण कार्यों के लिए एफएलसी ओके ईवीएम मशीनों को वेयरहाउस से बाहर निकालने की प्रक्रिया पूरी की गई। यह पूरी कार्यवाही जिलाधिकारी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह की मौजूदगी में संपन्न हुई।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उत्तर प्रदेश के निर्देशों के अनुपालन में ईवीएम वेयरहाउस को राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में खोला गया। इसके बाद निर्धारित संख्या में एफएलसी ओके ईवीएम मशीनों को बाहर निकाला गया। पूरी प्रक्रिया भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुरूप पारदर्शिता और निर्धारित सुरक्षा मानकों के बीच संपन्न कराई गई।

प्रशासन की ओर से निर्वाचन संबंधी व्यवस्थाओं को समय से पूरा करने के उद्देश्य से यह कदम उठाया गया है, ताकि आगामी विधानसभा चुनाव से पहले ईवीएम के प्रदर्शन और प्रशिक्षण की प्रक्रिया सुचारु रूप से संचालित की जा सके।

इस दौरान अपर जिलाधिकारी प्रशासन रजनीश कुमार मिश्र, प्रियंका चौधरी, अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग रंजीत सिन्हा, पुलिस क्षेत्राधिकारी तथा विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

# ट्रेन के नीचे लेटी मां-बेटी, ऊपर से गुजर गई पूरी एक्सप्रेस ट्रेन!

- पति से विवाद के बाद मायके आई महिला बेटी को लेकर रेलवे ट्रैक पर पहुंची, घटना से इलाके में मचा हड़कंप
- बच्ची को खरोंच तक नहीं आई, घायल महिला मेडिकल कॉलेज में भर्ती; घटना के कारणों की जांच

यूथ इंडिया, हरदोई



जिले में एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई, जहां एक महिला अपनी मासूम बेटी को लेकर रेलवे ट्रैक पर लेट गई। इसी दौरान ऊपर से पूरी एक्सप्रेस ट्रेन गुजर गई। हादसे में महिला गंभीर रूप से घायल हो गई, जबकि उसकी छोटी बच्ची सुरक्षित बच गई। घटना की जानकारी मिलते ही इलाके में सनसनी फैल गई और लोगों के बीच तरह-तरह की चर्चाएं शुरू हो गईं।

मामला कछौना थाना क्षेत्र के झब्बूखेड़ा गांव का बताया जा रहा है। जानकारी के मुताबिक, मायावती की शादी अतरौली क्षेत्र के रायपुर गांव निवासी प्रदीप के साथ हुई है। पति-पत्नी के बीच अनबन होने के बाद मायावती रविवार को अपने मायके पहुंची थी। इसके बाद वह अचानक अपनी बेटी को लेकर रेलवे ट्रैक पर पहुंच गई और दोनों ट्रैक पर लेट गईं। कुछ ही देर में वहां से एक्सप्रेस ट्रेन गुजर गई। इस दौरान महिला गंभीर रूप से घायल हो गई, जबकि बच्ची सुरक्षित बच गई।

महिला के भाई वीरेंद्र ने अपने बहनोई प्रदीप पर बहन को प्रताड़ित करने का आरोप लगाया है। घायल मायावती को उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है, जहां उसकी हालत गंभीर बताई जा रही है।

महिला रेलवे ट्रैक तक किन परिस्थितियों में पहुंची और आखिर इस खौफनाक घटना के पीछे क्या वजह रही, फिलहाल इसकी स्पष्ट जानकारी सामने नहीं आई है। पुलिस को भी अभी परिजनों की ओर से सूचना दिए जाने की बात सामने नहीं आई है।

# हवा भरने की टंकी में हुआ जोरदार विस्फोट

- किशोर का पैर कटकर हुआ अलग, हालत नाजुक

यूथ इंडिया, बहराइच



जिले के मोतीपुर थाना क्षेत्र के दौलतपुर गांव में बुधवार को एक जोरदार धमाके ने पूरे इलाके को दहला दिया। हवा भरने वाली टंकी अचानक तेज आवाज के साथ फट गई। धमाका इतना जबरदस्त था कि आसपास के लोग सहम गए। हादसे की चपेट में आने से करीब 14 वर्षीय किशोर गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद मौके पर चीख पुकार मच गई। जानकारी के मुताबिक ब्लाक बलहा और तहसील मिहींपुरवा अंतर्गत ग्राम सभा दौलतपुर में बुधवार को हवा भरने वाली टंकी अचानक फट गई।

हादसे में जमालुद्दीन पुत्र जाहिद अली (14) गंभीर रूप से घायल हो गया। धमाके की आवाज सुनकर आसपास के ग्रामीण अपने घरों से बाहर निकल आए। कुछ ही देर में घटनास्थल पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। हादसे के बाद घायल किशोर को देखकर परिजनों में कोहराम मच गया। परिवार के लोगों का रो-रो कर बुरा हाल हो गया। ग्रामीणों ने तत्काल मदद के लिए आगे आते हुए घायल जाहिद अली को उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाने की व्यवस्था की। हर कोई किशोर की सलामती के लिए दुआ करता नजर आया।

**टंकी फटने की वजह पर उठे सवाल**

इस हादसे ने हवा भरने वाली टंकियां और दबावयुक्त उपकरणों की सुरक्षा को लेकर सवाल खड़े कर दिए हैं। आखिर टंकी किस वजह से फटी और क्या सुरक्षा मानकों का पालन किया जा रहा था। यह जांच का विषय है।

## खेलते-खेलते तालाब में डूबा मासूम, दो घंटे बाद मिला शव

**बहराइच।** जरवलरोड थाना क्षेत्र के खुर्रमपुर गांव के बाहर स्थित तालाब मंगलवार को एक मासूम की जान ले गया। खेल-खेल में तालाब किनारे पहुंचे 8 साल के कपिल का पैर फिसला और वह देखते ही देखते गहरे पानी में समा गया। मृतक कपिल यादव पुत्र अखिलेश यादव, निवासी खुर्रमपुर गांव का रहने वाला था। बताया जा रहा है कि वह गांव के बच्चों के साथ तालाब के पास खेल रहा था। खेलते-खेलते वह पानी के करीब चला गया। अचानक पैर फिसलने से वह तालाब में गिर गया और डूबने लगा। साथ खेल रहे बच्चों ने शोर मचाया तो ग्रामीण दौड़ पड़े। सूचना मिलते ही परिजन भी तालाब किनारे पहुंचे। गांव के तैराकों ने तुरंत तालाब में छलांग लगा दी। करीब दो घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद मासूम का शव पानी से बाहर निकाला गया।

# युवाओं को अधिकार और रोजगार के लिए एकजुट होकर संघर्ष करना होगाः राम जी अवस्थी

यूथ इंडिया, शाहजहांपुर




ददरौल ब्लॉक के ग्राम सफत्यारा में युवा कांग्रेस की ओर से 'युवाओं की बात, युवाओं के साथ' कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के संयोजक युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष राम जी अवस्थी एडवोकेट ने युवाओं से संवाद कर शिक्षा, बेरोजगारी, युवा प्रतिनिधित्व और क्षेत्रीय विकास से जुड़े मुद्दों पर चर्चा की।

राम जी अवस्थी ने कहा कि युवाओं को अपने अधिकारों, शिक्षा और रोजगार के लिए एकजुट होकर आवाज उठानी होगी। महानगर के नजदीक होने के बावजूद क्षेत्र में अशिक्षा की समस्या बनी हुई है। वहीं ददरौल क्षेत्र में बड़ी-बड़ी फैक्ट्रियां स्थापित होने के बावजूद स्थानीय युवाओं को रोजगार के लिए दूसरे शहरों में पलायन करना पड़ रहा है। उन्होंने मांग रखी है कि फैक्ट्रियों में स्थानीय युवाओं को प्राथमिकता के आधार पर रोजगार दिया जाए। प्रदूषण और बीमारियों का दंश स्थानीय जनता झेले और रोजगार का लाभ दूसरों को मिले, यह उचित नहीं है।

युवा नेता दीपांश वर्मा ने भी युवाओं से जाति-धर्म और आपसी मतभेदों से ऊपर उठकर अपने अधिकारों एवं भविष्य के लिए संगठित होने का आह्वान किया। बैठक में युवाओं ने एकजुट होकर शिक्षा, रोजगार और क्षेत्रीय समस्याओं को लेकर आवाज उठाने का संकल्प लिया।

इस दौरान राम जी वर्मा, आकाश पांडेय, अमन शुक्ला, राघव शुक्ला, राम रजिस्टर यादव, मानवेन्द्र कुमार, रवि नंदन, अर्जुन कुमार, आनंद वर्मा, नीतीश कुमार, शिवम यादव, केशव मिश्रा, आयुष कुमार, शिवांश मिश्रा, देव मिश्रा, रोशन लाल, रवि कुमार, सुरजीत, शुभांक कन्नौजिया, शोयब अली, प्रभात कुमार, राज कुमार और अवनीश वर्मा सहित अन्य युवा मौजूद रहे।

# जुए की फड़ पर पुलिस का छापा, 12 गिरफ्तार, 2.67 लाख रुपये बरामद

- सुभाष नगर कॉलोनी में स्ट्रीट लाइट के नीचे सजी थी जुए की महफिल, 12 मोबाइल और ताश की गड्डी भी जब्त

यूथ इंडिया, गोंडा



शहर के सुभाष नगर कॉलोनी में खुले मैदान में सज रही जुए की महफिल पर कोतवाली नगर पुलिस ने छापा मारकर 12 लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने मौके से जुए की फड़ पर लगाए गए 2.63 लाख रुपये और तलाशी के दौरान मिले 4,190 रुपये समेत कुल 2,67,190 रुपये नकद बरामद किए हैं।

इसके अलावा 12 मोबाइल फोन और ताश के 52 पत्ते भी जब्त किए गए हैं।पुलिस के मुताबिक, मंगलवार की देर रात गश्त के दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि सोनू सोनी के घर के सामने स्थित मैदान में स्ट्रीट लाइट के नीचे कुछ लोग ताश के पत्तों पर रुपये की बाजी लगा रहे हैं। सूचना पर पुलिस टीम ने घेराबंदी कर दबिश दी तो 12 लोग बेडशीट बिछाकर जुआ खेलते मिले। पुलिस ने सभी को मौके से गिरफ्तार कर लिया।

बरामदगी में नकदी और मोबाइल के अलावा सिगरेट की चार डिब्बियां, दो माचिस, एक लाइटर और बेडशीट भी शामिल है।गिरफ्तार आरोपितों की पहचान सगीर, राहुल, अमन, अकबर, इरफान, लल्लू उर्फ कपिल कुमार, मोहम्मद शोयेब, अनिल कुमार, असलम, नूर मोहम्मद, सोनू उर्फ शिवानन्द सोनी और अभिषेक कुमार के रूप में हुई है। सभी शहर के अलग-अलग मोहल्लों के निवासी हैं।

पुलिस ने सभी के खिलाफ कोतवाली नगर में जुआ अधिनियम की धारा 13 के तहत मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्रवाई की है। छापेमारी करने वाली टीम में चौकी प्रभारी महाराजगंज उपनिरीक्षक राम प्रकाश चन्द समेत आठ पुलिसकर्मी शामिल रहे।

# सुशील सिंह सूर्यवंशी बने भारतीय किसान क्रांति यूनियन के बरेली मंडल मीडिया प्रभारी

यूथ इंडिया, शाहजहांपुर




भारतीय किसान क्रांति यूनियन ने संगठनात्मक विस्तार करते हुए सुशील सिंह सूर्यवंशी को बरेली मंडल का मीडिया प्रभारी नियुक्त किया है। उनकी नियुक्ति राष्ट्रीय अध्यक्ष एडवोकेट ऋषि मिश्रा ने युवा मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ओमवीर सिंह सिसोदिया की संस्तुति पर की है।

संगठन के प्रति उनकी सक्रियता, निष्ठा और किसानों के हितों में किए जा रहे कार्यों को देखते हुए राष्ट्रीय नेतृत्व ने उन्हें यह जिम्मेदारी सौंपी है। सुशील सिंह सूर्यवंशी ने शीर्ष नेतृत्व का आभार जताते हुए कहा कि वह पूरी ईमानदारी और निष्ठा से अपने दायित्वों का निर्वहन करेंगे।

उन्होंने बताया कि शाहजहांपुर, बरेली, बदायूं और पीलीभीत में संगठन की गतिविधियों को गति देना तथा किसानों की समस्याओं और अधिकारों की आवाज मीडिया एवं प्रशासन के माध्यम से उठाना उनकी प्राथमिकता रहेगी।

उनकी नियुक्ति पर संगठन के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने खुशी जताते हुए उन्हें शुभकामनाएं एवं बधाइयां दी और विश्वास व्यक्त किया कि उनके नेतृत्व में मंडल में संगठन को और मजबूती मिलेगी।

# पुरानी पेंशन बहाली समेत 12 मांगों को लेकर शिक्षकों ने दिया धरना

यूथ इंडिया। उरई (जालौन)



पुरानी पेंशन बहाली समेत शिक्षकों की विभिन्न लंबित मांगों को लेकर बुधवार को उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के बैनर तले शिक्षकों ने बीएसए कार्यालय के सामने धरना-प्रदर्शन किया। आधा सैकड़ा से अधिक शिक्षक-शिक्षिकाओं ने अपनी मांगों के समर्थन में आवाज उठाई। इस दौरान मुख्यमंत्री को संबोधित 12 सूत्रीय ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा गया। वहीं, जनपद स्तर की समस्याओं के निराकरण के लिए जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी विकास चौधरी को अलग से ज्ञापन देकर कार्रवाई की मांग की गई।

धरने का नेतृत्व संघ के जिलाध्यक्ष विद्यासागर मिश्रा ने किया। शिक्षकों ने नई पेंशन व्यवस्था समाप्त कर पुरानी पेंशन बहाल करने, एक अप्रैल 2005 से पहले चयनित लेकिन बाद में नियुक्त शिक्षकों को पुरानी पेंशन का लाभ देने, टीईटी की अनिवार्यता के मामले में राहत दिलाने और शिक्षकों के प्रमाणपत्रों की एसटीएफ से जांच कराने के आदेश पर रोक लगाने की मांग उठाई।

इसके अलावा प्रधानाध्यापकों के पदों पर पदोन्नति, गैर टीईटी शिक्षकों की पदोन्नति, ब्रिज कोर्स परीक्षा में न्यूनतम अंकों की बाध्यता समाप्त करने, लंबित अंतर्जनपदीय स्थानांतरण, 12 वर्ष की सेवा पर प्रोन्नत वेतनमान, मृतक शिक्षकों के आश्रितों को नियुक्ति तथा विद्यालयों में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों की तैनाती की मांग भी शामिल रही।

वहीं,बीएसए को सौंपे गए ज्ञापन में समायोजन प्रक्रिया में प्रधानाध्यापकों, 58 वर्ष से अधिक आयु के शिक्षकों और गंभीर बीमारियों से ग्रसित शिक्षकों को राहत देने की मांग की गई। इसके साथ ही वरिष्ठता सूची की विसंगतियां दूर करने, लंबित वेतन बहाली, डीए एरियर, अन्य एरियर और कन्वर्जन कॉस्ट का भुगतान कराने की मांग रखी गई। जीपीएफ, उपार्जित अवकाश और प्रसवकालीन अवकाश से जुड़े मामलों का समयबद्ध निस्तारण करने पर भी जोर दिया गया।

संघ पदाधिकारियों ने एक सप्ताह के भीतर समस्याओं का समाधान कराने की मांग करते हुए चेतावनी दी कि निर्धारित समय में कार्रवाई नहीं हुई तो दोबारा धरना-प्रदर्शन किया जाएगा। इस दौरान वरिष्ठ उपाध्यक्ष नृपेंद्र सिंह सेंगर, संयुक्त मंत्री उपवन कुमार सिंह, जिला मंत्री नरेश निरंजन, संरक्षक महेंद्र सिंह भाटिया सहित बड़ी संख्या में शिक्षक-शिक्षिकाएं मौजूद रहे।

# पसमांदा को हिस्सेदारी नहीं तो समर्थन भी नहीं: वसीम राईन

यूथ इंडिया। बाराबंकी



ऑल इंडिया पसमांदा मुस्लिम महाज के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष वसीम राईन ने समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की च्व। नीति पर सवाल उठाते हुए पसमांदा मुसलमानों को संगठन और सत्ता में आबादी के अनुपात में हिस्सेदारी देने की मांग की। सट्टी बाजार स्थित कार्यालय पर उन्होंने आरोप लगाया कि सपा की राजनीति में पिछड़े, दलित और अगड़ों की चर्चा तो होती है, लेकिन मुस्लिम समाज के पसमांदा वर्ग को अपेक्षित प्रतिनिधित्व नहीं मिलता।

वसीम राईन ने कहा कि समाजवादी पार्टी की नीति और नीयत शुरू से पसमांदा मुस्लिम समाज के प्रति उपेक्षापूर्ण रही है। उन्होंने कहा कि अब पसमांदा समाज राजनीतिक दलों से केवल आश्वासन नहीं, बल्कि संगठन, सरकार और टिकट वितरण में आबादी के अनुपात में भागीदारी चाहता है। उन्होंने चेतावनी दी कि जो दल पसमांदा समाज को उचित हिस्सेदारी देगा, उसी को समाज अपना समर्थन देगा।

इस मौके पर नगर अध्यक्ष निसार राईन, शफीक राईन, इमरान अंसारी, जावेद अहमद, रिजवान राईन, अशफाक राईन, गुफरान राईन, अनीस राईन, सलमान राईन, सादाब कुरैशी, सिराज कुरैशी, नईम सिद्दीकी, महमूद चौधरी, आबिद राईन, आरिफ राईन और कलीम लाला सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### एक दिवस में पूर्ण समाधान अभियान के तहत किसान की शिकायत का निस्तारण



**अमेठी।** जिलाधिकारी की पहल पर संचालित एक दिवस में पूर्ण समाधान अभियान के तहत किसानों की समस्याओं का त्वरित निस्तारण किया जा रहा है। इसी क्रम में 18 नवंबर 2026 को विकास भवन सभागार में आयोजित किसान दिवस के दौरान तहसील गौरीगंज के ग्राम बेलखौर निवासी राकेश कुमार मिश्रा ने गौरीगंज केंद्र पर गेहूं का बीज उपलब्ध न होने की शिकायत दर्ज कराई। किसान की शिकायत को गंभीरता से लेते हुए जिलाधिकारी ने तत्काल उप कृषि निदेशक और जिला कृषि अधिकारी को संबंधित केंद्र पर पहुंचकर बीज की उपलब्धता सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि किसानों को बुवाई के समय किसी प्रकार की परेशानी नहीं होनी चाहिए और उनकी समस्याओं का समयबद्ध समाधान किया जाए। जिलाधिकारी के निर्देश पर कृषि विभाग ने त्वरित कार्रवाई करते हुए गौरीगंज केंद्र पर गेहूं के बीज की उपलब्धता सुनिश्चित कराई। इसके बाद शिकायतकर्ता किसान राकेश कुमार मिश्रा को गेहूं का बीज उपलब्ध करा दिया गया। इस तरह एक ही दिन में किसान की समस्या का समाधान कर दिया गया।

### ठेलिया रिक्शा से टकराई बाइक, युवक घायल

**हैदरगढ़ (बाराबंकी)।** दिल्ली से मोटरसाइकिल पर सवार होकर अपने घर जौनपुर जा रहा युवक सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल हो गया। यह हादसा दाना फैक्ट्री चौबीसी कट के पास बुधवार की शाम करीब 4 बजे के करीब हुआ। सूचना पर पहुंची 108 एंबुलेंस की मदद से घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सीएचसी हैदरगढ़ पहुंचाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर देखते हुए चिकित्सकों ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया।जानकारी के अनुसार जौनपुर जिले के महाराजगंज थाना क्षेत्र के गौरज खोर गांव निवासी तस्लीम (26) पुत्र तौफीक दिल्ली से अपनी मोटरसाइकिल से जौनपुर जा रहे थे। इसी दौरान दाना फैक्ट्री चौबीसी कट के पास अचानक उनकी बाइक थ ठेलिया रिक्शा से टकरा गई। हादसे में तस्लीम को गंभीर चोटें आईं। एंबुलेंस से उन्हें सीएचसी हैदरगढ़ लाया गया, जहां से जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

### सड़क हादसे में बाइक सवार घायल, रेफर

**हैदरगढ़, बाराबंकी।** नेशनल हाईवे-731 पर कोतवाली हैदरगढ़ क्षेत्र के चौबीसी स्थित मुर्गी दाना फैक्ट्री के समीप एक बाइक सवार युवक सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों की सूचना पर पहुंची 108 एंबुलेंस से घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हैदरगढ़ में भर्ती कराया गया, जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसकी गंभीर हालत देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जानकारी के अनुसार जौनपुर जनपद के महाराजगंज थाना क्षेत्र के गौरजखोर गांव निवासी तस्लीम (26) पुत्र तौफीक दिल्ली से अपनी मोटरसाइकिल से घर जौनपुर जा रहे थे। इसी दौरान चौबीसी कट के पास उनकी बाइक अचानक अनियंत्रित होकर एक रिक्शा ट्रॉली से टकरा गई। हादसे में उन्हें गंभीर चोटें आईं। सीएचसी में तैनात चिकित्सक डॉ. अनिरुद्ध पांडेय ने बताया कि घायल युवक को अस्पताल लाकर प्राथमिक उपचार दिया गया। हालत गंभीर होने के चलते उसे बेहतर इलाज के लिए जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

### कमरे में फंदे से लटका मिला युवती का शव

**हैदरगढ़ (बाराबंकी)।** असंद्रा थाना क्षेत्र के मेहुनुआ गांव में बुधवार दोपहर 19 वर्षीय युवती का शव संदिग्ध परिस्थितियों में कमरे के अंदर फंदे से लटका मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने आवश्यक कार्रवाई के बाद शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। गांव निवासी साबिर अली शेख की पुत्री अलशिफा शेख बानो कमरे में अकेली थी। काफी देर तक बाहर नहीं निकलने पर परिजनों ने कमरे का दरवाजा खोला तो उसका शव फंदे से लटका मिला। यह देख परिवार में चीख-पुकार मच गई। परिजनों ने तत्काल पुलिस को सूचना दी। इंस्पेक्टर असंद्रा अनिल सिंह ने बताया कि मामले में अभी कोई शिकायत नहीं मिली है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों का पता चल सकेगा।

### डीएम ने लखनऊ से जालौन में नाम स्थानांतरित कराने को भरा फार्म-8



**उरई (जालौन)।** मतदाता सूची को शुद्ध और अद्यतन बनाने के लिए जिला निर्वाचन अधिकारी एवं जिलाधिकारी समीर ने स्वयं पहल करते हुए उदाहरण प्रस्तुत किया है। मूल रूप से लखनऊ के निवासी जिलाधिकारी ने जालौन में तैनाती और वर्तमान निवास के आधार पर अपना नाम लखनऊ की मतदाता सूची से जालौन में स्थानांतरित कराने के लिए फार्म-8 भरकर आवेदन किया है। जिलाधिकारी ने इस पहल के माध्यम से उन अधिकारियों, कर्मचारियों और नागरिकों को भी प्रेरित किया है, जो मूल रूप से दूसरे जनपदों के निवासी हैं, लेकिन वर्तमान में जालौन में रह रहे हैं। उन्होंने ऐसे पात्र नागरिकों से अपने वर्तमान निवास क्षेत्र की मतदाता सूची में नाम स्थानांतरित कराने के लिए फार्म-8 के माध्यम से आवेदन करने की अपील की। उन्होंने कहा कि लोकतांत्रिक व्यवस्था में प्रत्येक नागरिक की सहभागिता महत्वपूर्ण है। मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने, स्थानांतरण कराने अथवा किसी प्रकार का संशोधन कराने के लिए निर्धारित प्रक्रिया का लाभ उठाएं। उन्होंने मतदाता सूची को शुद्ध, अद्यतन और त्रुटिरहित बनाने में सभी से सहयोग की अपील की।

# डेढ़ महीने पहले स्कूल में हुई चोरी का खुलासा किया पुलिस ने, दो गिरफ्तार

यूथ इंडिया। कोंच



डेढ़ माह पहले हुई चोरी का कोतवाली पुलिस ने खुलासा कर दिया है। चोरी के तमाम सामान के साथ पुलिस ने दो चोरों को गिरफ्तार किया है।

कोतवाली क्षेत्र के ग्राम पचीपुरी के उच्च प्राथमिक विद्यालय में हुई चोरी की घटना का खुलासा करते हुए पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे और निशानदेही पर विद्यालय से चोरी किया गया सैमसंग टैबलेट और इन्वर्टर बरामद किया है। साथ ही तीन किसानों के खेतों से चोरी किए गए तीन स्टार्टर भी बरामद हुए हैं।

आरोपियों के पास से 920 रुपये नकद और चोरी में इस्तेमाल किए जाने वाले औजार भी मिले हैं। गौरतलब है कि 3 अक्टूबर की रात चोरों ने ग्राम पचीपुरी स्थित उच्च प्राथमिक विद्यालय को निशाना बनाते हुए चोरी की घटना को अंजाम दिया था। चोरी की घटनाओं के खुलासे और अपराधियों की धरपकड़ के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत बुधवार को कोतवाली पुलिस ने जुझारपुरा से कूड़ा गांव जाने वाले रास्ते पर नहर की पुलिया के पास से दो आरोपियों को गिरफ्तार किया।

# तेज रफ्तार चार पहिया वाहन ने बाइक सवार को मारी टक्कर

**कोठी (बाराबंकी)।** कोठी थाना क्षेत्र में तेज रफ्तार चार पहिया वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल युवक ने बुधवार को थाने पहुंचकर तहरीर दी और वाहन चालक के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। जफरपुर निवासी विजय कुमार (22) पुत्र स्वर्गीय संतराम ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि शुक्रवार, 13 नवंबर को रात करीब दो बजे वह अपनी बाइक (यूपी 41 बीएच 9477) से किसी काम से कोठी आ रहा था। मदरापुर चौराहे से पहले पीछे से आए तेज रफ्तार चार पहिया वाहन (यूपी 32 एलएम 3038) ने उसकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में उसके दाहिने पैर और बाएं हाथ में गंभीर चोटें आईं। विजय के मुताबिक, हादसे के बाद वह इलाज के लिए बीस मील चौराहे स्थित एक निजी अस्पताल पहुंचा, जहां उपचार के दौरान चलने-फिरने में असमर्थ होने के कारण तत्काल थाने नहीं जा सका। स्वास्थ्य में कुछ सुधार होने पर बुधवार को उसने कोठी थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई और कार्रवाई की मांग की। इस संबंध में इंस्पेक्टर धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि तहरीर मिली है।

# कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष आराधना मिश्रा का कालपी में जोरदार स्वागत



**कालपी (जालौन)।** बुंदेलखंड के प्रवेश द्वार कालपी में बुधवार को उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी की प्रदेश अध्यक्ष आराधना मिश्रा उर्फ मोना मिश्रा का पार्टी कार्यकर्ताओं ने जोरदार स्वागत किया। झांसी में आयोजित महत्वपूर्ण बैठक में शामिल होने जा रहीं प्रदेश अध्यक्ष का काफिला जैसे ही कालपी की सीमा में पहुंचा, हाईवे स्थित दुर्गा मंदिर चौराहे पर पहले से मौजूद सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने उनका अभिनंदन किया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने पार्टी के झंडे लहराकर उत्साह जताया। स्वागत कार्यक्रम में कंदौला टाउन एरिया के चेयरमैन शुजाउल हसन गुल्लू मियां, सोशल मीडिया के प्रदेश संयोजक आदित्य नगाइच, कालपी नगर अध्यक्ष अखिलेश अहिरवार, मोहनलाल श्रीवास सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता, पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# सरस्वती विद्या मंदिर में मेधावी कक्षाओं का संचालन कल से

यूथ इंडिया। लखनऊ




सरस्वती विद्या मंदिर वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय ज्ञान कुंज विवेकानंद नगर सुलतानपुर में मेधावी छात्रों के अभिभावकों की गोष्ठी का आयोजन किया गया।

प्रधानाचार्य राकेश मणि त्रिपाठी ने मेधावी छात्रों के अभिभावकों को संबोधित करते हुए कहा कि विद्या मंदिर के भैया बहनें विगत वर्षो की बोर्ड परीक्षाओं से लेकर जेईई, नीट, सीए तथा अन्य उच्च स्तरीय परीक्षाओं में अद्वितीय प्रदर्शन करते रहे हैं।

जो कि अभिभावकों के सकारात्मक सहयोग और आचार्यों की दूर-दृष्टि तथा मेधा सम्पन्न भैया बहनों के अथक परिश्रम का परिणाम है। मेधावी भैया बहनों की मेधा को धारदार बनाने के लिए विद्यालय परिवार कटिबद्ध है। इसीलिए विद्यालय में वर्ष भर प्रति दिन प्रत्येक विषय की एक घंटे की समस्या निवारण कक्षाएं संचालित होती हैं । ये सभी भैया आगामी वर्ष की बोर्ड परीक्षा के साथ-साथ जेईई, नीट और सीए आदि प्रतियोगी परीक्षाओं में आशातीत सफलता प्राप्त करें।

इस दृष्टिकोंण से कल दिनांक 19 नवंबर से ही प्रातः 7 बजे से 8:30 बजे तक गणित, भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान,एकाउंटेंसी,अर्थशास्त्र, जीव तथा वनस्पति विज्ञान एवं अन्य महत्वपूर्ण विषयों की अतिरिक्त निःशुल्क कक्षाएं संचालित की जाएंगी।

जिसमें विद्यालय के विषय विशेषज्ञ, वरिष्ठतम, सुयोग्य,अनुभवी शिक्षकों द्वारा शिक्षण कार्य किया जाएगा। प्रधानाचार्य जी की उक्त घोषणा का उपस्थित अभिभावकों द्वारा करतल ध्वनि से स्वागत किया गया। बैठक में अवधेश शुक्ल,विनय कुमार सिंह, सरिता सोनी, मीनू श्रीवास्तव, सुरेश कुमार, विनय मोहन, राम केश सिंह, सुरेश पाण्डेय,सुशील कुमार, उपप्रधानाचार्य रमेश मिश्र, वरिष्ठ आचार्य अनिल पाण्डेय,शरद श्रीवास्तव, अखिलेश प्रताप सिंह, राकेश सिंह, संजीव चतुर्वेदी, राजबहादुर शर्मा, शेषमणि मिश्र, अजीत प्रताप सिंह सुधा सिंह, शशी द्विवेदी, श्रद्धा शुक्ला समेत कक्षा दश एवं द्वादश के सभी कक्षाचार्य,मेधावी छात्र तथा सैकडों की संख्या में अभिभावक उपस्थित रहे।

# एसआईआर को लेकर बैठक संपन्न, विधायक ने वोट बढ़वाने पर दिया जोर

यूथ इंडिया। बड़ुपुर (बाराबंकी)



विधानसभा क्षेत्र 266 कुर्सी के भवानीपुर स्थित ममता मैरिज लॉन में मतदाता पुनरीक्षण अभियान एवं संगठनात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक में क्षेत्रीय विधायक साकेंद्र प्रताप वर्मा मुख्य रूप से उपस्थित रहे। इस दौरान विधानसभा क्षेत्र के सभी शक्ति केंद्र संयोजक, शक्ति केंद्र प्रभारी, मंडल अध्यक्ष एवं मंडल समिति के पदाधिकारी मौजूद रहे।

बैठक को संबोधित करते हुए विधायक साकेंद्र प्रताप वर्मा ने कहा कि विधानसभा स्तर पर मतदाता पुनरीक्षण अभियान की बैठक आयोजित करने का उद्देश्य कार्यकर्ताओं को अभियान से जुड़ी प्रत्येक जानकारी उपलब्ध कराना है, ताकि कोई भी पात्र व्यक्ति मतदाता सूची में शामिल होने से वंचित न रह जाए। उन्होंने बताया कि यदि किसी महिला की शादी दूसरे गांव में हुई है और उसके आधार कार्ड पर अभी भी मायके का पता दर्ज है, तो भी वह अपने ससुराल में मतदाता बन सकती है।

इसके लिए महिला के पति या ससुर का मतदाता पहचान पत्र लगाकर निर्धारित फॉर्म भरना होगा। फॉर्म भरने के बाद उसे संबंधित बीएलओ को उपलब्ध कराना होगा। विधायक ने बताया कि मतदाता सूची में नए नाम जोड़ने के लिए 22, 23 एवं 24 नवंबर 2026 को विशेष अभियान चलाया जाएगा। उन्होंने कार्यकर्ताओं से अपील की कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में घर-घर जाकर पात्र लोगों के नाम मतदाता सूची में जुड़वाने के लिए जागरूक करें।

बैठक में संगठन की मजबूती एवं मतदाता पुनरीक्षण अभियान को प्रभावी ढंग से संचालित करने को लेकर भी विस्तार से विचार-विमर्श किया गया। इस अवसर पर अरुण सिंह, रमाकांत बाजपेयी, मनुवां महाराज, डॉ. अंजू चंद्र, पूनम कनौजिया, राजेश वर्मा, ओमप्रकाश वर्मा, प्रदीप रावत, सरोज कुमार वर्मा, शंकर बाजपेयी, दिनेश सिंह तोमर, रंजीत कुमार लोधी, विजय गुप्ता, योगेंद्र पटेल सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# एसडीआरएफ ने 21 घंटे बाद बरामद कर लिया नहर में डूबे राजा का शव

- एक युवक मोहन का शव मंगलवार देर शाम बरामद कर लिया गया था
- मामला रिश्तेदार की अंत्येष्टि के बाद नहाने गए दो युवकों के नहर में डूबने का

यूथ इंडिया। कोंच



कोतवाली क्षेत्र के पैरथा गांव में अपनी रिश्तेदार के निधन पर अंतिम संस्कार में शामिल होने आए दो युवक मंगलवार की दोपहर करीब पौने तीन बजे गांव किनारे मेन रोड से निकली नहर में डूब गए थे। देर शाम एसडीआरएफ की टीम ने एक युवक का शव तो बरामद कर लिया था, जबकि दूसरे युवक का शव भी 21 घंटे बाद बुधवार को करीब 12 बजे अधिकारियों की मौजूदगी में एसडीआरफ टीम ने फिर से तलाशी अभियान चला कर बरामद कर लिया है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

मामले के मुताबिक ग्राम पैरथा निवासी सूरज वाल्मीकि की मां नन्हीं बरार (95) का निधन हो जाने पर मंगलवार को हुए उसके अंतिम संस्कार के बाद कुछ युवक ट्रैक्टर धोने और नहाने के लिए गांव किनारे कोंच-पहाड़गांव रोड पर स्थित परैथा नहर पुल पर जा पहुंचे। नहाते समय ललितपुर जनपद के थाना मड़ावरा के ग्राम डोगरा का रहने वाला सूरज के साढ़ू का बेटा राजा (19) पुत्र चंदन नहर में डूबने लगा था।

वहां मौजूद सूरज के भांजे मोहन (35) पुत्र मुन्नीलाल निवासी ग्राम मई थाना रामपुरा ने राजा को बचाने की कोशिश की और नहर में कूद गया लेकिन वह भी पानी में डूब गया था। एसडीएम अनीता देवी, कोतवाल निगवेंद्र प्रताप सिंह की मौजूदगी में एसडीआरएफ की टीम ने देर शाम मोहन का शव बरामद कर लिया था, लेकिन राजा का कोई पता नहीं चल सका था।

बुधवार की सुबहएसडीआरफ टीम ने एक बार फिर से तलाशी अभियान चलाया और दोपहर करीब 12 बजे राजा का भी शव बरामद कर लिया गया। पुलिस ने राजा के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। एक दिन पहले बरामद मोहन के शव का पोस्टमार्टम होने के बाद शव उसके गांव मई थाना रामपुरा ले जाया गया जहां गमगीन माहौल के बीच परिजनों और नाते रिश्तेदारों ने देर शाम उसका अंतिम संस्कार कर दिया।

# दरियाबाद को 8.36 करोड़ की सौगात, पांच संपर्क मार्गों को मिली मंजूरी

यूथ इंडिया। बाराबंकी



विधानसभा दरियाबाद क्षेत्र के विकास को गति देने के लिए प्रदेश सरकार ने बड़ी सौगात दी है। प्रदेश सरकार में राज्यमंत्री सतीश चंद्र शर्मा के प्रयासों से क्षेत्र के पांच महत्वपूर्ण संपर्क मार्गों के निर्माण एवं नवनिर्माण कार्यों को स्वीकृति प्रदान की गई है। इन पांचों सड़कों के निर्माण पर कुल 8 करोड़ 36 लाख रुपये की धनराशि खर्च की जाएगी। लंबे समय से बेहतर सड़क सुविधा की उम्मीद लगाए बैठे ग्रामीणों के लिए यह बड़ी राहत की खबर है।

स्वीकृत परियोजनाओं में परसावल बंधा से मछारनपुरवा संपर्क मार्ग प्रमुख है। इस मार्ग का निर्माण 328 लाख रुपये की लागत से 3.30 किलोमीटर लंबाई में कराया जाएगा। वहीं खजुरी से मवईपुर होते हुए टोडरपुर-गोपालपुर संपर्क मार्ग के निर्माण के लिए 138 लाख रुपये स्वीकृत किए गए हैं। इसकी लंबाई 1.50 किलोमीटर होगी। इसके अलावा रहिमापुर से बालपुरवा संपर्क मार्ग के लिए 118 लाख रुपये की मंजूरी मिली है।

इस मार्ग का निर्माण 1.05 किलोमीटर लंबाई में कराया जाएगा। मेड़ुवा से पूरे चोर संपर्क मार्ग के निर्माण पर 137 लाख रुपये खर्च होंगे, जिसकी लंबाई 1.50 किलोमीटर निर्धारित की गई है। वहीं गौरा कुर्मीयान से चकबंरपुर लिंक रोड के निर्माण के लिए 115 लाख रुपये की स्वीकृति प्रदान की गई है। इस मार्ग की लंबाई 1.10 किलोमीटर होगी। इन पांचों संपर्क मार्गों के निर्माण से क्षेत्र के ग्रामीण इलाकों में आवागमन की सुविधा बेहतर होगी।

गांवों से मुख्य मार्गों तक पहुंच आसान होने के साथ ही किसानों को अपनी उपज बाजार तक पहुंचाने, विद्यार्थियों को विद्यालय और महाविद्यालय जाने तथा मरीजों को अस्पताल पहुंचने में काफी सहूलियत मिलेगी। इसके साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में व्यापार, रोजगार और आर्थिक गतिविधियों को भी बढ़ावा मिलने की उम्मीद है। राज्यमंत्री सतीश चंद्र शर्मा ने इन महत्वपूर्ण विकास कार्यों की स्वीकृति प्रदान किए जाने पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के प्रति विधानसभा दरियाबाद की देवतुल्य जनता की ओर से हार्दिक आभार एवं धन्यवाद व्यक्त किया।

उन्होंने कहा कि उनका संकल्प है कि विधानसभा दरियाबाद का कोई भी गांव विकास की मुख्यधारा से अछूता न रहे। प्रत्येक गांव तक बेहतर सड़क, मूलभूत सुविधाएं और विकास योजनाओं का लाभ पहुंचे। क्षेत्र का सर्वांगीण विकास उनकी प्राथमिकता है और दरियाबाद को निरंतर प्रगति के पथ पर आगे बढ़ाने के लिए प्रयास जारी रहेंगे।

# 19 नवंबर को विद्यार्थियों को बांटे जाएंगे स्मार्टफोन और टैबलेट, डीएम ने दिए निर्देश

यूथ इंडिया। अमेठी

प्रदेश के मा. मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ जी की मंशा के अनुरूप युवाओं को तकनीकी रूप से सशक्त बनाने, डिजिटल शिक्षा को बढ़ावा देने तथा उन्हें आधुनिक तकनीकी संसाधनों से जोड़ने के उद्देश्य से संचालित स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तिकरण योजना के प्रभावी क्रियान्वयन एवं अनुश्रवण को लेकर जिलाधिकारी शशांक चौधरी की अध्यक्षता में आज कलेक्ट्रेट कार्यालय में जनपद स्तर पर गठित समिति के सदस्यों के साथ बैठक आयोजित की गई।

बैठक में जिलाधिकारी ने योजना की प्रगति, वितरण की तैयारियों तथा समिति के कार्यों एवं दायित्वों की विस्तृत समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में जिलाधिकारी ने समिति के सदस्यों को उनके दायित्वों से अवगत कराते हुए निर्देशित किया कि योजना के अंतर्गत चिन्हित संस्थाओं के पात्र लाभार्थियों की सूची तैयार करने की प्रक्रिया पूरी पारदर्शिता के साथ सुनिश्चित की जाए।

जनपद में किन संस्थानों में किस क्रम में स्मार्टफोन एवं टैबलेट का वितरण किया जाना है, इसकी स्पष्ट एवं चरणबद्ध रूपरेखा तैयार की जाए, ताकि वितरण कार्य व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराया जा सके। जिलाधिकारी ने कहा कि समिति यह सुनिश्चित करे कि संबंधित संस्थानों में सभी पात्र लाभार्थियों को स्मार्टफोन एवं टैबलेट का वितरण सुगमतापूर्वक एवं पारदर्शी तरीके से हो।

इसके साथ ही प्रत्येक संस्थान के स्तर पर वितरण से संबंधित आवश्यक अभिलेखों एवं दस्तावेजों का समुचित रखरखाव और संरक्षण सुनिश्चित कराया जाए। वितरण प्रक्रिया पूर्ण होने के उपरांत भी अभिलेखों के माध्यम से लाभार्थियों को उपलब्ध कराए गए उपकरणों का सत्यापन किया जा सके। उन्होंने निर्देश दिए कि संस्थानों में स्मार्टफोन एवं टैबलेट वितरण कार्यक्रम माननीय प्रभारी मंत्री, माननीय सांसद एवं माननीय विधायकगण की उपस्थिति में शासन की मंशा के अनुरूप आयोजित कराए जाएं। इसके लिए संबंधित संस्थानों एवं विभागों के अधिकारी आपसी समन्वय स्थापित करते हुए आवश्यक व्यवस्थाएं समय से पूर्ण करें। साथ ही शासन द्वारा योजना के संबंध में समय-समय पर जारी किए जाने वाले दिशा-निर्देशों का शत-प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित किया जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि मुख्यमंत्री जी की प्राथमिकता है कि प्रदेश का युवा आधुनिक तकनीक से जुड़कर शिक्षा, कौशल विकास एवं रोजगार के क्षेत्र में आगे बढ़े। स्मार्टफोन एवं टैबलेट विद्यार्थियों को ऑनलाइन अध्ययन, डिजिटल शैक्षणिक सामग्री, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी तथा विभिन्न शैक्षणिक संसाधनों तक सहज पहुंच उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

# प्रवर्तन कार्रवाई में जालौन प्रदेश में अव्वल, एआरटीओ को पहला स्थान

यूथ इंडिया। उरई (जालौन)



सड़क सुरक्षा और यातायात नियमों का पालन कराने के लिए की जा रही प्रवर्तन कार्रवाई में जालौन परिवहन विभाग ने प्रदेश स्तर पर अपनी धाक जमाई है। जिलाधिकारी समीर और पुलिस अधीक्षक सुरेशचंद्र रावत के मार्गदर्शन में चलाए जा रहे अभियान के तहत एआरटीओ (प्रवर्तन) राजेश कुमार ने क्रमिक रैंकिंग में प्रदेश में पहला स्थान हासिल किया है। वहीं, अक्टूबर माह की मासिक रैंकिंग में उन्हें दूसरा स्थान मिला है।

वित्तीय वर्ष 2026-27 में अक्टूबर माह के लिए निर्धारित 36 लाख रुपये के लक्ष्य के सापेक्ष 47.45 लाख रुपये की वसूली की गई। यह लक्ष्य का 131.81 प्रतिशत है। इसी प्रकार एक अप्रैल से 31 अक्टूबर तक 252 लाख रुपये के क्रमिक लक्ष्य के मुकाबले 330.86 लाख रुपये की वसूली हुई, जो निर्धारित लक्ष्य का 131.30 प्रतिशत है।

मुख्यालय से जारी आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, एआरटीओ प्रवर्तन राजेश कुमार ने क्रमिक रैंकिंग में प्रदेश में पहला स्थान प्राप्त किया। इस उपलब्धि में प्रवर्तन स्टाफ अमित द्विवेदी, मनोज कुमार, राजेश कुमार, सत्प्रकाश, पीआरडी जवानों और प्रवर्तन चालक अजय प्रताप सिंह का विशेष योगदान रहा। वहीं, यात्री एवं मालकर अधिकारी आनंद राय कुरील ने क्रमिक रैंकिंग में प्रदेश में चौथा और मासिक रैंकिंग में सातवां स्थान हासिल किया। उनकी इस उपलब्धि में प्रवर्तन स्टाफ अमित, सत्येंद्र कुमार, आदित्य कुमार और सोमकांत द्विवेदी का सहयोग रहा।

परिवहन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि यह उपलब्धि जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक के नेतृत्व में विभागीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों के समन्वित प्रयासों का परिणाम है। सड़क सुरक्षा के मद्देनजर अवैध और अनियमित वाहनों के खिलाफ प्रवर्तन कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी। यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

# पिकअप की चपेट में आने से बाइक सवार की गंभीर रूप घायल उपचार के दौरान मौत

**● सराय ख्वाजा थाना क्षेत्र के फरीदाबाद कारगिल पेट्रोल पंप के सामने का मामला**

यूथ इंडिया, जौनपुर

सरायख्वाजा थाना क्षेत्र के बुधवार की सुबह जौनपुर शाहगंज लुंबिनी मार्ग फरीदाबाद कारगिल पेट्रोल पंप के सामने देवकली गांव निवासी एक बाइक सवार युवक पिकअप की चपेट में आने से मौके पर मौत हो गई। हादसे की घर पर सूचना मिलते कोहराम मच गया। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और जांच पड़ताल में जुट गई।

जानकारी के अनुसार बता दें कि देवकली गांव निवासी रंजीत सोनकर पुत्र स्वर्गीय रामचरन बुधवार सुबह करीब छह बजे अपनी बाइक से अकेले नई मंडी चौकियां में फलमंडी के लिए जा रहे थे कि जौनपुर शाहगंज लुंबिनी मार्ग फ़रीदाबाद कारगिल पेट्रोल पंप के पास पिकअप की चपेट में आने से गंभीर रूप से घायल हो गए स्थानीय लोगों ने आनान-फानन में एंबुलेंस की सहायता से उपचार के लिए जिला अस्पताल ले गए जहां पर चिकित्सकों ने मृतक घोषित कर दिया। सूचना मिलते पुलिस मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और जांच पड़ताल में जुट गई।

जानकारी मिलते ही घर पर कोहराम मच गया मृतक की शादी चार साल पहले हुई थी मृतक की एक छोटी बच्ची है। जवान बेटे की मौत की खबर सुनते ही मां रो रोकर बुरा हाल है। पत्नी रोती रोती बेहोश हो जा रही है। सूत्र से जानकारी मिली है कि हादसे के बाद पुलिस पिकअप वाहन और चालक को हिरासत में ले लिया है और मामले की कार्यवाही शुरू कर दी।

सराय ख्वाजा थाना प्रभारी राजेश कुमार सिंह ने बताया कि पिकअप वाहन चालक दो पकड़े गए हैं मुक़दमा लिखा गया आगे की कार्यवाही जारी है।

## पुलिस बूथ से महज सौ मीटर दूर लगा भीषण जाम, राहगीर परेशान

**जौनपुर।** सराय ख्वाजा थाना क्षेत्र के बुधवार की दोपहर जौनपुर-शाहगंज-लुंबिनी मार्ग पर स्थित सिद्धीकपुर चौराहे पर भीषण जाम लगने से राहगीरों और वाहन चालकों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। सबसे बड़ी बात यह है कि जिस स्थान पर जाम लगा हुआ था, वहां से महज सौ मीटर की दूरी पर पुलिस बूथ चौकी स्थित है, इसके बावजूद जाम को हटवाने और यातायात सुचारु कराने के लिए पुलिसकर्मी मौके पर नहीं पहुंचे। चौराहे पर वाहनों की लंबी कतार लगने से सड़क के दोनों तरफ आवागमन प्रभावित हो गया। दोपहिया, चारपहिया और बड़े वाहन जाम में फंसे रहे। राहगीरों को अपने गंतव्य तक पहुंचने के लिए काफी देर तक इंतजार करना पड़ा। वहीं, स्कूली बच्चों, मरीजों और जरूरी काम से यात्रा करने वाले लोगों को भी परेशानी उठानी पड़ी। स्थानीय लोगों का कहना है कि सिद्धीकपुर चौराहे पर आए दिन जाम की स्थिति बनी रहती है। इसके बावजूद यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाया जा रहा है। लोगों का आरोप है कि पुलिस बूथ चौकी से महज सौ मीटर की दूरी पर स्थित चौराहे पर आए दिन मारपीट और विवाद की घटनाएं भी होती रहती हैं, लेकिन समय रहते प्रभावी कार्रवाई नहीं होने से लोगों में नाराजगी है। स्थानीय नागरिकों ने पुलिस प्रशासन की कार्यशैली पर सवाल उठाते हुए कहा कि जब पुलिस चौकी चौराहे के इतने करीब है तो जाम लगने की स्थिति में तत्काल पुलिसकर्मियों को मौके पर पहुंचकर यातायात व्यवस्था संभालनी चाहिए। लोगों ने उच्चाधिकारियों से सिद्धीकपुर चौराहे पर नियमित पुलिसकर्मियों की तैनाती, जाम से निजात दिलाने और आए दिन होने वाले विवादों पर प्रभावी कार्रवाई करने की मांग की है, ताकि आम जनता को आवागमन में हो रही परेशानियों से राहत मिल सके।

# प्राथमिक शिक्षक संघ का एक दिवसीय धरना प्रर्दशन सम्पन्न

यूथ इंडिया, सुलतानपुर




उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ शाखा सुल्तानपुर अध्यक्ष दिलीप पाण्डेय के नेतृत्व में शिक्षकों की 12 सूत्री समस्याओं को लेकर के प्रांतीय नेतृत्व के निर्देश पर एक दिवसीय धरना प्रदर्शन और विज्ञापन का कार्यक्रम आयोजित किया गया।

तिकोनिया पार्क में इकट्ठा हुए सैकड़ो शिक्षकों ने पुरानी पेंशन बहाली, 2004 विबीटीसी पुरानी पेंशन, टेट अनिवार्यता, शिक्षकों के शैक्षिक अभिलेख का टास्क फोर्स द्वारा सत्यापन, जनपद के सभी विद्यालयों में प्रधानाध्यापक पद पर पदोन्नति, ब्रिज कोर्स में न्यूनतम 50: अंक अर्जित करने की बाध्यता, मृतक आश्रित शिक्षकों के योग्यता धारी पाल्य को शिक्षक पद पर नियुक्ति का आदेश, शत प्रतिशत प्रोन्नत वेतनमान दिए जाना, विद्यालयों में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी, सफाई कर्मचारी, चैकीदार की नियुक्ति, शीतकालीन अवकाश में अंतर्जनपदीय और पारस्परिक स्थानांतरण प्रक्रिया, द्वितीय शनिवार और उपार्जित अवकाश अनुमन्य किए जाने आदि के संबंध में 12 सूत्रीय मांगपत्र के माध्यम से जिलाधिकारी द्वारा माननीय मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन दिया गया।

प्रदर्शन के दौरान शिक्षकों को संबोधित करते हुए जनपदीय मंत्री डॉ एच बी सिंह ने आने वाले समय को संक्रमण काल बताते हुए शिक्षकों से हर संघर्ष के लिए एकजुट रहने का आवाहन किया। वरिष्ठ उपाध्यक्ष वीरेंद्र नारायण मिश्र ने सरकार की शिक्षक विरोधी नीतियों को त्यागने का अनुरोध करते हुए शिक्षक संघर्ष और सम्मान के साथ न्याय करने का आवाहन किया। कार्यक्रम का संचालन जनपदीय उपाध्यक्ष/कादीपुर अध्यक्ष अनिल यादव ने किया।

इस अवसर पर संयुक्त मंत्री प्रशांत पांडेय, कोषाध्यक्ष जयप्रकाश वर्मा, अंजनी शर्मा, विजय प्रताप, संतोष आर्या, अखिलेश सिंह, संजय यादव, राज बक्श मौर्य, स्वामीनाथ, गोमती मिश्रा, अरविंद पाण्डेय, लालचंद, रविंद्र प्रताप सिंह, केदारनाथ दुबे, कृष्ण कुमार चौरसिया, पूर्णेंदु पाण्डेय, हेमंत यादव, चंद्रप्रकाश गुप्ता, रितेश सिंह, हरिओम गुप्ता, अजय श्रीवास्तव, रविंद्र यादव, विमलेश सरोज, विपिन सिंह, धीरेंद्र राव, राजकुमार चौधरी, अनुपम द्विवेदी, मनोज द्विवेदी, मैथिली शरण मिश्रा, रामलखन वर्मा, विनोद पाठक, संजय पांडेय, सुरेश पाल, राकेश यादव, बृजेश सिंह, प्रतिमा सिंह, प्रियंका पांडेय, पूजा चौधरी, माजिद अहमद, आदित्य मिश्रा, सुदेश और सूरज सहित बड़ी संख्या में शिक्षक उपस्थित रहे।

# कुष्ठ एवं टीबी प्रभावित जरूरतमंदों में बांटे गए कंबल

यूथ इंडिया, कुशीनगर



ठंड बढ़ने के साथ ही जरूरतमंद लोगों की मुश्किलें भी बढ़ने लगी हैं। ऐसे में ठंड से ठिठुरती मानवता को राहत पहुंचाने के उद्देश्य से नयी दिशा पर्यावरण सेवा संस्थान द्वारा विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी ठंड के आगमन के साथ ही कंबल वितरण अभियान शुरू कर दिया गया है।

इसी क्रम में बुधवार को रमेश प्रसाद त्रिपाठी के संयोजन एवं सहयोग से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सुकरौली में कुष्ठ एवं टीबी से प्रभावित जरूरतमंद लोगों के बीच कंबल वितरित किए गए। संस्था की इस पहल का उद्देश्य ठंड के मौसम में समाज के जरूरतमंद एवं वंचित लोगों को राहत पहुंचाना है।

इस अवसर पर डा. विनोद कुमार मिश्र, डा. धर्मेंद्र तिवारी, विजय सिंह, अशोक कुमार पाण्डेय, के.के. सिंह, डा. मनीषा तिवारी, मनसा देवी, शुभम कुमार पाण्डेय, अभिषांक शर्मा एवं संस्था के सचिव डॉ. हरिओम मिश्र सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# मतदाता सूची की शुद्धता पर जोर, पात्र मतदाताओं के नाम जोड़ने के निर्देश

यूथ इंडिया, सलेमपुर, देवरिया



मतदाता सूची के प्रकाशन को लेकर सलेमपुर के एसडीएम क्षितिज द्विवेदी ने जनप्रतिनिधियों एवं बूथ लेवल अधिकारियों (बीएलओ) के साथ बैठक की। बैठक में मतदाता सूची को त्रुटिरहित एवं अद्यतन बनाने को लेकर विस्तार से चर्चा की गई।

एसडीएम ने मतदाता सूची में दर्ज नामों का गंभीरता से सत्यापन करने, सूची में पाई जाने वाली त्रुटियों को समय से दुरुस्त करने तथा छूटे हुए पात्र मतदाताओं के नाम सूची में शामिल कराने पर विशेष जोर दिया। उन्होंने बीएलओ को निर्देश दिया कि वे अपने-अपने बूथ क्षेत्रों में मतदाता सूची की जांच पूरी गंभीरता से करें, ताकि कोई भी पात्र मतदाता मतदान के अधिकार से वंचित न रह जाए।

बैठक में जनप्रतिनिधियों से भी मतदाता सूची को शुद्ध एवं पारदर्शी बनाने में सहयोग करने की अपील की गई। एसडीएम ने कहा कि लोकतांत्रिक व्यवस्था में प्रत्येक पात्र नागरिक का नाम मतदाता सूची में होना आवश्यक है। इसके लिए सभी संबंधित अधिकारी और कर्मचारी आपसी समन्वय के साथ जिम्मेदारीपूर्वक कार्य करें।

# मानसिक स्वास्थ्य के लिए नकारात्मकता से दूर रहें छात्रः डा. नवरास जैदी



यूथ इंडिया, सुलतानपुर

कमला नेहरू संस्थान के फरीदीपुर परिसर स्थित इंजीनियरिंग इंस्टीट्यूट में नव प्रवेशित छात्र छात्राओं के लिए मानसिक स्वास्थ्य के महत्व को देखते हुए मानसिक स्वास्थ्य संवर्धन के लिए सेमिनार का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित वक्ता डा. नवरास हसन जैदी ने छात्र छात्राओं को मानसिक स्वास्थ्य के संवर्धन के तरीकों के बारे में समझाया।

उन्होंने अपने उद्बोधन में छात्रों को जीवन में हमेशा नकारात्मकता से दूर रहने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने छात्र छात्राओं से कहा कि कोई भी कार्य करने से पहले उस कार्य के लिए अपने अन्तर्मन सेष्क्यों श् का उत्तर ढूंढें, तभी वह कार्य करें। उन्होंने विभिन्न उदाहरणों के माध्यम से समझाया और बताया कि स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क निवास करता है अतरू सर्वप्रथम शारीरिक स्वास्थ्य पर ध्यान देना चाहिए। उन्होंने कहा कि छात्र छात्राओं का दैनिक रुप से अखबार पढ़ने की आदत डालनी चाहिए तथा अपने समय प्रबंधन पर ध्यान देना चाहिए तभी वे सफलता की तरफ अग्रसर हो सकेंगे। संस्थान के निदेशक प्रो. (डा.) डी. एस. पुन्डीर ने छात्र छात्राओं को बताया कि मानसिक स्वास्थ्य सही रहने पर ही वे हर क्षेत्र में अच्छा प्रदर्शन कर सकेंगे।

मेकैनिकल इंजीनियरिंग संकाय के विभागाध्यक्ष प्रो. ए. के. सिंह ने डा. नवरास जैदी का स्मृति चिन्ह देकर स्वागत किया। कार्यक्रम संयोजक मनोज भार्गव ने उपस्थित अतिथि को धन्यवाद ज्ञापित कियाद्य संस्थान के डीन एकेडमिक रत्नेश सिंह ने उपस्थित अतिथि का आभार व्यक्त किया। संस्थान के प्रबंधक एवं नगर विधायक विनोद सिंह ने इस कार्यक्रम में सभी छात्र छात्राओं को शुभकामनाएं देते हुए आयोजक मंडल को बधाई दी।

कार्यक्रम में बी. टेक. प्रथम वर्ष के सभी छात्र छात्राओं सहित प्रबंध तन्त्र से अवधेश सिंह, महेंद्र प्रताप सिंह, सभी विभागाध्यक्ष एवं शिक्षक सरस प्रकाश सिंह, अमी श्रीवास्तव, ताजीम फातिमा, वैष्णवी सिंह, आदि उपस्थित रहे।

# किसान नई तकनीकियों से खेती कर समृद्धि लाए

यूथ इंडिया, जौनपुर।

जिलाधिकारी उमेश मिश्रा की अध्यक्षता वाली में कलेक्ट्रेट सभागार में किसान दिवस का आयोजन किया गया।

बैठक में जिलाधिकारी ने जनपद के किसानों को कृषक उत्पादक संगठन (एफपीओ) बनाकर क्लस्टर के रूप में खेती करने का सुझाव दिया तथा बताया कि कृषि से बड़ा कोई उद्योग नहीं है, अनुदान पर ग्रीन हाउस बनाकर बड़े स्तर पर शिमला मिर्च, टमाटर, फूलों की खेती से अमूल चूल परिवर्तन लाया जा सकता है, उन्होंने बताया कि कलेक्टिव होकर एक फसल की खेती करे तभी मार्केट मिलता है लागत कम और मुनाफा ज्यादा मिलता है। कृषि के क्षेत्र में विकास की अपार संभावनाएं है जिलाधिकारी ने कहा पारंपरिक खेती के साथ-साथ केला, मशरूम एवं ड्रैगन फ्रूट, मशरूम की खेती अपनाने से आय में वृद्धि होगी।

उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि किसान दिवस में किसानों द्वारा उठाई गई सभी समस्याओं का गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण कराते हुए किसानों को अवगत कराया जाए। इस अवसर पर उप निदेशक कृषि अश्वनी कुमार सिंह, जिला कृषि अधिकारी विनय सिंह, जिला उद्यान अधिकारी डा. सीमा सिंह राणा, भूमि संरक्षण अधिकारी प्रथम संदीप कुमार, द्वितीय कमलजीत सिंह, जिला कृषि रक्षा अधिकारी विवेक कुमार,किसान यूनियन के राजनाथ यादव, शैलेश मौर्य सहित अन्य किसान उपस्थित रहे।

# प्रमोशन तो छोड़िए, वरिष्ठता सूची अब तक जारी नहीं

यूथ इंडिया, देवरिया

बेसिक शिक्षा विभाग में परिषदीय शिक्षकों की पदोन्नति की उम्मीद करीब दस साल बाद जगी है,लेकिन प्रक्रिया अंतिम चरण में पहुंचने के बावजूद विभागीय तैयारियां पूरी होती नहीं दिख रही हैं।बेसिक शिक्षा विभाग की ओर से तय सात नवंबर की समयसीमा बीतने के बावजूद अब तक अन्तिम वरिष्ठता सूची ही जारी नहीं हो सकी हैं। प्राथमिक विद्यालयों के सहायक अध्यापकों की अंतिम वरिष्ठता सूची और प्रधानाध्यापकों व जूनियर हाईस्कूलों के सहायक अध्यापकों की अनंतिम सूची का प्रकाशन भी लंबित है।बेसिक शिक्षा परिषद के सचिव ने सात नवंबर तक पूरी प्रक्रिया संपन्न करने के निर्देश दिए थे, लेकिन विभागीय सुस्ती के चलते समयसीमा पार हो गई। मुख्यालय से ब्लॉक स्तर तक कागजी कार्रवाई जारी है, जिससे शिक्षकों में असमंजस बना हुआ है।वरिष्ठता सूची, रिक्त पदों का निर्धारण, आपत्तियों का निस्तारण लंबित होने से प्रक्रिया अटकी है।

उत्तर प्रदेश बेसिक शिक्षा (अध्यापक) सेवा नियमावली, 1981 के नियम 22 के अनुसार शिक्षक की वरिष्ठता मौलिक नियुक्ति की तारीख से निर्धारित होती है। एक ही तारीख को नियुक्त शिक्षकों की आपसी वरिष्ठता चयन सूची के मेरिट क्रम से तय होती है। मृतक आश्रित या अप्रशिक्षित कोटे में नियुक्त शिक्षकों की मौलिक नियुक्ति आवश्यक प्रशिक्षण या योग्यता पूरी करने की तारीख से मानी जाती है, जबकि प्रशिक्षित अभ्यर्थियों के लिए पहली नियुक्ति की तारीख ही आधार होती है। दूसरे जिले में स्थानांतरण होने पर शिक्षक की वरिष्ठता नए जिले में स्थानांतरण आदेश की तारीख से निर्धारित की जाती है।

जिन अध्यापकों ने अभी तक टीईटी उत्तीर्ण नहीं किया है, उनके पद सुरक्षित रखे जाएंगे।शिक्षा सेवा चयन आयोग की ओर से आयोजित स्पेशल टीईटी के परिणाम के बाद इन शिक्षकों के संबंध में आगे की कार्रवाई की जाएगी।

जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ के जिला उपाध्यक्ष देव शरण सिंह ने कहा कि वरिष्ठता सूची में गंभीर विसंगतियां हैं। शासन के सात नवंबर तक पदोन्नति पूरी करने के निर्देश के बावजूद अभी तक वरिष्ठता सूची ही दुरुस्त नहीं हो सकी है। इससे शिक्षकों में नाराजगी है।उन्होंने कहा कि पदोन्नति में टीईटी लागू नहीं होना चाहिए। सुप्रीम कोर्ट ने भी 2028 तक टीईटी उत्तीर्ण करने का समय दिया है।

# योगी कैबिनेट के पांच बड़े फैसले, प्रदेश में तकनीक, पर्यटन, खेल और हवाई सेवाओं को मिलेगा बढ़ावा

**● नोएडा में 281 करोड़ से बनेगा डीप टेक यू-हब, छोटे शहरों को मिलेगी हवाई कनेक्टिविटी**

**● छह कमरों वाले होटल भी पर्यटन नीति में शामिल**

यूथ इंडिया, लखनऊ

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में बुधवार को मुख्यमंत्री आवास पर आयोजित कैबिनेट बैठक में प्रदेश के विकास, रोजगार, तकनीकी नवाचार, पर्यटन, खेल और सहकारिता क्षेत्र को लेकर कई महत्वपूर्ण फैसले लिए गए। कैबिनेट ने पांच प्रमुख प्रस्तावों को मंजूरी देते हुए प्रदेश में निवेश और रोजगार के नए अवसर विकसित करने की दिशा में कदम बढ़ाया है।

कैबिनेट ने आईआईटी कानपुर के नोएडा परिसर में डीप टेक यू-हब की स्थापना और भवन निर्माण के प्रस्ताव को मंजूरी दी है। परियोजना पर 281.03 करोड़ रुपये से अधिक खर्च होंगे। निर्माण कार्य इंजीनियरिंग, खरीद और निर्माण पद्धति से 24 महीने में पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। इसके लिए वित्तीय वर्ष 2026-27 में 100 करोड़ रुपये का बजटीय प्रावधान किया गया है। संस्था का संचालन सेक्शन-8 कंपनी के रूप में होगा। इससे तकनीक आधारित स्टार्टअप, अनुसंधान और नवाचार को बढ़ावा मिलने के साथ युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे।

प्रदेश के छोटे शहरों और धार्मिक एवं पर्यटन स्थलों तक हवाई सेवाओं का विस्तार करने के लिए कैबिनेट ने केंद्र सरकार, उत्तर प्रदेश सरकार और भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण के बीच त्रिपक्षीय समझौता ज्ञापन को मंजूरी दी है। संशोधित उड़ान योजना के तहत योजना में 80 प्रतिशत धनराशि केंद्र और 20 प्रतिशत प्रदेश सरकार वहन करेगी।

क्षेत्रीय हवाई अड्डों पर विमानन ईंधन पर वैट की दर एक प्रतिशत या उससे कम रखी जाएगी। अग्निशमन और सुरक्षा सेवाएं निशुल्क उपलब्ध कराई जाएंगी। बिजली और पानी जैसी सुविधाएं रियायती दरों पर मिलेंगी। इससे धार्मिक स्थलों, पर्यटन केंद्रों और छोटे शहरों तक हवाई संपर्क बेहतर होने की उम्मीद है।

कैबिनेट ने उत्तर प्रदेश पर्यटन नीति-2022 में संशोधन को मंजूरी प्रदान की है। अब छह कमरों वाले होटल भी बजट होटल की श्रेणी में शामिल हो सकेंगे। पहले न्यूनतम 10 कमरों की अनिवार्यता थी। संशोधित नियमों के तहत 6 से 49 कमरों वाले होटल निर्धारित शर्तें पूरी करने पर पर्यटन नीति के प्रोत्साहन प्राप्त कर सकेंगे।

इसके अलावा होम स्टे, बेड एंड ब्रेकफास्ट, फार्म स्टे, पारंपरिक खानपान, स्थानीय हस्तशिल्प और सांस्कृतिक पर्यटन को बढ़ावा दिया जाएगा। नीम करौरी बाबा सर्किट और बुंदेलखंड दुर्ग सर्किट को भी पर्यटन नीति में शामिल किया गया है। पारंपरिक व्यंजनों को लोकप्रिय बनाने के लिए खानपान उत्सव और फूड ट्रेल आयोजित किए जाएंगे। इससे छोटे होटल कारोबारियों, किसानों और स्थानीय उद्यमियों को लाभ मिलने की उम्मीद है।

कैबिनेट ने आगरा के बाह विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पंचायत उगनपुरा में खेल स्टेडियम निर्माण का रास्ता साफ कर दिया है। इसके लिए गाटा संख्या 181 की 2.476 हेक्टेयर भूमि युवा कल्याण विभाग से खेल विभाग को निशुल्क हस्तांतरित करने के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई है। स्टेडियम बनने से स्थानीय खिलाड़ियों को बेहतर प्रशिक्षण और खेल सुविधाएं मिल सकेंगी। निर्माण कार्य से श्रमिकों को भी रोजगार मिलने की संभावना है।

प्रदेश में सहकारिता क्षेत्र को आधुनिक शिक्षा और तकनीक से जोड़ने के लिए कैबिनेट ने राज्य सहकारी महाविद्यालय की स्थापना को मंजूरी दी है। इसके लिए लखनऊ के रहमान खेड़ा स्थित राज्य कृषि प्रबंधन संस्थान की 4.51 हेक्टेयर भूमि सहकारिता विभाग के नियंत्रणाधीन संस्थान को निशुल्क हस्तांतरित की जाएगी। साथ ही स्टाम्प शुल्क में छूट को भी मंजूरी दी गई है।

# हाईकोर्ट से जोगेंद्र उर्फ योगेंद्र को बड़ी राहत, समन आदेश समेत पूरी मुकदमे की कार्यवाही निरस्त

**● सजा सुनाए जाने के बाद धारा 319 के तहत समन जारी करना कानून के विपरीत**

**● इलाहाबाद हाईकोर्ट ने रद्द की कार्यवाही**

**● अधिवक्ता विक्रांत सिंह परिहार की दमदार पैरवी आई काम**

यूथ इंडिया, प्रयागराज



इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने फर्रुखाबाद के मौद दरवाजा थाने से जुड़े वर्ष 2017 के एक आपराधिक मामले में महत्वपूर्ण फैसला सुनाते हुए जोगेंद्र उर्फ योगेंद्र को राहत प्रदान की है। न्यायमूर्ति सौरभ श्रीवास्तव की पीठ ने सत्र वाद संख्या 447/2026 की संपूर्ण कार्यवाही और 4 अगस्त 2026 को जारी समन आदेश को निरस्त कर दिया है।

मामला मुकदमा अपराध संख्या 405/2017 से संबंधित है, जिसमें भारतीय दंड संहिता की धारा 363 और 366 के तहत प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी। इस मामले में 7 सितंबर 2017 को जोगेंद्र उर्फ योगेंद्र समेत अन्य लोगों को आरोपी बनाया गया था।

विवेचना के दौरान पुलिस ने जोगेंद्र उर्फ योगेंद्र और बृजेश को कथित अपराध में शामिल नहीं पाया था। वहीं, अन्य आरोपियों के खिलाफ आरोपपत्र दाखिल किया गया था। इसके बाद न्यायालय में विशेष सत्र वाद संख्या 116/2017 के तहत मुकदमे की सुनवाई हुई।

विचारण न्यायालय ने 20 जुलाई 2026 को आरोपपत्र में शामिल दोनों अभियुक्तों को दोषी ठहराया और 22 जुलाई 2026 को सजा सुना दी। इसके बाद उसी दिन दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 319 के तहत जोगेंद्र उर्फ योगेंद्र समेत अन्य लोगों को भी मुकदमे में तलब करने का आदेश जारी कर दिया गया। इसी आधार पर अलग से सत्र वाद संख्या 447/2026 दर्ज किया गया था। हाईकोर्ट में आवेदक की ओर से दलील दी गई कि दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 319 के तहत किसी नए व्यक्ति को मुकदमे में आरोपी के रूप में तलब करने की शक्ति का इस्तेमाल मुकदमे की समाप्ति और दोषसिद्धि की स्थिति में सजा सुनाए जाने से पहले ही किया जा सकता है।

इस संबंध में उच्चतम न्यायालय के चर्चित फैसले सुखपाल सिंह खैरा बनाम पंजाब राज्य (2023) का हवाला दिया गया। सुप्रीम कोर्ट ने अपने फैसले में स्पष्ट किया था कि दोषसिद्धि के मामले में धारा 319 के तहत अतिरिक्त अभियुक्त को तलब करने का आदेश सजा सुनाए जाने से पहले पारित होना चाहिए।

हाईकोर्ट ने दोनों पक्षों को सुनने और उपलब्ध अभिलेखों का परीक्षण करने के बाद पाया कि संबंधित विचारण न्यायालय ने पहले ही दोषसिद्धि का फैसला सुनाकर अभियुक्तों को सजा दे दी थी। इसके बाद जोगेंद्र उर्फ योगेंद्र को तलब किया गया, जो सुप्रीम कोर्ट द्वारा निर्धारित कानूनी सिद्धांतों के अनुरूप नहीं था।

न्यायमूर्ति सौरभ श्रीवास्तव ने इसी कानूनी आधार पर सत्र वाद संख्या 447/2026 की संपूर्ण कार्यवाही तथा 4 अगस्त 2026 के समन आदेश को निरस्त कर दिया। अदालत ने आवेदक की अर्जी स्वीकार कर ली।

# धम्म मैत्री चकमा बुद्ध बिहार में हुआ कठिन चीवरदान

यूथ इंडिया, कसया, कुशीनगर



अंतराष्ट्रीय बुद्ध स्थली कुशीनगर में पूर्वोत्तर भारत का निर्मित प्रथम धम्म मैत्री चकमा बुद्ध बिहार, भैंसहा, कुशीनगर में प्रथम कठिन चीवर दान सेरेमनी- 2026 के तहत आयोजित समारोह में भिक्षु संघ को चीवर दान और भोजन दान दिया गया।

बुधवार को आयोजित कार्यक्रम में बुद्ध बिहार के प्रभारी भिक्षु प्रज्ञाकीर्ति की देखरेख में भिक्षुओं ने तथागत बुद्ध का पूजन अर्चन किया। मुख्य अतिथि पूर्व विधायक कुशीनगर रजनीकांत मणि त्रिपाठी ने कहा कि इस बुद्ध बिहार के निर्माण से उत्तर और पूर्वोत्तर भारत के पर्यटक और श्रद्धालु कुशीनगर पहुंचेंगे और तथागत का पूजन करेंगे। यहां सांस्कृतिक, पर्यटकीय विकास होगा। भिक्षु संघ के सचिव डॉ नन्द रतन महाथेरो ने कहा कि बुद्ध बिहार, सांस्कृतिक, विरासत, परम्परा, संसज, शिक्षा के केंद्र होते हैं।

भंते महेंद्र थेरो, विमल कीर्ति महाथेरो, भिक्षु नंदिका ने त्रिपुरा के भिक्षुओं द्वारा कुशीनगर में बुद्ध बिहार के निर्माण पर खुशी व्यक्त की।

त्रिपुरा भिक्षु संघ सचिव सारी पुत्र महा स्थविर, दामोदर महा स्थविर ने सभी भिक्षुओं, उपासकों से सहयोग की अपील की। संचालन त्रिपुरा राज्य में अपर जिला अधिकारी सौमित्र चकमा ने किया। सभी के प्रति आभार प्रभारी भिक्षु प्रज्ञा कीर्ति ने व्यक्त किए।

इस दौरान भंते अशोक, भंते यशपाल, भंते उपाली, भंते मुलायम, उपासक टिक्सनादोषी चकमा, बंकिम चकमा, रास्मोक्स चकमा, स्वरूपा देवान चकमा, पुतुल रानी, ओम प्रकाश कुशवाहा सहित थाई, म्यांमार, कंबोडिया, वियतनाम, तिब्बत, महाराष्ट्र, त्रिपुरा, मिजोरम, अरुणाचल, असम सहित बुद्ध विहारों के भिक्षु और उपासक मौजूद रहे।

# धान खरीद केंद्रों पर मंडलायुक्त का औचक निरीक्षण, लापरवाही पर कार्रवाई के निर्देश

यूथ इंडिया, लखनऊ



धान खरीद में तेजी लाने और किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य दिलाने के उद्देश्य से मंडलायुक्त लखनऊ ने बुधवार 18 नवंबर 2026 को मोहनलालगंज मंडी एवं गोसाईगंज क्षेत्र के धान क्रय केंद्रों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कुछ केंद्रों पर खरीद जारी मिली, जबकि एक केंद्र पर धान खरीद नहीं होती पाई गई। वहीं पीसीएफ के एक केंद्र प्रभारी अनुपस्थित मिले।

निरीक्षण के दौरान खाद्य विभाग के धान क्रय केंद्र पर प्रभारी विपणन निरीक्षक सुश्री नेहा वर्मा की मौजूदगी में किसान राजेश कुमार के एक ट्रॉली धान की तौल कराई जा रही थी। इसी प्रकार गोसाईगंज स्थित खाद्य विभाग के क्रय केंद्र पर प्रभारी प्रियंका यज्ञदत्त बाजपेयी द्वारा एक किसान के एक ट्रॉली धान की तौल कराई जा रही थी। दोनों केंद्रों पर खरीद कार्य संचालित मिला।

वहीं खाद्य विभाग के तीसरे धान क्रय केंद्र, जिसका संचालन रश्मि वर्मा द्वारा किया जा रहा था, वहां मौके पर धान खरीद होती नहीं पाई गई। निरीक्षण में केंद्रों पर इलेक्ट्रॉनिक कांटे, नमी मापक यंत्र, डस्टर तथा अन्य आवश्यक उपकरण और बोरियां उपलब्ध मिलीं। पीसीएफ के धान क्रय केंद्र पर प्रभारी अभिषेक कुमार अनुपस्थित पाए गए। भारतीय खाद्य निगम के धान क्रय केंद्र पर भी खरीद शुरू नहीं हुई थी।

मंडलायुक्त ने उपस्थित संभागीय खाद्य विपणन अधिकारी और विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि अनुपस्थित केंद्र प्रभारियों को कारण बताओ नोटिस जारी किया जाए। जिन केंद्रों पर खरीद शुरू नहीं हुई है, वहां जिम्मेदारी तय करते हुए स्पष्टीकरण प्राप्त कर आवश्यक कार्रवाई की जाए। साथ ही सभी केंद्रों पर धान खरीद में तेजी लाने के निर्देश दिए।

प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार जनपद लखनऊ में कुल 30 धान क्रय केंद्र संचालित हैं, जबकि अभी तक मात्र 12 केंद्रों पर खरीद शुरू हुई है। इस वर्ष धान का न्यूनतम समर्थन मूल्य 2441 रुपये प्रति क्विंटल निर्धारित किया गया है।

मंडलायुक्त ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि निर्धारित खरीद लक्ष्य के अनुरूप सभी केंद्रों को सक्रिय रखते हुए प्रतिदिन अधिकतम धान की तौल कराई जाए, ताकि किसानों को उनकी उपज का उचित एवं लाभकारी मूल्य मिल सके।

अद्यतन आंकड़ों के अनुसार लखनऊ मंडल के समस्त जनपदों में अब तक कुल 6221 किसानों से 41880 मीट्रिक टन धान की खरीद की जा चुकी है। मंडलायुक्त ने स्पष्ट निर्देश दिए कि किसानों को धान की तौल कराने में किसी प्रकार की आनाकानी या अनावश्यक परेशानी न हो। ऐसा करने वाले संबंधित लोगों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

# दीपावली एवं छठ पर 2 करोड़ से अधिक यात्रियों ने किया परिवहन निगम की बसों में सफर

- योगी सरकार के निर्देश पर चलीं अतिरिक्त बसें, यात्रियों को मिली राहत
- पर्वों के दौरान सुगम एवं सुरक्षित आवागमन की रही प्रभावी व्यवस्था
- पर्वों पर यात्रियों की बढ़ती संख्या के दृष्टिगत परिवहन निगम ने की व्यापक व्यवस्थाः परिवहन मंत्री

यूथ इंडिया, लखनऊ



दीपावली एवं छठ के अवसर पर उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम की बसों में 02 करोड़ से अधिक यात्रियों ने यात्रा की। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर निगम की इस विशेष व्यवस्था के तहत 12 दिन में सुरक्षित, सुगम एवं सुविधाजनक परिवहन सेवा उपलब्ध कराने के लिए व्यापक स्तर पर अतिरिक्त बसों का संचालन किया गया।

परिवहन राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दयाशंकर सिंह ने बताया कि पर्वों के दौरान यात्रियों की ज्यादा आवक से 06 नवम्बर से 17 नवम्बर तक विशेष परिवहन व्यवस्था लागू की गई। इस अवधि में यात्रियों की आवश्यकता एवं आवागमन के दबाव के अनुरूप अधिक से अधिक बसों का संचालन सुनिश्चित किया गया।

**छह से 17 नवंबर तक इतने यात्रियों ने की यात्रा**

परिवहन मंत्री ने बताया कि 06 नवम्बर को 18.06 लाख से अधिक, 07 नवम्बर को 16.72 लाख से अधिक, 08 नवम्बर को 17.36 लाख से अधिक, 09 नवम्बर को 14.12 लाख से अधिक, 10 नवम्बर को 16.42 लाख से अधिक, 11 नवम्बर को 19.45 लाख से अधिक, 12 नवम्बर को 19.26 लाख से अधिक, 13 नवम्बर को 22.40 लाख से अधिक, 14 नवम्बर को 20.07 लाख से अधिक, 15 नवंबर को 20.13 लाख से अधिक 16 नवम्बर को 17.15 लाख से अधिक तथा 17 नवम्बर को 31.27 लाख से अधिक यात्रियों ने परिवहन निगम की बसों से यात्रा की।

**घर जाने वालों को मिली बड़ी सहूलियत**

उन्होंने कहा कि दीपावली एवं छठ पर्व के दौरान विशेष रूप से पूर्वांचल क्षेत्र में यात्रियों का आवागमन काफी बढ़ जाता है। प्रदेश के विभिन्न महानगरों एवं अन्य प्रदेशों के औद्योगिक क्षेत्रों में कार्यरत लोग त्योहार मनाने बड़ी संख्या में अपने घर जाते हैं। यात्रियों की संख्या को ध्यान में रखते हुए परिवहन निगम ने पूर्वांचल सहित प्रदेश के प्रमुख मार्गों पर अतिरिक्त बसों की व्यवस्था की, जिससे यात्रियों को समय से उनके गंतव्य तक पहुंचने में सुविधा मिल सकी।

**योगी सरकार के प्रयास से सुलभ हुई सेवा**

परिवहन मंत्री ने कहा कि योगी सरकार आमजन को सुरक्षित, सुलभ एवं बेहतर परिवहन सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। त्योहारों के दौरान यात्रियों को बसों की कमी के कारण किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए परिवहन निगम के अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा समन्वय के साथ विशेष प्रयास किए गए। बसों के अतिरिक्त संचालन एवं बेहतर प्रबंधन से यात्रियों के आवागमन को सुचारु बनाए रखा गया।

# अगले महीने लखनऊ आएंगे बागेश्वर धाम के धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री, डिफेंस एक्सपो ग्राउंड में होगी 5 दिवसीय हनुमंत कथा

- सरोजनीनगर विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह ने की आयोजन की घोषणा

यूथ इंडिया, लखनऊ




राजधानी लखनऊ में अगले महीने धार्मिक आयोजन होने जा रहा है। बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री पांच दिवसीय हनुमंत कथा के लिए लखनऊ पहुंचेंगे। इस धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन सरोजनीनगर से भाजपा विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह की ओर से कराया जाएगा। कथा का आयोजन 21 दिसंबर से 25 दिसंबर तक किया जाएगा। इसके लिए राजधानी के डिफेंस एक्सपो ग्राउंड को आयोजन स्थल बनाया गया है। पांच दिनों तक चलने वाले इस कार्यक्रम में प्रतिदिन श्रद्धालुओं को हनुमंत कथा सुनने का अवसर मिलेगा।

आयोजकों की ओर से दी गई जानकारी के अनुसार, कथा प्रतिदिन दोपहर 2 बजे से शुरू होगी। बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री अपने विशेष अंदाज में हनुमान जी की महिमा, भक्ति और धार्मिक प्रसंगों का वर्णन करेंगे। कार्यक्रम को लेकर राजधानी में तैयारियां शुरू होने की उम्मीद है। आयोजन में लखनऊ सहित आसपास के जिलों से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना है। सरोजनीनगर विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह ने इस पांच दिवसीय धार्मिक आयोजन की घोषणा करते हुए बताया कि राजधानी में हनुमंत कथा का आयोजन कराया जाएगा। डिफेंस एक्सपो ग्राउंड में होने वाला यह कार्यक्रम लगातार पांच दिनों तक चलेगा। आयोजन का उद्देश्य श्रद्धालुओं को धार्मिक कथा और आध्यात्मिक विचारों से जुड़ने का अवसर उपलब्ध कराना है।

पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री देशभर में अपनी हनुमंत कथा और धार्मिक कार्यक्रमों के लिए जाने जाते हैं। उनके कार्यक्रमों में बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचते हैं। कथा के दौरान हनुमान जी के जीवन, रामभक्ति, धर्म, संस्कार और आध्यात्मिक जीवन से जुड़े प्रसंगों का वर्णन किया जाता है। यही वजह है कि उनके कार्यक्रमों को लेकर अलग-अलग शहरों में श्रद्धालुओं के बीच उत्सुकता देखने को मिलती है।

लखनऊ में होने वाले इस आयोजन को लेकर भी लोगों में उत्साह रहने की उम्मीद है। पांच दिनों तक चलने वाली हनुमंत कथा के लिए डिफेंस एक्सपो ग्राउंड में श्रद्धालुओं के बैठने, आयोजन स्थल की व्यवस्था और अन्य जरूरी सुविधाओं को लेकर तैयारियां की जाएंगी। बड़ी संख्या में लोगों के आने की संभावना को देखते हुए व्यवस्थाओं पर विशेष ध्यान देना होगा।

राजधानी में इस धार्मिक कार्यक्रम के आयोजन से लखनऊ के धार्मिक और सांस्कृतिक आयोजनों की गतिविधियां भी बढ़ेंगी। आयोजन में शामिल होने के लिए आसपास के क्षेत्रों से श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना है। पांच दिनों तक चलने वाली कथा में प्रतिदिन अलग-अलग धार्मिक प्रसंगों के माध्यम से हनुमान भक्ति का संदेश दिया जाएगा।

**21 से 25 दिसंबर तक चलेगी कथा**

कार्यक्रम की तारीख 21 दिसंबर से 25 दिसंबर निर्धारित की गई है। कथा का आयोजन डिफेंस एक्सपो ग्राउंड, लखनऊ में होगा और प्रतिदिन दोपहर 2 बजे से कार्यक्रम शुरू होगा। आयोजन की घोषणा सरोजनीनगर विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह ने की है। अब श्रद्धालुओं को इस पांच दिवसीय धार्मिक आयोजन का इंतजार है।

# भाषा विश्वविद्यालय में छात्र संवाद कार्यक्रम का आयोजन

यूथ इंडिया, लखनऊ



ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय में मंगलवार को छात्र संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव एवं उत्तर प्रदेश सह-प्रभारी अब्दुल हन्नान ने मुख्य अतिथि के रूप में हिस्सा लिया। इस दौरान उन्होंने विद्यार्थियों के साथ शिक्षा, छात्रहित और युवाओं से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर अपने विचार साझा किए। कार्यक्रम का आयोजन भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन (एनएसयूआई) की केएमसीएलयू इकाई की ओर से किया गया था।

कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों की भागीदारी रही। इस दौरान छात्र राजनीति, शिक्षा व्यवस्था और विद्यार्थियों की समस्याओं जैसे विषयों पर चर्चा की गई। अब्दुल हन्नान ने छात्र-छात्राओं से संवाद करते हुए कहा कि शिक्षा केवल डिग्री हासिल करने का माध्यम नहीं है, बल्कि यह व्यक्ति के व्यक्तित्व निर्माण और समाज के विकास का महत्वपूर्ण आधार भी है। विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ-साथ सामाजिक गतिविधियों और अपने अधिकारों के प्रति भी जागरूक रहना चाहिए।

उन्होंने कहा कि युवाओं की देश के भविष्य के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका है। विश्वविद्यालयों में पढ़ने वाले छात्र केवल अपने करियर तक सीमित न रहें, बल्कि समाज और देश से जुड़े मुद्दों को भी समझें। विद्यार्थियों को अपनी समस्याओं और जरूरतों को उचित मंच पर उठाना चाहिए, ताकि शिक्षा के माहौल को बेहतर बनाने की दिशा में सकारात्मक प्रयास किए जा सकें। अब्दुल हन्नान ने छात्रहित से जुड़े विषयों पर अपने विचार रखते हुए कहा कि विद्यार्थियों की आवाज को गंभीरता से सुना जाना चाहिए। शिक्षा संस्थानों में ऐसा वातावरण होना चाहिए, जहां छात्र बिना किसी झिझक के अपनी बात रख सकें। उन्होंने छात्र संगठनों की भूमिका का उल्लेख करते हुए कहा कि छात्र संगठनों को विद्यार्थियों की समस्याओं, उनकी जरूरतों और शैक्षणिक हितों को प्राथमिकता देनी चाहिए। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों के साथ सीधा संवाद भी किया गया। छात्र-छात्राओं को शिक्षा और अपने भविष्य से जुड़े विषयों पर विचार रखने का अवसर मिला।

# पूर्व प्रेमिका का आठ किलोमीटर तक पीछा, कार में मारी टक्कर, थाने पहुंचकर ब्लेड से खुद को किया घायल

यूथ इंडिया, लखनऊ

राजधानी लखनऊ में एक डॉक्टर पर पूर्व प्रेमिका का पीछा करने, उसकी कार में कई बार टक्कर मारने और विरोध करने पर हत्या की धमकी देने का आरोप लगा है। पीड़िता के मुताबिक, आरोपी ने करीब आठ किलोमीटर तक स्कूटी से उसका पीछा किया और हजरतगंज पहुंचने पर उसकी कार को निशाना बनाया। घटना के बाद जब महिला शिकायत लेकर हजरतगंज थाने पहुंची तो आरोपी भी वहां पहुंच गया। आरोप है कि थाने में उसने महिला को करियर खराब करने की धमकी दी और ब्लेड से अपना हाथ घायल कर लिया। पीड़िता की तहरीर पर सोमवार शाम पुलिस ने आरोपी डॉक्टर नितिन सेठ के खिलाफ अलग-अलग धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पीड़िता के अनुसार, गोमतीनगर विस्तार में उनका कार्यालय है। 27 सितंबर की रात वह काम खत्म करने के बाद अपनी कार से घर लौट रही थीं। इसी दौरान मॉडल हाउस निवासी डॉक्टर नितिन सेठ स्कूटी से उनका पीछा करने लगा। महिला का आरोप है कि आरोपी लगातार उनके पीछे चलता रहा और करीब आठ किलोमीटर तक पीछा करते हुए हजरतगंज पहुंच गया। यहां उसने उनकी कार में कई बार टक्कर मार दी। टक्कर से कार क्षतिग्रस्त हो गई और उसकी नंबर प्लेट भी टूट गई।

महिला ने जब आरोपी की इस हरकत का विरोध किया तो उसने कथित तौर पर गाली-गलौज शुरू कर दी और हत्या करने की धमकी दी। घटना से परेशान पीड़िता शिकायत दर्ज कराने के लिए हजरतगंज थाने पहुंचीं। आरोप है कि डॉक्टर भी उनका पीछा करते हुए थाने पहुंच गया। वहां उसने महिला को धमकाते हुए उनका करियर खराब करने की बात कही। इसी दौरान उसने ब्लेड से अपने हाथ को घायल कर लिया। थाने में हुई इस घटना के बाद मामला और गंभीर हो गया।

पीड़िता का कहना है कि घटना वाली रात ही उन्होंने आरोपी के खिलाफ महिला थाने में लिखित शिकायत दी थी, लेकिन उस समय कोई कार्रवाई नहीं हुई। इसके बाद उन्होंने सोमवार को हजरतगंज थाने पहुंचकर दोबारा शिकायत दर्ज कराई। महिला ने पुलिस को बताया कि आरोपी पहले भी कई बार इस तरह की हरकत कर चुका है और लगातार परेशान कर रहा है।

हजरतगंज थाना प्रभारी शिवानंद मिश्र के मुताबिक, आरोपी डॉक्टर और पीड़िता पहले एक ही अपार्टमेंट में किराये पर रहते थे। दोनों के बीच नजदीकियां थीं। बाद में महिला ने उससे दूरी बनानी शुरू कर दी, जिसके बाद आरोपी पर पीछा करने और परेशान करने के आरोप लगे हैं। थाना प्रभारी ने बताया कि पीड़िता की तहरीर के आधार पर डॉक्टर नितिन सेठ के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

# सीएम योगी से मिले उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी

यूथ इंडिया, लखनऊ



उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में बुधवार को उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात की। यह मुलाकात लखनऊ स्थित मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के सरकारी आवास पांच कालिदास मार्ग पर हुई। दोनों मुख्यमंत्रियों के बीच हुई इस मुलाकात को शिष्टाचार भेंट बताया जा रहा है।

जानकारी के अनुसार, उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी बुधवार को लखनऊ पहुंचे थे। यहां उन्होंने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के सरकारी आवास पर पहुंचकर उनसे मुलाकात की। इस दौरान दोनों नेताओं के बीच सौहार्दपूर्ण वातावरण में बातचीत हुई। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और पुष्कर सिंह धामी के बीच हुई इस मुलाकात को दोनों राज्यों के आपसी संबंधों के लिहाज से भी महत्वपूर्ण माना जा रहा है। हालांकि, मुलाकात के दौरान किन विषयों पर चर्चा हुई, इसे लेकर फिलहाल कोई विस्तृत आधिकारिक जानकारी सामने नहीं आई है। बता दें कि उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड के बीच कई महत्वपूर्ण विषयों पर आपसी समन्वय की आवश्यकता रहती है। ऐसे में दोनों राज्यों के मुख्यमंत्रियों की मुलाकात पर राजनीतिक और प्रशासनिक हलकों की नजर बनी हुई है।

# पुलिस मेठभेड़ में कुख्यात सुपारी किलर वाहिद अंसारी ढेर, दो पुलिस कर्मी घायल, एसपी की बुलेटप्रुफ जैकेट पर भी लगी गोली

यूथ इंडिया, लखनऊ



जिले में अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के बीच बुधवार भोर करीब ढाई बजे अकबरपुर कोतवाली क्षेत्र के शिवबाबा बैरियर पर पुलिस और बदमाशों के बीच मुठभेड़ हो गई। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में गाजीपुर निवासी कुख्यात सुपारी किलर वाहिद अंसारी गोली लगने से घायल हो गया। पुलिस टीम उसे तत्काल अस्पताल लेकर पहुंची, जहां उपचार के दौरान चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। वाहिद बिल्लू इंदौरिया गैंग का सदस्य बताया जा रहा है और उस पर सुपारी लेकर हत्या करने सहित कई गंभीर आपराधिक मामलों में शामिल होने का आरोप था। मुठभेड़ के दौरान उसका एक साथी अंधेरे और जंगल का फायदा उठाकर फरार हो गया। पुलिस उसकी तलाश में जुटी है।

पुलिस के अनुसार, 17 और 18 नवंबर की मध्यरात्रि शिवबाबा बैरियर पर संदिग्ध व्यक्तियों और वाहनों की चेकिंग की जा रही थी। इसी दौरान अहिरौली की तरफ से पल्सर बाइक पर सवार दो संदिग्ध आते दिखाई दिए। पुलिस टीम ने उन्हें रुकने का इशारा किया, लेकिन बाइक पर पीछे बैठे बदमाश ने पुलिसकर्मियों को निशाना बनाकर फायरिंग शुरू कर दी। इस दौरान अकबरपुर कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक भूपेंद्र सिंह के बाएं हाथ में गोली लग गई। अचानक हुई फायरिंग से मौके पर अफरा-तफरी मच गई। इसके बाद दोनों बदमाश बाइक से शिवबाबा मैदान की तरफ भागने लगे। पुलिस टीम ने उनका पीछा किया और आत्मसमर्पण करने की चेतावनी दी, लेकिन बदमाशों की ओर से फायरिंग जारी रही। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में वाहिद अंसारी घायल हो गया, जबकि उसका साथी मौके से फरार होने में सफल रहा।

इस मुठभेड़ में अकबरपुर कोतवाली प्रभारी निरीक्षक भूपेंद्र सिंह के अलावा स्वाट टीम के मुख्य आरक्षी सोनू यादव भी गोली लगने से घायल हुए हैं। वहीं, पुलिस अधीक्षक प्राची सिंह और सर्विलांस प्रभारी विनोद यादव की बुलेटप्रूफ जैकेट पर भी गोली लगी। गनीमत रही कि बुलेटप्रूफ जैकेट की वजह से दोनों अधिकारियों को गंभीर चोट नहीं आई। घटना के बाद पुलिस अधिकारियों ने मौके की स्थिति का जायजा लिया और फरार बदमाश की तलाश के लिए अभियान तेज कर दिया।

पुलिस ने मुठभेड़ स्थल से भारी मात्रा में हथियार और कारतूस बरामद करने का दावा किया है। बरामदगी में तीन .32 बोर की पिस्टल, एक नौ एमएम कार्बाइन, सात .315 बोर के तमंचे, छह खोखा कारतूस और 24 जीवित कारतूस शामिल हैं। इसके अलावा बदमाशों के इस्तेमाल में लाई गई बिना नंबर प्लेट की पल्सर बाइक भी पुलिस ने कब्जे में ले ली है। बरामद हथियारों और कारतूसों को लेकर पुलिस जांच कर रही है। मामले में अकबरपुर कोतवाली में मुकदमा अपराध संख्या 651/26 के तहत भारतीय न्याय संहिता की धारा 109(1) और आर्म्स एक्ट की धारा 3/25 में प्राथमिकी दर्ज की गई है।

मृतक वाहिद अंसारी पुत्र अबु बकर गाजीपुर जिले के बहरियाबाद थाना क्षेत्र का निवासी था। पुलिस के मुताबिक, उसके खिलाफ उत्तर प्रदेश के छह जिलों आजमगढ़, गाजीपुर, सुल्तानपुर, वाराणसी, गौतमबुद्धनगर और चंदौली में कुल 35 मुकदमे दर्ज थे। इनमें हत्या, हत्या के प्रयास, लूट, रंगदारी, चोरी, गैंगस्टर एक्ट और आर्म्स एक्ट से जुड़े मामले शामिल बताए गए हैं। पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार, वर्ष 2014 से 2023 के बीच उसके खिलाफ अलग-अलग थानों में आपराधिक मुकदमे दर्ज हुए थे। पुलिस उसे बिल्लू इंदौरिया गैंग का सक्रिय सदस्य और सुपारी किलिंग के मामलों में शामिल आरोपी बता रही है।

# धामी का अखिलेश यादव पर बड़ा हमला, बोले- उत्तराखंडियों को घुसपैठिया कहकर हमारे घाव कुरेदे

यूथ इंडिया, लखनऊ



उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मंगलवार को लखनऊ में समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव पर तीखा हमला बोला। धामी ने अखिलेश यादव के कथित बयान पर नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि उत्तराखंड के लोगों को घुसपैठिया कहकर हमारे पुराने घावों को कुरेदने का काम किया गया है। उन्होंने कहा कि इस बयान ने उत्तराखंड राज्य आंदोलन के दौरान हुई घटनाओं और रामपुर तिराहा कांड की यादें ताजा कर दी हैं। मुख्यमंत्री ने अपने आंदोलन के दिनों को याद करते हुए कहा कि वह स्वयं उत्तराखंड राज्य आंदोलन में शामिल रहे हैं और उन्होंने उस दौर के संघर्ष को करीब से देखा है।

पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि उत्तराखंड राज्य का निर्माण लंबे संघर्ष और आंदोलन के बाद हुआ है। अलग राज्य की मांग को लेकर हजारों लोगों ने आंदोलन किया और अनेक कठिनाइयों का सामना किया। उत्तराखंड के लोगों ने अपनी पहचान और अधिकारों के लिए लंबी लड़ाई लड़ी है। ऐसे में उत्तराखंड के लोगों को घुसपैठिया कहकर संबोधित करना उनकी भावनाओं को आहत करने वाला है। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड के इतिहास और राज्य आंदोलन के संघर्ष को भुलाया नहीं जा सकता। रामपुर तिराहा कांड राज्य के इतिहास की ऐसी घटना है, जिसे आज भी उत्तराखंड की जनता याद करती है।

धामी ने कहा कि उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड के बीच हमेशा से गहरे संबंध रहे हैं। उत्तराखंड उत्तर प्रदेश को अपना बड़ा भाई मानता है। दोनों राज्यों की संस्कृति, परंपराएं और सामाजिक रिश्ते एक-दूसरे से जुड़े हुए हैं। उत्तराखंड के बहुत से लोगों का उत्तर प्रदेश से पारिवारिक और सामाजिक जुड़ाव है। ऐसे में दोनों राज्यों के बीच आपसी सम्मान और भाईचारे की भावना बनी रहनी चाहिए। उन्होंने कहा कि राजनीतिक विचारधाराएं अलग हो सकती हैं, लेकिन क्षेत्रीय पहचान और लोगों के सम्मान को लेकर जिम्मेदारी दिखाना जरूरी है।

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को लेकर भी पुष्कर सिंह धामी ने अपनी बात रखी। उन्होंने कहा कि योगीजी को कोई सीमाओं में नहीं बांध सकता। उनके इस बयान को राजनीतिक गलियारों में काफी अहम माना जा रहा है। धामी ने उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड के संबंधों का उल्लेख करते हुए यह संदेश दिया कि दोनों राज्यों के बीच राजनीतिक मतभेदों से ऊपर उठकर आपसी सहयोग और सम्मान की भावना कायम रहनी चाहिए।

धामी ने अपने बयान के माध्यम से उत्तराखंड राज्य आंदोलन के इतिहास और वहां के लोगों के सम्मान का मुद्दा प्रमुखता से उठाया। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड की जनता ने अलग राज्य के निर्माण के लिए जो संघर्ष किया है, उसका सम्मान किया जाना चाहिए। राज्य आंदोलन से जुड़े लोगों के त्याग और बलिदान को राजनीतिक बयानबाजी के बीच नजरअंदाज नहीं किया जा सकता।

मुख्यमंत्री के इस बयान के बाद उत्तर प्रदेश की राजनीति में चर्चा तेज हो गई है। राजनीतिक गलियारों में इसे अखिलेश यादव और भाजपा नेताओं के बीच चल रही बयानबाजी के संदर्भ में देखा जा रहा है। अब इस पूरे मामले में समाजवादी पार्टी की ओर से क्या प्रतिक्रिया सामने आती है, इस पर लोगों की नजर रहेगी। धामी ने एक तरफ अखिलेश यादव के बयान पर नाराजगी जताई, वहीं दूसरी तरफ उत्तर प्रदेश को बड़ा भाई बताकर दोनों राज्यों के पुराने रिश्तों को भी सामने रखा।

## नगराम-गंगागंज मार्ग के गड्ढे भरवाने सड़क पर उतरी पुलिस

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ के मोहनलालगंज क्षेत्र में नगराम से गंगागंज जाने वाले मार्ग पर लंबे समय से बने गड्ढों से परेशान राहगीरों को आखिरकार राहत मिली है। जर्जर सड़क के कारण लोगों को आवागमन में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा था। सड़क पर जगह-जगह गड्ढे होने से वाहन चालकों को परेशानी होती थी। इसी समस्या को देखते हुए नगराम पुलिस ने स्थानीय लोगों के सहयोग से सड़क के गड्ढों को भरवाने की पहल की। नगराम के थानाध्यक्ष (एसओ) अंजनी कुमार सिंह के प्रयास से पुलिसकर्मियों ने खुद आगे आकर मरम्मत का काम शुरू कराया।

नगराम-गंगागंज मार्ग क्षेत्र के लोगों के लिए आवागमन का महत्वपूर्ण रास्ता है। इस मार्ग से प्रतिदिन बड़ी संख्या में ग्रामीण, राहगीर और वाहन चालक गुजरते हैं।

# दिवाली-छठ के बाद यात्रियों को राहत, पूर्वोत्तर रेलवे चलाएगा आठ स्पेशल ट्रेनें, 18 से 22 नवंबर तक होगा संचालन

यूथ इंडिया, लखनऊ



दिवाली और छठ पर्व के बाद ट्रेनों में बढ़ती यात्रियों की भीड़ को देखते हुए पूर्वोत्तर रेलवे ने बड़ा फैसला लिया है। यात्रियों की सुविधा और लंबी वेटिंग लिस्ट से राहत दिलाने के लिए रेलवे आठ विशेष ट्रेनों का संचालन करेगा। इनमें पहले से चल रही दो स्पेशल ट्रेनों के एक-एक अतिरिक्त फेरे बढ़ाए गए हैं, जबकि छह नई विशेष ट्रेनें चलाई जाएंगी। इन ट्रेनों का संचालन 18 से 22 नवंबर के बीच किया जाएगा। रेलवे के इस फैसले से गोरखपुर, छपरा और मऊ सहित आसपास के क्षेत्रों से दिल्ली, मुंबई और उधना जाने वाले यात्रियों को राहत मिलने की उम्मीद है।

रेलवे की ओर से जारी जानकारी के अनुसार, लोकमान्य तिलक टर्मिनस-गोरखपुर स्पेशल ट्रेन (01041/01042) का एक अतिरिक्त फेरा संचालित किया जाएगा। ट्रेन नंबर 01041 लोकमान्य तिलक टर्मिनस से 19 नवंबर को रवाना होगी। वहीं वापसी में ट्रेन नंबर 01042 गोरखपुर से 21 नवंबर को प्रस्थान करेगी। इसी तरह हडपसर-गोरखपुर स्पेशल ट्रेन (01457/01458) का भी एक अतिरिक्त फेरा निर्धारित किया गया है। ट्रेन नंबर 01457 हडपसर से 20 नवंबर को चलेगी, जबकि वापसी में ट्रेन नंबर 01458 गोरखपुर से 22 नवंबर को रवाना होगी।

इसके अलावा छपरा और दिल्ली के बीच भी विशेष ट्रेनों का संचालन किया जाएगा। छपरा-आनंद विहार टर्मिनल स्पेशल ट्रेन (05057/05058) और गोरखपुर-दिल्ली स्पेशल ट्रेन (05051/05052) को भी निर्धारित तिथियों पर चलाया जाएगा। इन ट्रेनों का संचालन 19 और 20 नवंबर को किया जाएगा। इससे बिहार और पूर्वांचल के यात्रियों को दिल्ली की ओर यात्रा करने में अतिरिक्त सुविधा मिलेगी।

रेलवे अधिकारियों के मुताबिक, दिवाली और छठ पर्व के बाद बड़ी संख्या में लोग अपने कार्यस्थलों और शहरों की ओर लौट रहे हैं। इसके चलते नियमित ट्रेनों में यात्रियों की संख्या बढ़ गई है और कई रूटों पर आरक्षित सीटों की मांग में तेजी आई है।

# राष्ट्र सेविका समिति की 90 वर्षों की यात्रा पर पुस्तिका का विमोचन

यूथ इंडिया, लखनऊ



जीवन में कितनी भी चुनौतियां क्यों न आएं, व्यक्ति को कभी हार नहीं माननी चाहिए। यदि मन में कुछ कर गुजरने का जज्बा हो, लक्ष्य स्पष्ट हो और इच्छाशक्ति मजबूत हो तो सफलता की राह में आने वाली मुश्किलें भी रास्ता नहीं रोक सकतीं। यह प्रेरणादायक संदेश पैरालंपिक खिलाड़ी और पद्मश्री सम्मान से सम्मानित दीपा मलिक ने मंगलवार को आयोजित एक कार्यक्रम में दिया। उन्होंने कहा कि जीवन में सफलता पाने के लिए जिज्ञासा, आत्मविश्वास, दृढ़ इच्छाशक्ति और निश्चित उद्देश्य का होना बेहद जरूरी है।

कार्यक्रम का आयोजन राष्ट्र सेविका समिति की 90 वर्षों की यात्रा के उपलक्ष्य में किया गया। इस अवसर पर समिति की नौ दशक की यात्रा और गतिविधियों को दर्शाने वाली पुस्तिका का विमोचन किया गया। कार्यक्रम में दीपा मलिक की उपस्थिति ने आयोजन को विशेष महत्व दिया। उन्होंने अपने जीवन के अनुभवों को साझा करते हुए उपस्थित लोगों को बताया कि परिस्थितियां कैसी भी हों, इंसान को अपने लक्ष्य से पीछे नहीं हटना चाहिए।

दीपा मलिक ने कहा कि किसी भी व्यक्ति की सफलता केवल उसकी परिस्थितियों पर निर्भर नहीं करती, बल्कि उसके सोचने के तरीके, मेहनत और इच्छाशक्ति पर भी निर्भर करती है। जीवन में कई बार ऐसी परिस्थितियां आती हैं, जब व्यक्ति खुद को कमजोर महसूस करने लगता है, लेकिन ऐसे समय में धैर्य और आत्मविश्वास बनाए रखना सबसे ज्यादा जरूरी होता है। उन्होंने अपने अनुभवों के माध्यम से बताया कि चुनौतियों को जीवन का हिस्सा मानकर आगे बढ़ना चाहिए और हर परिस्थिति से कुछ नया सीखने की कोशिश करनी चाहिए।

# मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह सम्मेलन की तैयारियों का डीएम और एसपी ने किया निरीक्षण

**20 नवंबर को क्रिश्चियन इंटर कॉलेज में होगा आयोजन, व्यवस्थाएं समय से पूरी करने के निर्देश**

यूथ इंडिया, फर्रूखाबाद



मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह सम्मेलन को लेकर जिला प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। 20 नवंबर को क्रिश्चियन इंटर कॉलेज फर्रुखाबाद में आयोजित होने वाले सम्मेलन की व्यवस्थाओं का बुधवार को जिलाधिकारी डॉ. अंकुर लाठर और पुलिस अधीक्षक आरती सिंह ने संयुक्त रूप से निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने कार्यक्रम स्थल पर बनाए जा रहे पंडाल, मंच, बैठने की व्यवस्था, पेयजल, बिजली, प्रकाश, साफ-सफाई, शौचालय और पार्किंग सहित सभी आवश्यक व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी तैयारियां निर्धारित समयसीमा में पूरी कर ली जाएं, जिससे विवाह समारोह में शामिल होने वाले जोड़ों और उनके परिजनों को किसी प्रकार की परेशानी न हो।

डीएम ने कहा कि लाभार्थियों के पंजीकरण, अभिलेखों के सत्यापन और विवाह की रस्मों को संपन्न कराने के लिए विभागवार जिम्मेदारियां तय की जाएं। योजना का लाभ पूरी पारदर्शिता के साथ पात्र परिवारों तक पहुंचना चाहिए।

वहीं, पुलिस अधीक्षक आरती सिंह ने सुरक्षा और यातायात व्यवस्था की समीक्षा की। उन्होंने कार्यक्रम स्थल पर पर्याप्त पुलिस बल तैनात करने, प्रवेश एवं निकास द्वारों पर सुरक्षा व्यवस्था मजबूत रखने, भीड़ नियंत्रण और वाहनों की पार्किंग के लिए प्रभावी इंतजाम करने के निर्देश दिए। महिला सुरक्षा और आपातकालीन परिस्थितियों से निपटने के लिए भी विशेष सतर्कता बरतने को कहा।

जिलाधिकारी ने कहा कि मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों की बेटियों का विवाह सम्मानपूर्वक संपन्न कराने की महत्वपूर्ण जनकल्याणकारी योजना है। सभी अधिकारी आपसी समन्वय से अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करें और आयोजन को सफल बनाएं।

निरीक्षण के दौरान मुख्य विकास अधिकारी विनोद कुमार गौड़, अपर पुलिस अधीक्षक गिरीश कुमार सिंह, जिला विकास अधिकारी श्याम कुमार तिवारी, परियोजना निदेशक डीआरडीए कपिल कुमार सहित जिला प्रशासन एवं पुलिस विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।

## दो बाइकों की आमने-सामने भिड़ंत में अधेड़ गंभीर घायल

**फर्रुखाबाद।** नवाबगंज थाना क्षेत्र में दो बाइकों की आमने-सामने जोरदार भिड़ंत हो गई। हादसे में बाइक सवार 55 वर्षीय अधेड़ गंभीर रूप से घायल हो गए। दुर्घटना के बाद मौके पर पहुंचे परिजन घायल को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कायमगंज लेकर पहुंचे। यहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उनकी गंभीर हालत को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए लोहिया अस्पताल फर्रुखाबाद रेफर कर दिया। जानकारी के अनुसार, नवाबगंज थाना क्षेत्र में किसी स्थान पर दो बाइकों के बीच आमने-सामने टक्कर हो गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि एक बाइक सवार 55 वर्षीय अधेड़ सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए।

# शादी में अवैध तमंचा लेकर पहुंचा युवक

**गाली गलौज कर दी धमकी, बारात में मची भगदड़**

यूथ इंडिया, फर्रूखाबाद

शादी समारोह के दौरान एक युवक द्वारा कथित तौर पर अवैध असलहा लेकर बारात में पहुंचकर गाली-गलौज और लोगों को धमकाने का मामला सामने आया है। युवक की हरकत से बारात में अफरा-तफरी मच गई। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच-पड़ताल की। पुलिस के पहुंचने से पहले ही आरोपित युवक मौके से फरार हो गया।

जानकारी के अनुसार, क्षेत्र के गांव लोधीपुर निवासी कुंवरपाल कश्यप ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि मंगलवार देर रात गांव निवासी रियासुद्दीन की पुत्री की बारात चढ़ रही थी। इसी दौरान गांव का एक युवक वहां पहुंचा और उनके साथ गाली-गलौज करने लगा। मौके पर मौजूद लोगों ने जब इसका विरोध किया तो आरोप है कि युवक अपने घर से अवैध तमंचा और कारतूस की पेटी लेकर आ गया। इसके बाद वह लोगों को धमकाने लगा। युवक की इस हरकत से शादी समारोह में मौजूद लोगों में दहशत फैल गई और बारात में भगदड़ जैसी स्थिति बन गई।

घटना के बाद ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस के आने की जानकारी मिलते ही युवक मौके से फरार हो गया। ग्रामीणों के अनुसार, पुलिस को युवक के घर से तमंचा और कारतूस की पेटी मिली है। इसी दौरान किसी व्यक्ति ने घटना का वीडियो बना लिया, जो सोशल मीडिया पर प्रसारित हो रहा है। हालांकि दैनिक यूथ इंडिया वायरल वीडियो की पुष्टि नहीं करता है। पीड़ित कुंवरपाल कश्यप ने देर रात थाने पहुंचकर पुलिस को तहरीर दी और कार्रवाई की मांग की। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है। इस संबंध में थाना प्रभारी नितिन चौधरी ने बताया कि गाली-गलौज कर धमकाने का मामला सामने आया है। मामले के अन्य पहलुओं की भी जांच की जा रही है। फिलहाल आरोपित युवक फरार है।

# बुजुर्ग महिला की हत्या के मामले में अज्ञात के विरूद्व केस दर्ज

यूथ इंडिया, नवाबगंज

थाना क्षेत्र के गांव भगोरा में खेत में महिला का शव मिलने के मामले में पुलिस ने मृतका के पुत्र नन्हे लाल की तहरीर पर अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। बेटे ने मां की हत्या कर आभूषण लूट ले जाने का आरोप लगाया है।

गांव भगौरा निवासी नन्हे लाल पुत्र रामविलास ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 16 नवंबर को दोपहर के समय उनकी मां राममूर्ति (करीब 65 वर्ष) खेत से लकड़ियां लेने गई थीं। इसके बाद वह ट्रैक्टर-ट्रॉली से खेत में घूरा डालने जा रहे थे। दोपहर करीब दो बजे खेत में मां को संदिग्ध परिस्थितियों में मृत अवस्था में पड़ा देखा।

नन्हे लाल के मुताबिक, मौके पर जाकर देखा तो मां के गले में कपड़े का अंगोछा लिपटा हुआ था और ठोड़ी के नीचे किसी नुकीले धारदार हथियार के घुसने का निशान था। और उनके कान के कुंडल, नाक का फूल और पैरों की तोड़ियां गायब थीं। उन्होंने आरोप लगाया कि किसी अज्ञात व्यक्ति ने उनकी मां की हत्या कर दी।

पुलिस ने बेटे की तहरीर के आधार पर अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

थाना प्रभारी निरीक्षक राजीव कुमार ने बताया मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्यवाही की जा रही है।

## गाली-गलौज का विरोध करने पर युवक को पीटा

**फर्रुखाबाद।** अमृतपुर थाना क्षेत्र में गाली-गलौज का विरोध करना एक युवक को भारी पड़ गया। आरोप है कि गांव के दो लोगों ने उसके साथ लाठी-डंडों से मारपीट कर दी। घटना में युवक घायल हो गया। पीड़ित ने थाने पहुंचकर आरोपियों के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार, अमृतपुर थाना क्षेत्र के अल्हादपुर भटौली गांव निवासी वीरपाल वर्मा ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गांव के दो लोग उनके साथ गाली-गलौज कर रहे थे। जब उन्होंने इसका विरोध किया तो दोनों आरोपी आक्रोशित हो गए और उनके साथ मारपीट शुरू कर दी। आरोप है कि दोनों ने लाठी-डंडों से हमला कर उन्हें घायल कर दिया।

# मझिगवां से हेलीकॉप्टर से रवाना होगी बारात, गांव में तैयार हुआ हैलीपैड

यूथ इंडिया, फर्रूखाबाद



जिले के कमालगंज ब्लॉक की ग्राम पंचायत मझिगवां में एक शादी समारोह इन दिनों चर्चा का विषय बना हुआ है। गांव निवासी शिवा राठौर की बारात पारंपरिक तरीके के बजाय हेलीकॉप्टर से रवाना होगी। इसके लिए गांव में विशेष रूप से हेलीपैड तैयार कराया गया है। शादी को यादगार बनाने की इस अनूठी तैयारी को लेकर गांव में उत्साह का माहौल है।

जानकारी के अनुसार, शिवा राठौर की शादी कन्नौज जनपद के ठठिया क्षेत्र में तय हुई है। शादी के अवसर पर दूल्हा हेलीकॉप्टर से अपनी बारात लेकर रवाना होगा। इसके लिए मझिगवां गांव में हेलीपैड का निर्माण कराया गया है, जो अब बनकर तैयार हो चुका है। हेलीकॉप्टर से बारात रवाना होने की खबर फैलते ही आसपास के ग्रामीणों में भी इस आयोजन को लेकर उत्सुकता बढ़ गई है। आमतौर पर शादी समारोह में दूल्हे की बारात कार, बस और अन्य वाहनों से जाती है, लेकिन इस बार शिवा राठौर की बारात हेलीकॉप्टर से जाने की तैयारी ने आयोजन को खास बना दिया है। गांव में हेलीपैड तैयार होने के बाद लोग इस अनोखी शादी को लेकर चर्चा कर रहे हैं।

मझिगवां से हेलीकॉप्टर के जरिए बारात कन्नौज के ठठिया पहुंचने की तैयारी है। इस आयोजन को लेकर परिवार के लोगों में खुशी का माहौल है। हालांकि हेलीकॉप्टर की उड़ान और अन्य व्यवस्थाओं से संबंधित विस्तृत जानकारी अभी सामने नहीं आई है।

# ढाईघाट कार्तिक मेले की तैयारियों में लापरवाही, अधिकारियों की बैठक के बाद भी नही सुधरे हालात

यूथ इंडिया, फर्रूखाबाद

ढाईघाट शमशाबाद गंगा तट पर लगने वाले प्रसिद्ध कार्तिक मेले की तैयारियों को लेकर फर्रुखाबाद और शाहजहांपुर के उच्चाधिकारियों की महत्वपूर्ण बैठक होने के बावजूद जमीनी स्तर पर व्यवस्थाओं में कोई खास सुधार दिखाई नहीं दे रहा है। कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर लगने वाले इस मेले में हजारों श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना है, लेकिन अभी तक बिजली, पानी, साफ-सफाई, सुरक्षा और सड़क जैसी मूलभूत सुविधाओं की तैयारियां अधूरी नजर आ रही हैं। अधिकारियों की बैठक में व्यवस्थाओं को समय से पहले दुरुस्त कराने के निर्देश दिए गए थे, लेकिन ढाईघाट की मौजूदा स्थिति इन निर्देशों के पालन पर सवाल खड़े कर रही है।

आगामी 24 नवंबर को कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर गंगा स्नान होगा। इस पर्व को लेकर दूर-दराज के क्षेत्रों से श्रद्धालुओं का ढाईघाट पहुंचना शुरू हो जाता है। खास बात यह है कि मुख्य स्नान पर्व से करीब तीन दिन पहले ही मेले में श्रद्धालुओं और स्नानार्थियों की आवाजाही बढ़ने लगती है। इसके बावजूद गंगा तट पर तैयारियां अधूरी दिखाई दे रही हैं। घाटों पर जगह-जगह गंदगी फैली हुई है और कूड़े के ढेर लगे हुए हैं। साफ-सफाई की समुचित व्यवस्था नहीं होने से श्रद्धालुओं को परेशानी का सामना करना पड़ सकता है।

मेले की तैयारियों के बीच सबसे बड़ी चिंता अन्ना मवेशियों को लेकर सामने आ रही है। ढाईघाट क्षेत्र में सैकड़ों की संख्या में आवारा पशुओं का जमावड़ा देखा जा रहा है। गंगा तट के आसपास भी इन मवेशियों का भ्रमण लगातार जारी है। ग्रामीण क्षेत्रों की गलियों से लेकर किसानों के खेत-खलिहानों और बाजार की सड़कों तक अन्ना पशुओं की भरमार बनी हुई है। पूर्व में शासन की ओर से निर्देश दिए गए थे कि आवारा मवेशियों को पकड़कर सुरक्षित गौशालाओं में पहुंचाया जाए, लेकिन इसके बावजूद क्षेत्र में इनकी संख्या कम होती नजर नहीं आ रही है।

कार्तिक मेले में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं, महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गों के पहुंचने की संभावना को देखते हुए अन्ना मवेशियों की मौजूदगी गंभीर चिंता का विषय बनी हुई है। स्थानीय समाजसेवी और जनप्रतिनिधि भी इस समस्या को लेकर चिंतित हैं। उनका कहना है कि मेले के दौरान भीड़ बढ़ने पर आवारा पशुओं से दुर्घटना और जान-माल के नुकसान की आशंका बनी रह सकती है। ऐसे में प्रशासन को समय रहते इस समस्या का समाधान कराना चाहिए, ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की परेशानी न हो।

# सैनिक को गार्ड ऑफ ऑनर के साथ अंतिम विदाई, अपने ही खरीदे खेत में हुआ अंतिम संस्कार

यूथ इंडिया, कमालगंज



खुशियों की बारात में शामिल होने जा रहे सैनिक की सड़क हादसे में हुई मौत के बाद बुधवार को पूरा गांव गम में डूब गया। सेना के जवानों ने गार्ड ऑफ ऑनर देकर सैनिक को अंतिम विदाई दी। इसके बाद परिजनों ने उसी खेत में उनका अंतिम संस्कार किया, जिसे सैनिक ने करीब सात महीने पहले खरीदा था।

गांव देवरान गढ़िया के मजरा पाल नगला निवासी गयाप्रसाद पाल के 36 वर्षीय बेटे विश्वनाथ पाल हिमाचल प्रदेश में सेना में चालक के पद पर तैनात थे। वह 26 अक्टूबर को एक महीने की छुट्टी पर इंदौर में पत्नी पूजा पाल के पास आए थे। परिवार में शादी होने के कारण वह चार दिन पहले गांव पहुंचे थे। सोमवार शाम वह बारात में शामिल होने के लिए निकले थे। जमापुर मोड़ के पास हुए सड़क हादसे में उनकी मौके पर ही मौत हो गई। कार में उनके साथ सवार सैनिक रितिक और अन्य लोग भी घायल हुए थे।

बुधवार को विश्वनाथ का पार्थिव शरीर गांव पहुंचा तो परिवार और ग्रामीणों ने उन्हें श्रद्धांजलि दी। पत्नी पूजा पाल और दो साल की बेटी ज्यांशी का रो-रोकर बुरा हाल था। कई राजनीतिक दलों के नेता और ग्रामीण भी श्रद्धांजलि देने पहुंचे। थाना अध्यक्ष दीपक त्रिवेदी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और सुरक्षा व्यवस्था संभाली।

विश्वनाथ के बाबा ने बताया कि उन्होंने सात महीने पहले जिस खेत को खरीदा था, उसी में उनका अंतिम संस्कार किया जाएगा। सेना के जवानों ने गार्ड ऑफ ऑनर दिया। भारत माता की जय के नारों के बीच परिजनों और ग्रामीणों ने उन्हें अंतिम विदाई दी।

जिस घर में शादी की खुशियां मनाई जा रही थीं, वहां हादसे के बाद मातम छा गया। बारात की रस्में गमगीन माहौल में पूरी हुईं। मंगलवार को नई बहू के घर आने पर मंगलगीत नहीं गाए गए और कोई उत्सव नहीं हुआ।

# ढाईघाट कार्तिक मेले में स्वास्थ्य विभाग ने शुरू की तैयारियां, 17 से 27 नवंबर तक लगेगा चिकित्सा शिविर

यूथ इंडिया, फर्रूखाबाद




ढाई घाट शमशाबाद में लगने वाले ऐतिहासिक एवं सुप्रसिद्ध कार्तिक मेले को लेकर तैयारियां तेज हो गई हैं। मेले में दूर-दराज के क्षेत्रों से पहुंचने वाले श्रद्धालुओं की स्वास्थ्य सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए स्वास्थ्य विभाग ने भी अपनी तैयारियां शुरू कर दी हैं। इसी क्रम में मंगलवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) शमशाबाद के चिकित्सा प्रभारी के निर्देश पर स्वास्थ्य विभाग की टीम ने ढाई घाट में चिकित्सा शिविर का संचालन शुरू कर दिया।

जानकारी के अनुसार, कार्तिक पूर्णिमा का प्रमुख स्नान पर्व आगामी 24 नवंबर को प्रस्तावित है। इस अवसर पर ढाई घाट में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग ने पहले से ही चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराने की व्यवस्था की है। विभाग की ओर से 17 नवंबर से शुरू किया गया स्वास्थ्य शिविर आगामी 27 नवंबर तक लगातार संचालित रहेगा।

मेले में आने वाले श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की स्वास्थ्य संबंधी परेशानी होने पर तत्काल प्राथमिक उपचार उपलब्ध कराया जाएगा। शिविर में आवश्यक दवाओं की व्यवस्था के साथ ही स्वास्थ्य संबंधी अन्य जरूरी सुविधाएं भी उपलब्ध रहेंगी। स्नान पर्व के दौरान भीड़ बढ़ने पर श्रद्धालुओं को समय से चिकित्सा सहायता मिल सके, इसके लिए स्वास्थ्य विभाग की टीम सक्रिय रूप से अपनी जिम्मेदारी निभाएगी।

स्वास्थ्य विभाग की ओर से शिविर को पूरे मेला अवधि तक संचालित करने की व्यवस्था की गई है, ताकि किसी भी श्रद्धालु को स्वास्थ्य सुविधा के लिए परेशान न होना पड़े। विभागीय टीम शिविर में मौजूद रहकर श्रद्धालुओं की स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं पर नजर रखेगी और जरूरत पड़ने पर प्राथमिक उपचार एवं दवाएं उपलब्ध कराएगी।

# कार की टक्कर से मामा-भांजे घायल, हालत गंभीर, कार सहित फरार हुआ चालक

यूथ इंडिया, शमसाबाद

थाना शमशाबाद क्षेत्र में तेज रफ्तार और अनियंत्रित कार का कहर देखने को मिला। ग्राम गंगलई मसलत मजरा जैतपुर में घर के सामने सड़क किनारे चारपाई पर सो रहे मामा-भांजे को एक अनियंत्रित कार ने जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। दुर्घटना के बाद कार चालक घबराकर वाहन सहित मौके से फरार हो गया। अचानक हुई इस घटना से परिवार में चीख-पुकार मच गई, वहीं गांव में भी हड़कंप की स्थिति पैदा हो गई।

जानकारी के अनुसार ग्राम गंगलई मसलत मजरा जैतपुर निवासी मामा-भांजे रात के समय अपने घर के सामने सड़क किनारे चारपाई पर सो रहे थे। इसी दौरान एक तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर उनकी चारपाई से जा टकराई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि दोनों मामा-भांजे घायल हो गए। अचानक हुई दुर्घटना की आवाज सुनकर परिवार के लोग और आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंच गए। घटनास्थल का नजारा देखकर परिजनों में अफरा-तफरी मच गई।

हादसे के बाद कार चालक मौके पर रुकने के बजाय घबराकर कार सहित फरार हो गया। ग्रामीणों और परिजनों ने तत्काल घायलों को संभाला और उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया, जहां दोनों का इलाज जारी था। दुर्घटना में मामा-भांजे के घायल होने की खबर से परिवार के लोगों में मायूसी छा गई। परिजन अचानक हुए इस हादसे से परेशान नजर आए।

घटना के बाद पीड़ित परिजनों ने शमशाबाद थाना पुलिस को अज्ञात कार चालक के खिलाफ लिखित तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। परिजनों का कहना है कि घर के सामने सड़क किनारे सो रहे लोगों को तेज रफ्तार कार ने टक्कर मारकर घायल कर दिया और चालक बिना रुके मौके से भाग निकला। मामले में पुलिस ने तहरीर के आधार पर जांच शुरू कर दी है। वहीं हादसे के बाद ग्रामीणों में तेज रफ्तार वाहनों को लेकर नाराजगी देखने को मिली। ग्रामीणों का कहना है कि गांव की सड़कों पर कई वाहन चालक तेज गति से वाहन दौड़ाते हैं, जिससे आए दिन दुर्घटनाओं की आशंका बनी रहती है। आबादी वाले इलाकों में भी वाहन चालक गति पर नियंत्रण नहीं रखते, जिसके चलते राहगीरों और स्थानीय लोगों की सुरक्षा पर खतरा बना रहता है। ग्रामीणों ने पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों से मांग की है कि गांवों और आबादी वाले क्षेत्रों में तेज रफ्तार वाहनों पर प्रभावी नियंत्रण लगाया जाए। यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए, जिससे भविष्य में इस तरह की घटनाओं पर रोक लग सके।

# तेज रफ्तार कार ने ऑटों में मारी टक्कर चार घायल, बुजुर्ग गंभीर

यूथ इंडिया, फर्रूखाबाद



मोहम्मदाबाद कोतवाली क्षेत्र में बुधवार को तेज रफ्तार कार ने सवारियों से भरे ऑटो में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में ऑटो सवार चार यात्री घायल हो गए। दुर्घटना के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से सभी घायलों को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। यहां एक बुजुर्ग की गंभीर हालत को देखते हुए चिकित्सकों ने उन्हें बेहतर उपचार के लिए हायर सेंटर रेफर कर दिया।

जानकारी के अनुसार, बुधवार को ऑटो में कई यात्री सवार होकर अपने गंतव्य की ओर जा रहे थे। इसी दौरान मोहम्मदाबाद कोतवाली क्षेत्र में तेज रफ्तार से आ रही एक कार ने ऑटो को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि ऑटो में बैठे यात्रियों को चोटें आईं। हादसे के बाद आसपास मौजूद लोग घटनास्थल पर पहुंच गए और घायलों की मदद में जुट गए।

दुर्घटना में चार यात्री घायल हुए, जिनमें एक बुजुर्ग की हालत गंभीर बताई जा रही है। बताया गया है कि बुजुर्ग अपनी बेटी के घर जा रहे थे, लेकिन रास्ते में हादसे का शिकार हो गए। गंभीर रूप से घायल बुजुर्ग को प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने हायर सेंटर रेफर कर दिया। अन्य घायलों का भी उपचार कराया गया।

घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों के सहयोग से राहत एवं बचाव कार्य कराया। पुलिस हादसे के संबंध में जानकारी जुटा रही है।

# मानस सम्मेलन में श्रीराम के राज्याभिषेक के साथ हुआ भव्य समापन

यूथ इंडिया, फर्रूखाबाद



मदारबाड़ी स्थित डीपीबीपी कॉलेज में आयोजित पांच दिवसीय 23वां मानस सम्मेलन 'श्री रामराज्य' मानव जीवन की मंगल कामना और लोककल्याण की भावना के साथ संपन्न हो गया। सम्मेलन के समापन अवसर पर विद्वान पंडितों द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार, स्वस्ति वाचन और मंगलाचरण के साथ भगवान श्रीराम का भव्य राजतिलक किया गया। इस दौरान श्रीराम दरबार की भव्य एवं दिव्य झांकी के दर्शन, आरती और प्रसाद वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

सम्मेलन में मानस विद्वानों ने 'प्रथम तिलक वशिष्ठ मुनि कीन्ह' प्रसंग की विस्तार से व्याख्या करते हुए गोस्वामी तुलसीदास रचित श्रीरामचरितमानस को विश्व का अद्वितीय ग्रंथ बताया। वक्ताओं ने कहा कि श्रीरामचरितमानस में मानव जीवन के धर्म, परिवार, समाज और राष्ट्र के कल्याण के अनेक सूत्र समाहित हैं। प्रत्येक व्यक्ति को मानस का पठन-पाठन और चिंतन करना चाहिए, क्योंकि इसमें जीवन की विभिन्न समस्याओं के समाधान और आदर्श जीवन जीने की प्रेरणा मिलती है।

विद्वानों ने कहा कि श्रीराम का राज्याभिषेक केवल किसी राजा के सिंहासन पर बैठने की घटना नहीं है, बल्कि यह धर्म, मर्यादा, त्याग और लोककल्याण की प्रतिष्ठा का प्रतीक है। 14 वर्ष का वनवास पूर्ण करने के बाद जब प्रभु श्रीराम अयोध्या लौटे तो संपूर्ण अयोध्या में आनंद की लहर दौड़ गई। देवताओं ने पुष्पवर्षा की और अयोध्यावासियों ने घर-घर दीप जलाकर तथा मंगल कलश सजाकर उनका स्वागत किया। राज्याभिषेक की सबसे महत्वपूर्ण परंपरा के अंतर्गत कुलगुरु वशिष्ठ मुनि ने सर्वप्रथम श्रीराम का तिलक किया। यह प्रसंग इस बात का प्रतीक है कि राज्यसत्ता से ऊपर गुरु, धर्म और शास्त्र की मर्यादा होती है। राजा भी गुरु के सामने नतमस्तक रहता है। इसके बाद ऋषि-मुनियों, ब्राह्मणों, देवताओं और प्रजा ने भगवान का अभिषेक किया।

वक्ताओं ने बताया कि राज्याभिषेक के समय प्रभु श्रीराम ने माता सीता सहित सिंहासन ग्रहण किया। वैदिक मंत्रों, स्वस्ति वाचन, मंगलाचरण, शंखनाद और जयघोष से संपूर्ण अयोध्या गुंजायमान हो उठी। यही क्षण रामराज्य की स्थापना का प्रतीक बना। रामराज्य का वास्तविक अर्थ ऐसे समाज की स्थापना है, जहां कोई दुखी, भूखा अथवा भयभीत न हो। जहां धर्म का पालन, सत्य की प्रतिष्ठा, परिवार में प्रेम, समाज में समरसता और राष्ट्र में शांति हो।

# किसान दिवस पर किसान यूनियन ने डीएम को सौंपा ज्ञापन, आधा दर्जन समस्याओं के निस्तारण की मांग

यूथ इंडिया, फर्रूखाबाद

किसान दिवस के अवसर पर भारतीय किसान मजदूर यूनियन अराजनैतिक गुट के प्रदेश अध्यक्ष राम बहादुर राजपूत ने जिलाधिकारी फर्रुखाबाद को ज्ञापन सौंपकर किसानों और ग्रामीणों से जुड़ी आधा दर्जन प्रमुख समस्याओं के शीघ्र निस्तारण की मांग की। ज्ञापन के माध्यम से उन्होंने जिले में पेयजल व्यवस्था, खाद की उपलब्धता और कीमतों में पारदर्शिता, आलू की फसल का उचित मूल्य, कार्तिक मेले की व्यवस्थाओं, चकरोड से अतिक्रमण हटाने तथा मुख्य मार्ग के आसपास उगी झाड़ियों की सफाई जैसे मुद्दे उठाए।

ज्ञापन में कहा गया कि सरकार की ओर से हर घर नल से जल पहुंचाने की योजना पर लाखों रुपये खर्च किए गए और गांव-गांव पानी की टंकियों का निर्माण भी कराया गया, लेकिन अधिकारियों की हीलाहवाली के चलते योजना का लाभ ग्रामीणों को पूरी तरह नहीं मिल पा रहा है। स्थिति यह है कि अनेक गांवों में पानी की टोटियां सूनी पड़ी हैं और घरों तक नियमित रूप से पानी नहीं पहुंच रहा है। अताईपुर कोहना, दलेलगंज, कुइया खेड़ा, कुइयां संत और नगला नानं सहित कई गांवों में पेयजल व्यवस्था बदहाल होने का उल्लेख करते हुए मांग की गई कि संबंधित अधिकारियों को निर्देशित कर व्यवस्था दुरुस्त कराई जाए, जिससे प्रत्येक घर तक नल से जल पहुंच सके।

किसान यूनियन ने रासायनिक उर्वरकों और खादों की बिक्री में पारदर्शिता सुनिश्चित करने की भी मांग उठाई। ज्ञापन में कहा गया कि निजी और सरकारी खाद दुकानों पर उपलब्ध स्टॉक तथा बिक्री दरों की सूची अनिवार्य रूप से लगवाई जाए, ताकि किसानों को खाद की वास्तविक कीमत की जानकारी मिल सके और उन्हें मनमाने दामों पर उर्वरक खरीदने के लिए मजबूर न होना पड़े। यूनियन का कहना है कि खाद की कीमतों और उपलब्धता को लेकर स्पष्ट जानकारी रहने से किसानों को राहत मिलेगी और अनावश्यक परेशानी से बचा जा सकेगा।

आलू की फसल को लेकर भी ज्ञापन में महत्वपूर्ण मांग की गई। बताया गया कि सातनपुर आलू मंडी कुछ ही दिनों में शुरू होने वाली है। ऐसे में किसानों की उपज का सही मूल्य सुनिश्चित करने के लिए आलू की कीमत खुली बोली में तय कराई जाए, न कि गमछा पद्धति से। यूनियन ने कहा कि खुले में कीमत तय होने से किसानों को अपनी उपज का उचित दाम मिलने की संभावना बढ़ेगी और उन्हें आर्थिक नुकसान से बचाया जा सकेगा। ढाईघाट शमशाबाद में आयोजित होने वाले कार्तिक मेले की व्यवस्थाओं का मुद्दा उठाते हुए ज्ञापन में मांग की गई कि मेले को नदी के दोनों ओर लगाया जाए, ताकि श्रद्धालुओं और आने वाले लोगों को सुविधा मिल सके। मेले में बिजली, पानी, सड़क और सुरक्षा की व्यवस्थाएं दुरुस्त कराने के साथ ही महिलाओं के स्नान के लिए अस्थायी स्नानघर बनवाने की मांग भी की गई।

# जीरो टॉलरेंस केवल माफिया के लिए नहीं, हर उस गुंडे के लिए है जो सिस्टम का दुश्मन है: मुख्यमंत्री योगी

**सुरक्षा के बिना न निवेश संभव, न इन्फ्रास्ट्रक्चर और न रोजगार: योगी**

यूथ इंडिया, लखनऊ



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि जीरो टॉलरेंस केवल माफिया के लिए नहीं, हर उस गुंडे के लिए है जो इस सिस्टम का दुश्मन है और उसके खिलाफ उसी प्रकार की कार्रवाई भी की जाएगी। एक निजी चैनल का कार्यक्रम राइजिंग भारत समिट में प्रदेश की कानून-व्यवस्था, निवेश और आर्थिक विकास पर चर्चा करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि सुरक्षा के बिना न आर्थिक विकास संभव है, न ग्लोबल स्टैंडर्ड का इन्फ्रास्ट्रक्चर तैयार किया जा सकता है और न ही युवाओं को रोजगार दिया जा सकता है। कर्फ्यू और दंगों के माहौल में कोई निवेश नहीं करेगा। विकास के लिए सुरक्षित वातावरण और मजबूत इकोसिस्टम पहली आवश्यकता है।

मुख्यमंत्री ने बताया कि 2017 में प्रदेश में पुलिस के डेढ़ लाख पद खाली थे और भर्ती प्रक्रिया न्यायालय में लंबित थी। सरकार ने पूरी भर्ती प्रक्रिया में बदलाव किया और न्यायालय के निर्देशों के अनुरूप नई व्यवस्था बनाकर भर्तियां शुरू कीं। पिछले दस वर्षों में सेवानिवृत्त कार्मिकों के स्थान पर नियुक्तियों और नए पदों के सृजन सहित अब तक 2.30 लाख पुलिसकर्मियों की भर्ती प्रक्रिया पूरी की जा चुकी है। इसके अतिरिक्त 32 हजार पुलिसकर्मियों की भर्ती अंतिम चरण में है और उनके सत्यापन की कार्रवाई चल रही है। जल्द ही उन्हें नियुक्ति पत्र दिए जाएंगे।

सीएम योगी ने बताया कि पहले प्रदेश में एक साथ केवल छह हजार पुलिसकर्मियों को प्रशिक्षण देने की क्षमता थी। अन्य राज्यों, केंद्र सरकार, पैरामिलिट्री और सैन्य प्रशिक्षण केंद्रों की मदद से शुरुआती भर्तियां पूरी की गईं। आज उत्तर प्रदेश की अपनी प्रशिक्षण क्षमता बढ़कर 60 हजार पुलिसकर्मियों की हो गई है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि समाजवादी पार्टी ने प्रदेश में पीएसी की 34 कंपनियां समाप्त कर दी थीं, जबकि भाजपा सरकार ने एसडीआरएफ का गठन किया और औद्योगिक इकाइयों, एयरपोर्ट तथा मेट्रो की सुरक्षा के लिए स्पेशल सिक्योरिटी फोर्स (एसएसएफ) बनाई।

पुलिस के आधुनिकीकरण का उल्लेख करते हुए उन्होंने बताया कि 2017 में प्रदेश में केवल दो फॉरेंसिक लैब काम कर रही थीं। आज सभी 18 मंडलीय मुख्यालयों पर ए-ग्रेड फॉरेंसिक लैब स्थापित हैं। पुलिस की जमीन पर कब्जा करने वाले माफिया का उदाहरण देते हुए उन्होंने बताया कि अवैध कब्जा हटवाकर उसी भूमि पर विश्वस्तरीय यूपी पुलिस फॉरेंसिक इंस्टीट्यूट स्थापित किया गया है, जहां डिग्री, डिप्लोमा और सर्टिफिकेट पाठ्यक्रम संचालित हो रहे हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि नए आपराधिक कानूनों के तहत सात वर्ष से अधिक सजा वाले मामलों में फॉरेंसिक साक्ष्य महत्वपूर्ण हैं। इसके लिए प्रदेश में मजबूत व्यवस्था तैयार की गई है। पहले साइबर थाने केवल लखनऊ और नोएडा में थे, जबकि आज सभी 75 जिलों में साइबर थाने और प्रत्येक थाने में साइबर हेल्पलाइन उपलब्ध है। सात शहरों में पुलिस कमिश्नरेट प्रणाली भी लागू की गई है।

सपा शासनकाल की कानून-व्यवस्था पर निशाना साधते हुए मुख्यमंत्री ने लखनऊ के हजरतगंज की उस घटना का उल्लेख किया, जिसमें सपा का गुंडा एक डिप्टी एसपी को अपनी कार के बोनट पर टांगकर कई किलोमीटर तक ले गया था और पूरी व्यवस्था मौन बनी रही थी। उन्होंने कहा कि आज कोई गुंडा यूपी पुलिस की तरफ देखने का दुस्साहस नहीं कर सकता। कानून का राज स्थापित हुआ है और उसी का परिणाम है कि उत्तर प्रदेश की कानून-व्यवस्था आज दूसरे राज्यों के लिए भी नजीर बन रही है।

# भांजे के तिलक से लौट रहे युवक की सड़क हादसे में मौत, तीन मासूम बच्चों के सिर से उठा पिता का साया

**कल्लटरगंज गांव के सामने अज्ञात वाहन ने मारी टक्कर, चालक वाहन लेकर हुआ फरार**

यूथ इंडिया, अमृतपुर



परिवार में भांजे के तिलक समारोह की खुशियां थीं। हंसी-खुशी समारोह में शामिल होकर 28 वर्षीय पंकज अपने घर लौट रहा था, लेकिन रास्ते में हुए एक भीषण सड़क हादसे ने उसकी जिंदगी छीन ली। कल्लटरगंज गांव के सामने अज्ञात वाहन की टक्कर से पंकज गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद वाहन चालक मौके से फरार हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने एंबुलेंस की मदद से उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र राजेपुर पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। युवक की मौत की खबर मिलते ही परिवार की खुशियां पलभर में मातम में बदल गईं।

जानकारी के अनुसार, पंकज (28) पुत्र रामनारायण निवासी गांव उज्जरामऊ थाना राजेपुर चार भाइयों में दूसरे नंबर का था। उसकी दो बहनों की शादी पहले ही हो चुकी थी। पंकज की शादी हरदोई के पिहानी चुंगी स्थित मढ़ियां निवासी अंजलि के साथ हुई थी। परिवार में पत्नी अंजलि के अलावा तीन बच्चे आकाश, विकास और बेटी मुस्कान हैं।

बताया गया कि पंकज अपने भांजे कृष्णा के तिलक समारोह में शामिल होने के लिए शरीफपुर मंझा गया था। समारोह में शामिल होने के बाद वह अपने गांव उज्जरामऊ वापस लौट रहा था। इसी दौरान कल्लटरगंज गांव के सामने अज्ञात वाहन ने उसे जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगने से पंकज सड़क पर गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद आरोपी चालक अपना वाहन लेकर मौके से फरार हो गया।

घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायल पंकज को एंबुलेंस से सीएचसी राजेपुर भिजवाया। वहां ड्यूटी पर तैनात चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मौत की खबर सुनते ही परिजनों में कोहराम मच गया। पत्नी अंजलि का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। तीनों मासूम बच्चे पिता की मौत से अनजान उस घर में पसरे मातम के बीच परिवार के लोगों के सहारे हैं।

पंकज की असमय मौत ने पूरे परिवार को गहरे सदमे में डाल दिया है। जिस पिता के कंधों पर तीन बच्चों की परवरिश और भविष्य की जिम्मेदारी थी, वह अब हमेशा के लिए दुनिया से विदा हो गया। गांव में भी घटना को लेकर शोक का माहौल है।

सूचना पर पहुंचे दरोगा सुरेश कुमार ने आवश्यक कानूनी कार्रवाई करते हुए मृतक के शव का पंचायतनामा भरवाया और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस फरार वाहन और उसके चालक के संबंध में जानकारी जुटा रही है।

## घसिया चिलौली में जलभराव से ग्रामीण परेशान

**कायमगंज।** नगर सीमा से सटी विकासखंड की सबसे बड़ी ग्राम पंचायत घसिया चिलौली में जल निकासी की समस्या गंभीर बनी हुई है। गांव की गलियों में गंदा पानी बह रहा है और जगह-जगह कूड़े के ढेर लगे हुए हैं। इससे ग्रामीणों को आवागमन के साथ ही साफ-सफाई की समस्या का सामना करना पड़ रहा है।

गांव के बीच स्थित तालाब पानी से लबालब भरा हुआ है। तालाब का पानी आसपास की वाल्मीकि बस्ती के घरों तक पहुंच गया है। कई घरों में पानी घुसने से लोगों की परेशानी बढ़ गई है। ग्रामीणों के अनुसार, जलभराव के चलते एक मकान पहले ही ढह चुका है। इसके बावजूद समस्या का स्थायी समाधान नहीं हो सका है।

## अपहरण के मामलों में तेजी लाने के निर्देश, अपर पुलिस अधीक्षक ने विवेचकों के साथ की समीक्षा बैठक

**फर्रुखाबाद।** पुलिस अधीक्षक आरती सिंह के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक द्वारा पुलिस लाइन स्थित सभागार में अपहरण संबंधी मामलों की समीक्षा के लिए संबंधित विवेचकों के साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक में लंबित प्रकरणों की विस्तार से समीक्षा करते हुए अपहृत व्यक्तियों की सकुशल बरामदगी और आरोपियों की गिरफ्तारी को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।



समीक्षा बैठक के दौरान अपर पुलिस अधीक्षक ने विभिन्न थानों में दर्ज अपहरण संबंधी लंबित मामलों की वर्तमान स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने संबंधित विवेचकों से अब तक की गई कार्रवाई और विवेचना में सामने

# आबकारी विभाग ने कई शराब दुकानों पर की औचक छापेमारी, स्टॉक रजिस्टर से लेकर सीसीटीवी तक की जांच

यूथ इंडिया, फर्रूखाबाद




जनपद में अवैध मदिरा के निर्माण, बिक्री एवं परिवहन पर रोक लगाने के लिए आबकारी विभाग द्वारा लगातार प्रवर्तन अभियान चलाया जा रहा है। आबकारी आयुक्त के आदेश एवं जिलाधिकारी डॉ. अंकुर लाठर के निर्देश पर जिला आबकारी अधिकारी जीपी गुप्ता के नेतृत्व में विभागीय टीम ने बुधवार को विभिन्न आबकारी अनुज्ञापन स्थलों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान शराब दुकानों के अभिलेखों, स्टॉक, ऑनलाइन भुगतान व्यवस्था और सीसीटीवी कैमरों की कार्यशीलता की जांच की गई।

जानकारी के अनुसार, 18 नवंबर 2026 को आबकारी निरीक्षक क्षेत्र-1 कुमार गौरव सिंह एवं आबकारी निरीक्षक क्षेत्र-3 रीता वर्मा ने अपनी टीम के साथ जनपद के विभिन्न क्षेत्रों में संचालित शराब दुकानों का निरीक्षण किया। अभियान के तहत देशी शराब की थोक दुकान सुनीता गुप्ता, विदेशी मदिरा की थोक दुकानें ईश्वरदास शिवानी एवं नंदनी देवी तथा बीयर की थोक दुकानें राजीव सिंह एवं ममता देवी का निरीक्षण किया गया।

इसके अलावा देशी शराब की ठंडी सड़क स्थित एक्सिस बैंक एवं घूंघट पैलेस वाली दुकान, चौसपुर क, चौसपुर ख, नगरिया देवघरा पुर, जीरागौर, गदनपुर देवराजपुर, महरूपुर बीजल, जहानगंज, रायपुर मौज और लाउवा नगला मान पट्टी स्थित दुकानों की जांच की गई। वहीं ठंडी सड़क, महरूपुर बीजल और जहानगंज की कंपोजिट दुकानों का भी निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने दुकानों के स्टॉक रजिस्टर और उपलब्ध मदिरा का अभिलेखों से मिलान किया। इसके साथ ही ऑनलाइन भुगतान की व्यवस्था, पीओएस मशीन के माध्यम से बिक्री तथा सीसीटीवी कैमरों की कार्यशीलता का परीक्षण किया गया। देशी शराब की दुकानों पर संचालित कैंटीन की भी सघन जांच की गई।

# 12 सूत्रीय मांगों को लेकर शिक्षकों का प्रदर्शन, बीएसए कार्यालय पर धरना देकर कलेक्ट्रेट तक निकाला पैदल मार्च

यूथ इंडिया, फर्रूखाबाद



उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष अवनीश चौहान के नेतृत्व में बुधवार को करीब 500 शिक्षक-शिक्षिकाओं ने 12 सूत्रीय मांगों को लेकर प्रदर्शन किया। शिक्षकों ने पहले बीएसए कार्यालय पर धरना दिया। इसके बाद पैदल मार्च करते हुए कलेक्ट्रेट पहुंचे और जिलाधिकारी को संबोधित ज्ञापन सिटी मजिस्ट्रेट को सौंपा।

शिक्षकों ने पुरानी पेंशन बहाली, टीईटी की अनिवार्यता समाप्त करने, एसटीएफ जांच पर रोक लगाने और प्रधानाध्यापक पदों पर पदोन्नति की मांग उठाई। इसके अलावा लंबित स्थानांतरण सूची जारी करने, प्रोन्नत वेतनमान, मृतक आश्रितों को शिक्षक पद पर नियुक्ति, विद्यालयों में सफाईकर्मी व चौकीदार की नियुक्ति तथा द्वितीय शनिवार का अवकाश और अर्जित अवकाश देने की मांग की।

प्रदर्शन में राजकिशोर शुक्ला, राजेश यादव, राजीव राजपूत, अमित कुमार, सतीश मिश्रा, शाहिद गौरी, इसरार अहमद, अमन कुमार, अनुराग गंगवार, निर्देश गंगवार, उपेंद्र गंगवार, राठौर, अलका, प्रियंका और अनुपम मिश्रा सहित सैकड़ो शिक्षक-शिक्षिकाएं मौजूद रहे।

## बेटी को स्कूल छोड़कर लौट रहे पिता की सड़क हादसे में मौत

**फर्रुखाबाद।** बेटी को स्कूल छोड़कर घर लौट रहे एक पिता की सड़क हादसे में दर्दनाक मौत हो गई। तेज रफ्तार बाइक की टक्कर से स्कूटी सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। घायल को उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उसकी मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। जानकारी के अनुसार, फर्रुखाबाद निवासी पंकज सोमवंशी (33) बुधवार सुबह अपनी बेटी को स्कूल छोड़ने गए थे।

# 72 शादियां, एक निकाह एक ही स्थान पर एकदूजे का हाथ थामा




यूथ इंडिया, फर्रूखाबाद

शहर के मधुर मिलन गेस्ट हाउस में पूर्व एमएलसी मनोज अग्रवाल एवं उनकी धर्मपत्नी नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती वत्सला अग्रवाल ने अपने ससुर बिशन स्वरूप अग्रवाल की प्रेरणा से लगातार 19 वर्षों से गरीब एवं निर्धन लोगों की बेटियों की शादियां एक ही स्थान पर सामूहिक विवाह के रूप में प्रतिवर्ष कराई जाती हैं इसी के तहत इस बार भी श्री अग्रवाल बंधुओ ने72 हिंदू रीति रिवाज से एवं एक शादी मुस्लिम रीति रिवाज के साथ कराई गई।

नव दंपतियों को आशीर्वाद देने के लिए शहर के गण लोगों ने आशीर्वाद दिया। अग्रवाल बंधुओ ने नव दंपति जोड़ों को दान दहेजदेकर खुशी खुशी विदा किया। कुमारी अंजली संग चिरंजीव राजीव कुमारी शिवानी संग चिरंजीव मोहित कुमारी कनक संग दीपक कुमारी मोहनी मोहित आदि 73 जोड़े एक दूजे के हुए।

जिला अधिकारी डॉक्टर अंकुर लाठर पुलिस अधीक्षक आरती सिंह सहित तमाम राजनेता एवं समाज सेबियों ने ने आशीर्वाद दिया।मधुप अग्रवाल नीलम कनुप्रिया एकता सनी राज अग्रवाल कृतिका अग्रवाल ओजस्वी राज आई एस प्राची देवांश अग्रवाल सारांश अग्रवाल मृदुल वर्मा हीरा गुप्ता श्याम सुंदर गुप्ता आदि ने व्यवस्था देखी।

# जनगणना कार्य में लापरवाही पर एसडीएम का कड़ा रूख

**55 सुपरवाइजरों को दो टूक चेतावनी**

**स्वगणना अभियान की समीक्षा में खुली निगरानी व्यवस्था की पोल**

यूथ इंडिया, फर्रूखाबाद



जनगणना जैसे महत्वपूर्ण राष्ट्रीय कार्य में लापरवाही करने वाले कर्मचारियों की अब खैर नहीं। शासन की मंशा के अनुरूप जनगणना कार्य को समयबद्ध और प्रभावी ढंग से पूरा कराने के लिए उपजिलाधिकारी श्वेता साहू ने सख्त रुख अपनाया है। बुधवार को तहसील अमृतपुर सभागार में आयोजित समीक्षा बैठक में उन्होंने जनगणना कार्य से जुड़े 52 सुपरवाइजरों को स्पष्ट संदेश दिया कि सरकारी जिम्मेदारी में लापरवाही और आदेशों की अनदेखी किसी भी कीमत पर स्वीकार नहीं की जाएगी।

पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत आयोजित बैठक में एसडीएम श्वेता साहू ने स्वगणना अभियान की प्रगति की समीक्षा की। इस दौरान सुपरवाइजरों को स्वयं और अपने अधीनस्थ प्रगणकों की स्वगणना कराने, फोटो अपलोड करने तथा आमजन को स्वगणना के प्रति जागरूक करने के निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि केवल कागजों पर कार्य की प्रगति दिखाने से जिम्मेदारी पूरी नहीं होगी, बल्कि जमीनी स्तर पर लोगों की स्वगणना सुनिश्चित करानी होगी। अपने कार्यक्षेत्र में संपर्क रखने वाले लोगों को भी अभियान से जोड़ने के निर्देश दिए गए।

बैठक में शिक्षा विभाग के चार सुपरवाइजर अनुराग सिंह, धीरेंद्र सिंह, दिनेश चंद्र और मानवेंद्र सिंह तथा फील्ड ट्रेनर उदयवीर सहित लेखपाल संवर्ग के सात सुपरवाइजर अर्जुन सिंह, आशीष कुमार, गौरव कुमार यादव, ज्योति अवस्थी, मोहम्मद आदिल खान, रामजी यादव एवं उत्कर्ष दुबे की तैनाती और कार्यों की समीक्षा की गई।

समीक्षा के दौरान दो कर्मचारियों की अनुपस्थिति तथा कुछ क्षेत्रों में निर्धारित पर्यवेक्षण की जिम्मेदारी का समुचित निर्वहन न होने के कारण स्वगणना कार्य प्रभावित होने की बात सामने आई। इस पर एसडीएम ने नाराजगी जताते हुए संबंधित क्षेत्र में अभियान को तेज करने और अधिक से अधिक लोगों की स्वगणना कराने के निर्देश दिए।

बैठक में तहसीलदार एवं चार्ज जनगणना अधिकारी ने स्पष्ट चेतावनी दी कि भविष्य में यदि इस प्रकार की लापरवाही या आदेशों की अवहेलना दोहराई गई तो संबंधित सुपरवाइजर के साथ उसके अधीनस्थ प्रगणक के विरुद्ध कठोर कार्रवाई के लिए आख्या उच्चाधिकारियों को भेजी जाएगी।

एसडीएम श्वेता साहू की अध्यक्षता में हुई इस बैठक से कर्मचारियों को साफ संदेश दिया गया कि जनगणना अभियान में प्रत्येक कर्मचारी की जवाबदेही तय है। प्रशासन का उद्देश्य केवल लक्ष्य पूरा करना नहीं, बल्कि प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक स्वगणना की प्रक्रिया पहुंचाना और अभियान को सफल बनाना है।

# लेखपाल संवर्ग से पदोन्नति पाकर तीन अधिकारी बने राजस्व निरीक्षक

**अमृतपुर तहसील में मिली तैनाती**

यूथ इंडिया, फर्रूखाबाद

अमृतपुर तहसील में लेखपाल संवर्ग से पदोन्नति पाकर तीन अधिकारियों को राजस्व निरीक्षक बनाया गया है। चयन वर्ष 2025-26 के अंतर्गत रिक्त पदों के सापेक्ष इन अधिकारियों की नई तैनाती की गई है। पदोन्नति मिलने से संबंधित अधिकारियों में खुशी का माहौल है। अब उन्हें राजस्व निरीक्षक के रूप में कार्यभार संभालने से पहले तीन महीने का प्रशिक्षण प्राप्त करना होगा।

जानकारी के अनुसार, राजस्व विभाग में लेखपाल संवर्ग के अधिकारियों को पदोन्नति देकर राजस्व निरीक्षक के पद पर नियुक्त किया गया है। इसी क्रम में अमृतपुर तहसील में रिक्तियों के सापेक्ष तीन अधिकारियों को तैनाती दी गई है। चयन वर्ष 2025-26 के तहत हुई इस पदोन्नति से तहसील में राजस्व निरीक्षकों की उपलब्धता बढ़ेगी।

पदोन्नति प्राप्त करने वाले अधिकारियों को विभागीय प्रक्रिया के तहत तीन महीने का प्रशिक्षण लेना अनिवार्य होगा। प्रशिक्षण के दौरान उन्हें राजस्व निरीक्षक पद से संबंधित कार्यों, राजस्व अभिलेखों के रखरखाव, भूमि संबंधी मामलों और विभागीय जिम्मेदारियों की जानकारी दी जाएगी।

प्रशिक्षण पूरा होने के बाद अधिकारी अपने नए पद के अनुरूप विभागीय जिम्मेदारियों का निर्वहन करेंगे। राजस्व विभाग में इस पदोन्नति को प्रशासनिक व्यवस्था के लिहाज से महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

# लेखपालों को पदोन्नति का तोहफा, 14 राजस्व निरीक्षकों की नई तैनाती के आदेश जारी

**जिले की तीनों तहसीलों में बड़ा प्रशासनिक फेरबदल**

**अमृतपुर में तीन नए राजस्व निरीक्षक भेजे गए, कई पुराने कर्मचारियों का बदला कार्यक्षेत्र**

यूथ इंडिया, फर्रूखाबाद

राजस्व विभाग में लंबे समय से पदोन्नति की प्रतीक्षा कर रहे लेखपाल संवर्ग के कर्मचारियों को शासन की ओर से बड़ी सौगात मिली है। लेखपाल संवर्ग से राजस्व निरीक्षक पद पर पदोन्नति के बाद जिले में 14 राजस्व निरीक्षकों की नई तैनाती के आदेश जारी किए गए हैं। इस प्रशासनिक फेरबदल से अमृतपुर, कायमगंज और सदर तहसीलों की राजस्व व्यवस्था में बदलाव देखने को मिलेगा।

कार्यालय जिलाधिकारी के भूलेख अनुभाग की ओर से 16 नवंबर 2026 को जारी आदेश के अनुसार, उत्तर प्रदेश अधीनस्थ कार्यपालक (राजस्व निरीक्षक) सेवा नियमावली 2017 के अंतर्गत चयन वर्ष 2025-26 में पदोन्नत कर्मचारियों को राजस्व निरीक्षक के पद पर नियुक्त एवं तैनात किया गया है। अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) अरुण कुमार सिंह ने यह आदेश जारी किया है। सभी पदोन्नत कर्मचारियों की नियुक्ति पूर्ण रूप से अस्थायी होगी तथा उन्हें तीन माह का प्रशिक्षण भी प्राप्त करना होगा।

जारी सूची के अनुसार सदर तहसील से सत्य सिंह, कायमगंज से अवनीश कुमार शाक्य तथा सदर तहसील से प्रमोद कुमार शुक्ला को अमृतपुर तहसील में तैनाती दी गई है। वहीं अमृतपुर में कार्यरत धीरेंद्र कुमार सिंह, रविंद्र नारायण, विवेक कुमार पांडेय, महावीर प्रसाद, मोहम्मद आबिद और उदय प्रताप सिंह को दूसरी तहसीलों में भेजा गया है।

इसके अलावा कन्हैया लाल को सदर से कायमगंज, अशोक त्रिपाठी को सदर से कायमगंज, जगदीश कुमार और उधम सिंह को कायमगंज से सदर तथा संजय प्रताप सिंह को सदर से कायमगंज भेजा गया है। वहीं मोहम्मद आबिद को अमृतपुर से सदर तहसील में तैनाती मिली है।

आदेश में संबंधित उपजिलाधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि राजस्व निरीक्षकों के रिक्त पदों के सापेक्ष पदोन्नत कर्मचारियों की नियुक्ति एवं तैनाती की कार्रवाई सुनिश्चित कराई जाए। आदेश तत्काल प्रभाव से लागू कर दिया गया है। इसकी प्रतिलिपि जिलाधिकारी, वरिष्ठ कोषाधिकारी, संबंधित उपजिलाधिकारियों और तहसीलदारों को आवश्यक कार्रवाई के लिए भेजी गई है।

राजस्व विभाग में हुए इस फेरबदल को प्रशासनिक व्यवस्था को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। नई तैनाती से तीनों तहसीलों में राजस्व कार्यों के संचालन और कर्मचारियों की जिम्मेदारियों में बदलाव होगा।

# राजकीय होम्योपैथिक चिकित्सालय में लगा निशुल्क स्वास्थ्य शिविर

**81 बुजुर्गो का किया गया परीक्षण**

यूथ इंडिया, फर्रूखाबाद



नीति आयोग द्वारा चयनित महत्वाकांक्षी ब्लॉक राजेपुर की ग्रामसभा कढ़हर स्थित राजकीय होम्योपैथिक चिकित्सालय में बुजुर्गों के स्वास्थ्य संवर्धन एवं स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से निःशुल्क होम्योपैथिक चिकित्सा एवं स्वच्छता जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में बड़ी संख्या में वृद्धजनों ने पहुंचकर स्वास्थ्य परीक्षण कराया। चिकित्साधिकारी डॉ. सुरेंद्र सिंह ने कुल 81 बुजुर्गों का विधिवत स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें रोग के अनुसार होम्योपैथिक उपचार उपलब्ध कराया।

शिविर के दौरान चिकित्साधिकारी ने बुजुर्गों के वजन, ब्लड प्रेशर, हृदय गति, ऑक्सीजन स्तर और श्वसन संबंधी जांच की। इसके साथ ही उनकी स्वास्थ्य समस्याओं की जानकारी लेकर आवश्यक चिकित्सकीय परामर्श दिया गया। शिविर का उद्देश्य बुजुर्गों को उनके गांव में ही निःशुल्क स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराना और उन्हें स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना रहा।

चिकित्सा शिविर के बाद स्वच्छता जागरूकता सत्र का आयोजन किया गया। इसमें डॉ. सुरेंद्र सिंह ने ग्रामवासियों, मरीजों और उनके परिजनों को व्यक्तिगत एवं आसपास के वातावरण की स्वच्छता के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि व्यक्तिगत स्वच्छता के साथ-साथ घर, गांव और सार्वजनिक स्थानों की साफ-सफाई का सामुदायिक स्वास्थ्य पर महत्वपूर्ण प्रभाव पड़ता है। स्वच्छ वातावरण बनाए रखने से अनेक बीमारियों से बचाव में मदद मिलती है।

उन्होंने ग्रामीणों को नियमित योग एवं व्यायाम करने, पौष्टिक और संतुलित भोजन अपनाने की सलाह दी। साथ ही दैनिक भोजन में हरी पत्तेदार सब्जियां, फलियां, साग-सब्जियां, दलिया, मोटे अनाज और ताजे फलों को शामिल करने के प्रति जागरूक किया।

सर्वाधिकार स्वामी एस.एम.के प्रकाशन प्रा. लि. शिवाजी नगर भोपतपट्टी नवीन मण्डी रोड फर्रुखाबाद-209602 उ.प्र. के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक- शरद कटियार द्वारा एस.एम.के प्रकाशन प्रा. लि. शिवाजी नगर भोपतपट्टी नवीन मण्डी रोड फर्रुखाबाद 209602 उ. प्र. से मुद्रित एवं ई-417 मोतीझील, ऐशबाग लखनऊ-226004 से प्रकाशित। सम्पादक- शरद कटियार दूरभाष - 09452411978 Email-youthindiaheadoffice@gmail.com RNI No- UPHIN/2016/68199
समस्त समाचारों का चयन एवं सम्पादन हेतु T-R-V Act के अन्तर्गत उत्तरदायी समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन होंगे।